# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 03 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 179, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 288 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 288 अंक की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। } 14

## लालू ने बिहार के लोगों को दिया धोखा : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया जाना कोई छोटी गलती नहीं है और यह दलितों के प्रति अनादर की मानसिकता को दर्शाता है। } 16



# कोरोना टीकों व हार्ट अटैक में कोई संबंध नहीं

## आईसीएमआर और एम्स के व्यापक अध्ययनों से हुआ खुलासा

एजेंसी




नयी दिल्ली। कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के मामलों को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा कोविड रोधी टीकों से जोड़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोरोना वायरस रोधी टीकों और अचानक हुई मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है।

सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा था कि जल्दबाजी में कोविड टीके को हड़बड़ी में मंजूरी देना और लोगों को लगाना भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि यदि उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई हो, तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं और इसे नजरअंदाज न करें। मंत्रालय ने कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक और अस्पष्ट कारणों से मौत के मामलों की जांच की गई है और इन अध्ययनों से यह निर्णायक रूप से स्थापित हो गया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। उसने कहा कि आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

जिला संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में सीआरआई निधि से होगा 10 सेतुओं का निर्माण

लखनऊ। यूपी को बेहतर सड़क सम्पर्क वाला राज्य बनाने की दिशा में एक अहम कदम के तहत राज्य में केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना (सीआरआई) निधि से 10 पुलों का निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार के एक बयान के मुताबिक लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए एक खाका तैयार किया है, जिसके मुताबिक सेतु बनाने की 10 परियोजनाओं को 1,111 करोड़ की लागत से पूरा करने की तैयारी है।

बयान के अनुसार इस योजना के जरिए जिन सेतुओं का निर्माण होना प्रस्तावित है, उसमें मुख्य रूप से रेल ओवहरेड ब्रिज (आरओबी) और रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) प्रस्तावित हैं। इन पुलों का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही सीआरआई कोष के इस्तेमाल से मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण और उनके ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पांच देशों की यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी

- पहले चरण की यात्रा में घाना पहुंचे पीएम
- ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

एजेंसी





अक्करा (घाना)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे, जिस दौरान वह पश्चिम अफ्रीकी देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें करेंगे और मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करेंगे।

राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर घाना की यात्रा पर आए मोदी ने यहां पहुंचने पर कोटोका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर सलामी गारद का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा होगी। मोदी ने प्रस्थान के समय अपने बयान में कहा कि घाना ग्लोबल साउथ में एक महत्वपूर्ण साझेदार है तथा अफ्रीकी संघ एवं पश्चिमी अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने तथा निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विकास साझेदारी के क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खोलने के उद्देश्य से होने वाली वार्ताओं के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा हम दोनों लोकतांत्रिक देश हैं। ऐसे में घाना की संसद में संबोधन देना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। घाना से मोदी तीन से चार जुलाई तक त्रिनिदाद और टोबैगो की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। अपनी यात्रा के तीसरे चरण में मोदी चार से पांच जुलाई तक अर्जेंटीना का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के चौथे चरण में मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में वह नामीबिया जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील समेत पांच देशों की एक सप्ताह की यात्रा के लिए रवाना होते समय बुधवार को कहा कि भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स को लेकर प्रतिबद्ध है। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। बाद में मिस्र, इथियोपिया... शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### 1460 करोड़ की धोखाधड़ी में ईडी ने सीए को दबोचा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल से जुड़े 1,460 करोड़ रुपये के बैंक ज ण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन में कथित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि अनंत कुमार अग्रवाल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य की जांच के सिलसिले में 25 जून को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया था। बयान में कहा गया कि विशेष पीएमएलए अदालत ने अग्रवाल को पांच जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गोयल को इस मामले में मई में ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अग्रवाल ने गोयल की ओर से लंबे समय तक अपराध की आयै को सफेद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में इंफोसिस कर्मचारी गिरफ्तार

बेंगलुरु। बेंगलुरु के इलेक्ट्रॉनिक सिटी इलाके में स्थित इंफोफिस कंपनी के परिसर के अंदर शौचालय में महिला सहकर्मी की वीडियो बनाने के आरोप में बुधवार को 30 वर्षीय कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कंपनी के मानव संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने आरोपी स्वप्निल नागेश माली को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। महाराष्ट्र के सांगली का निवासी माली कंपनी में सीनियर एसोसिएट कंसल्टेंट है। पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार सुबह की है जब महिला ने शौचालय के बगल में परछाई और हलचल देखी। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि कुछ ही क्षण बाद उसने देखा कि माली शौचालय के बगल में खड़ा होकर मोबाइल फोन से वीडियो बना रहा था।

## इजराइल व गाजा में 60 दिन का संघर्षविराम

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर लंबी और सार्थक बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। इस दौरान हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा मुझे उम्मीद है कि पश्चिम एशिया के हितों को ध्यान में रखते हुए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, अन्यथा हालात सिर्फ और खराब ही होंगे।

# पहलगाम हमले के दोषियों को करें दंडित : क्वाड

## आतंकी वित्त पोषकों को न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान

एजेंसी



वाशिंगटन। चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद समूह क्वाड ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की साजिश रचने वालों, उसे अंजाम देने वालों और इसके वित्त पोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया तथा संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से इस संबंध में सहयोग बढ़ाने की अपील की।

चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के सदस्य देशों अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के विदेश मंत्रियों ने इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए व्यापक एजेंडा तय करने के वास्ते मंगलवार को अमेरिका की राजधानी में बैठक की। क्वाड सदस्य देशों ने 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दृढ़तापूर्वक समर्थन किया। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। हालांकि, संयुक्त बयान में मंत्रियों ने पाकिस्तान का या मई में भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकवादियों व सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से आज शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी थी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके की कड़ी घेराबंदी करने व आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है।

# कोकून की नयी दरों को कैबिनेट की मंजूरी

## सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक प्रस्ताव पर मुहर लगी है। हर साल कोकून की एमएसपी तय की जाती है। इसी क्रम में इस साल भी रेशम विभाग ने कोकून की नई एमएसपी का प्रस्ताव तैयार किया था। जिस पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगा दी है।

पिछले साल कोकून के लिए तय की गई एमएसपी में इस साल बढ़ोत्तरी की गई है, जिसके तहत उच्च क्वालिटी 'ए ग्रेड' के कोकून की कीमत को 400 रुपये प्रति किलो से बढ़ाकर 440 रुपये प्रति किलो किया गया है। बी ग्रेड के कोकून की कीमत 370 से 395 रुपये प्रति किलो की गई। सी ग्रेट के कोकून की कीमत 280 से 290 रुपये प्रति किलो की गयी। जबकि डी ग्रेट के कोकून की कीमत 230 से बढ़कर 240 रुपये प्रति किलो की गयी। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में एक ही प्रस्ताव पर मुहर लगी है, जिसमें कृषि विभाग के तहत सिल्क के कोकून की नई एमएसपी तय की गई है। हर साल कोकून की एमएसपी तय की जाती है, जिसके क्रम में इस साल भी कोकून की नई दरें तय की गई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल कोकून की दरों में बढ़ोतरी की गई है, इससे प्रदेश में सिल्क के उत्पाद को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के दो जिलों देहरादून और बागेश्वर में मुख्य रूप से कोकून का उत्पादन किया जा रहा है लेकिन सरकार के इस प्रोत्साहन से आने वाले समय में कोकून के उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के कोकून से बनी सिल्क की साड़ियों की डिमांड न सिर्फ प्रदेश में बढ़ी ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- होमस्टे नीति में 743 भवन स्वामियों का पंजीकरण (पृष्ठ-02)
- सूचना निदेशालय में मीडिया पोर्टल का शुभारम्भ (पृष्ठ-02)
- सोने में 500 रुपये की तेजी, चांदी स्थिर (पृष्ठ-14)
- आईएमएफ श्रीलंका को 35 करोड़ डॉलर देगा (पृष्ठ-14)
- रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिखायी झंडी, आज से 38 दिनों तक होंगे बाबा बर्फानी के दर्शन

# अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

एजेंसी



जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी - अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किलोमीटर) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार, इस साल की यात्रा के लिए अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मौके पर ही पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों में करीब 4,000 टोकन बांटे गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल ने उच्च सुरक्षा वाले भगवती नगर आधार शिविर में पहुंचने के तुरंत बाद पूजा की और बाद में कश्मीर में दोनों आधार शिविरों के लिए यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम के दौरान सिन्हा के साथ स्थानीय विधायक, शीर्ष अधिकारी और विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रमुख मौजूद थे। सिन्हा ने कहा मैंने भगवती नगर आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी यात्रा के तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया है। सभी आध्यात्मिक साधकों को भगवान शिव के पवित्र निवास तक सुरक्षित व आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं। यह यात्रा एक गहन आत्मिक अनुभव प्रदान करेगी। बाबा अमरनाथ से सभी के लिए शांति और आशीर्वाद की प्रार्थना की। उन्होंने कहा, पूरे देश से श्रद्धालु यहां आए हैं।

# शाहजहांपुर : डिजिटल अरेस्ट से गंवाये 1.04 करोड़, 7 गिरफ्तार

जिला संवाददाता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में प्रगतिशील किसान को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ चार लाख रुपये की ठगी की गई थी। इस साइबर ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दिल्ली का रहने वाला आरोपी एमबीए पास है।

दरअसल बीते दिनों पूर्व चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी शरद चंद्र सक्सेना को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ चार लाख 47 हजार रुपये की ठगी के मामले में सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एमबीए पास युवक समेत सात आरोपी 2 से 10 प्रतिशत कमीशन के लिए कार्य करते थे। पुलिस उनके गिरोह के सरगना की तलाश में जुटी है।

शरद चंद्र सक्सेना प्रगितशील किसान हैं। उन्हें साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट किया था। धोखाधड़ी के केस में जमानत देने के नाम पर 14 दिन तक फंसाए रखा और फिर बरी होने का प्रपत्र जारी कर मोबाइल फोन बंद कर लिए। इससे पहले उनसे रकम ट्रांसफर करा ली गई थी। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने ठगी के ट्रांसफर हुए रुपयों की जांच शुरू की। पुलिस को एक ऐसा खाता मिला, जिसके जरिये आरोपी हत्थे चढ़ गए।

C M Y K

# हरा चारा, बायोगैस ऊर्जा और पंचगव्य उत्पाद बढ़ाया जाये : श्याम बिहारी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में आज लखनऊ में संपन्न बैठक में गो संवर्धन एवं गो-आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में हरा चारा, बायोगैस ऊर्जा तथा पंचगव्य उत्पाद पर खासतौर से सदस्यों एवं विशेषज्ञों ने विचारमंथन किया।

अध्यक्ष पूर्व में यह स्पष्ट कर चुके

- **गोशालाएं उत्पादन, पोषण और आत्मनिर्भरता का केंद्र बने तो यह गोवंश के लिए क्रांति होगी**

हैं कि हरे चारे की उपलब्धता गो-सेवा की रीढ़ है। बिना पोषक आहार के गोवंश का संरक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। बैठक में यह मानक निर्धारित किया गया कि 100 गोवंशों हेतु न्यूनतम 10 एकड़ चरागाह भूमि की आवश्यकता होगी, जिससे प्रत्येक गोवंश को प्रतिदिन औसतन 5 किलो हरा चारा मिल सके। नेपियर घास, ज्वार, मकचरी, सुबबुल, ढेंचा, एवं सहजन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर हरे चारे की बुवाई की जाएगी। साथ ही, हरे चारे की सतत आपूर्ति हेतु आईजीएफआर आई झाँसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे, जिससे गोशालाओं को वैज्ञानिक और व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, बैठक में फोडर बैंक की अवधारणा पर भी विचार किया गया, जिसमें आस-पास की गोशालाओं के लिए हरा चारा संचय किया जाएगा और मौसम के अनुसार उसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

अध्यक्ष ने पूर्व में भी यह कहा है कि गोशालाओं को केवल आश्रय स्थल नहीं, बल्कि ऊर्जा उत्पादन केंद्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।इसी क्रम में बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गोबर आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना हेतु सीएसआर फंडिंग तथा जिलास्तरीय सहयोग प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे।इससे न केवल स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन संभव होगा, बल्कि गोशालाएं आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इसके साथ ही पंचगव्य से निर्मित औषधीय, कृषि और घरेलू उत्पादों के व्यापक उपयोग और प्रसार को लेकर बैठक में विशेष बल दिया गया। यह तय किया गया कि पंजीकृत गोशालाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं के बाजार तक पहुँचाने हेतु एक रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिसमें निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, ब्रांडिंग और विपणन को सम्मिलित किया जाएगा। यदि गोशालाएँ उत्पादन, पोषण और स्वावलंबन के केंद्र बनें, तो यह केवल गोवंश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण ग्रामीण भारत के पुनर्जागरण की दिशा में एक क्रांति होगी। इस कार्यक्रम की संयोजिका मीना शुक्ला रहीं, जिन्हें मुखामंत्री द्वारा प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में उनके अनूठे योगदान हेतु सम्मानित किया जा चुका है। वे गोरखपुर में प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों की जैविक खेती, जीरो बजट व रसायन-मुक्त कृषि परियोजनाओं का संचालन कर रही हैं। विगत 10 वर्षों से ग्रामीण किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उनका प्रयास सराहनीय रहा है। उनके अनुभवों एवं सुझावों से बैठक को महत्वपूर्ण दिशा मिली। साथ ही सुरेंद्र अध्यक्ष, मॉडल बायोगैस समूह एवं प्राचीन कुटीर उद्योग, नटकुर, लखनऊ, ने भी बैठक में भाग लिया। वे विगत 18 वर्षों से गोबर आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना में कार्यरत हैं तथा कन्नीज, आजमगढ़, लखनऊ, कानपुर और फिरोजाबाद सहित विभिन्न जनपदों में प्रशिक्षण कार्य कर चुके हैं।

# राजभवन में मियावाकी तकनीक से हुआ 1760 पौधों का रोपण



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में बुधवार राजभवन में मियावाकी तकनीक से पुष्प एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 1760 पौधे रोपित किए गए, जिनमें शीशम, जामुन, अमरूद, कचनार, नींबू, लेमनग्रास आदि प्रजातियों के पौधे शामिल थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि प्रेरणा और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है। उन्होंने बताया कि राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय में नया हरित भवन निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य झोपड़पट्टी एवं गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि विगत एक सप्ताह से नामांकन प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके तहत अब तक 51 बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उन्हें चॉकलेट वितरित की और एक बच्ची काव्या द्वारा प्रस्तुत कविता 'पानी अनमोल है' की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने इस पहल को सौभाग्यशाली अवसर बताते हुए कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और वृक्षारोपण को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने 'निमिया के डाल' सहित कई मधुर गीतों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मियावाकी पद्धति से यह उनका पहला पौधारोपण था और इसे उन्होंने सौभाग्य बताया।

# अवैध खनन पर रोक में मिली एआई की मदद, 21 हजार से अधिक वाहनों पर कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल किया जा रहा है और सरकार के मुताबिक इसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। राज्य में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए राज्य में एआई और आईओटी आधारित 57 चेकगेट स्थापित किए गए हैं, जो खनन में शामिल वाहनों की कड़ी निगरानी कर रहे हैं। बयान के अनुसार इन चेकगेट पर परिवहन विभाग के सहयोग से वेट-इन-मोशन तकनीक का उपयोग करके ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाया जा रहा है। अब तक 21 हजार 477 वाहनों को अवैध परिवहन के लिए प्रतिबंधित किया गया है।इसके अलावा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग गूगल अर्थ, आर्क जीआईएस और एलआईएसएस 4 उपग्रह डेटा के जरिये अवैध खनन की पहचान और नए खनिज क्षेत्रों की खोज कर रहा है। ड्रोन तकनीक का उपयोग करके खनन क्षेत्रों की लंबाई, चौड़ाई और गहराई का आकलन किया जा रहा है। ड्रोन के माध्यम से विश्लेषण के जरिए खनन की मात्रा का सटीक अनुमान लगाया जाता है, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा, भंडारित उपखनिजों का भी ड्रोन से विश्लेषण किया जा रहा है। इसके अनुसार ड्रोन की मदद से खनन योग्य क्षेत्रों का चिह्नांकन कर पट्टों का व्यवस्थापन किया जा रहा है, जिससे अधिकतम खनन योग्य क्षेत्रों का उपयोग संभव हो सके।

# योगी राज में भयमुक्त हुआ दलित : डॉ. निर्मल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती का नतीजा है कि अब यहां कोई गुंडा या माफिया किसी दलित और वंचित समाज के व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने का साहस नहीं जुटा पा रहा है। उन्होंने कहा कि दलित उत्पीडन की घटनाएं बीते सरकार की बात हो गई है। योगी ने राज्य में समतामूलक समाज को स्थापित करने के लिए केवल बयान तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने सरकारी नौकरियों में दलितों और वंचितों को उनका अधिकार दिया। विभिन्न विभागों में बिना सिफारिश के इन वर्गों को तैनाती दीं इतना ही नहीं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के साथ ही सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण विभाग में भी दलित अधि कारियों को विभागाध्यक्ष बनाया। डा. निर्मल ने कहा कि दलित समाज के मान-सम्मान और उनके स्वाभिमान को ध्यान में रखते हुए। योगी ने राज्य के कन्नौज मेडिकल कालेज और प्रतापगढ़ में बन रहे पॉलिटेक्निक कालेज का नाम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखा। इतना ही नहीं देश के हिंन्दुओं के गौरवस्थल भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के एयरपोर्ट का नाम महर्षि बाल्मीकि के नाम से रखा। उन्होंने कहा कि अब इस सरकार में दलितों का उत्पीडन करने वाले जेल की सलाखों के पीछे हैं या यूपी छोडकर दूसरे राज्यों में पलायन कर गये हैं। डॉ. निर्मल ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें लखनऊ में बन रहे विश्व स्तरीय अम्बेडकर स्मारक के निर्माण कार्य की जानकारी दी और मयमुक्त यूपी के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# लागत की नहीं, काम की चिन्ता करें : ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पंचायतों को सशक्त एवं सक्षम बनाने हेतु नेतृत्व एवं क्षमता विकास कार्यक्रम को लेकर आज पंचायतीराज विभाग एवं आईआईटी कानपुर के मध्य एमओयू उप्र के पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर की उपस्थिति में मुख्य भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षरित हुआ।

- **पंचायतीराज विभाग एवं आईआईटी कानपुर के मध्य एमओयू**

पंचायतीराज विभाग की ओर से निदेशक अमित कुमार सिंह एवं आईआईटी कानपुर के प्रो. डा. तरुण गुप्ता ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए इस अवसर पर श्राजभर ने कहा कि पंचायतों को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए नेतृत्व एवं क्षमता विकास के लिए अच्छे ढंग से कार्य किये जाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लागत की चिन्ता न किया जाये, काम की चिन्ता करें। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि इस कार्यक्रम में जो प्रशिक्षण दूसरे प्रदेशों में भेज कर कराया जाता था, वह आज हमारे प्रदेश में ही शुरू हो गया है। श्री राजभर ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधी आबादी का भी चयन हो, किसी के साथ भेद-भाव न होने पाय। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज की मन्शा के अनुसार बेहतर से बेहतर कार्य हो, हर अच्छे कार्यों में बाधा आती है किन्तु उस बाधा से ऊपर उठ कर कार्य किया जाये। जो ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अच्छे कार्य किये है। उन्हें सम्मानित भी किया जाये।

# होम स्टे नीति के तहत 743 भवन स्वामियों का पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा हाल ही में लागू की गई ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 के सकारात्मक प्रभाव सामने आने लगे हैं। इस नई नीति के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण होमस्टे इकाईयों के स्वामियों ने पंजीकरण और विकास में रुचि दिखाई है। बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 के अंतर्गत अब तक प्रदेश भर में 743 से अधिक होमस्टे और 30 एग्रो फार्म स्टे इकाइयां पंजीकृत कराई गई है।

- **इस नीति से पंजीकृत होम स्टे इकाईयों एवं एग्रोफार्म इकाईयों के बढ़ेगे आय के स्रोत एवं रोजगार के साधन : जयवीर सिंह**

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 राज्य में स्थानीय रोजगार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगी। खासकर उन क्षेत्रों में जहां अभी तक पर्यटन गतिविधियां सीमित थीं। स्थानीय लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए तैयार करने को लेकर उत्साहित हैं। इसके तहत अब प्रदेश के धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटकों को रुकने के लिए होम स्टे की आरामदेह एवं सस्ती सुविधा मिल सकेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2024 में 64.90 करोड़ पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। राज्य में बढ़ते पर्यटकों के ठहरने के लिए ज्यादा से ज्यादा कमरों की आवश्यकता होगी। उप्र0 पर्यटन विभाग का मानना है कि इसे ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 द्वारा पूरी की जा सकती है। राज्य में होमस्टे पंजीकरण में बढ़ोतरी पर्यटकों की पसंद में आए बदलाव को भी दशार्ता है। अब पर्यटक पारंपरिक होटलों की बजाय स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली से जुड़ने वाले अनुभवों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस नीति के तहत आगरा, मथुरा, वृंदावन और प्रयागराज जैसे प्रमुख स्थलों पर होमस्टे इकाइयों की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। मथुरा के जैत गांव, जो तुलसी की मालाओं के हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है, वहां भी सांस्कृतिक अनुभवों से जुड़े होमस्टे और फार्म स्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की मेजबानी में होमस्टे इकाइयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी प्रकार, घूरपुर, श्रृंगवेरपुर और गढ़ा कटरा जैसे क्षेत्र अब होमस्टे हब बनकर उभरे हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चल रही हैं। पर्यटक अब न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं बल्कि स्थानीय संस्कृति, खानपान और जीवनशैली से भी जुड़ रहे हैं। घूमने आए सैलानी अब पारंपरिक होटलों की बजाय ऐसे निवास स्थलों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जहां वे स्थानीय लोगों के साथ रहकर उनके व्यंजन, बोली और जीवनशैली को नजदीक से देख-समझ रहे हैं।

# बसपा ने की प्राथमिक विद्यालयों के विलय संबंधी कदम की आलोचना

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने बेसिक शिक्षा परिषद के तहत प्राथमिक विद्यालयों का विलय करने या उन्हें समेकित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के कदम की बुधवार को कड़ी आलोचना की। मायावती ने आरोप लगाया कि इस फैसले से गरीब बच्चों को नुकसान होगा। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस निर्णय को अनुचित, गैर-जरूरी एवं गरीब-विरोधी करार दिया और कहा कि इस कदम से आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के करोड़ों बच्चे अपने घरों के पास सुलभ और सस्ती शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के युग्मनाकीकरण की आड़ में बहुत सारे विद्यालयों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है वह गरीब बच्चों के हित में नहीं है। उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपना यह फैसला वापस नहीं लेती है तो राज्य में बसपा की सरकार बनने पर इस फैसले को रद्द करके पुनः पुरानी व्यवस्था बहाल की जायेगी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि उम्मीद है कि राज्य सरकार गरीबों व आमजन की शिक्षा के व्यापक हित के मद्देनजर इस फैसले को बदलने के बारे में जरूर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार ने शैक्षणिक संसाधनों को युक्तिसंगत बनाने और कम नामांकन, शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे के दोहराव जैसे मुद्दों को दूर करने के प्रशासनिक प्रयास के तहत स्कूल विलय नीति शुरू की है। अधिकारियों का दावा है कि इस कदम का उद्देश्य छोटे और कम नामांकित विद्यालयों को समेकित करना और उनका विलय नजदीकी संस्थानों में करना है।

# धर्म और जाति के नाम पर लड़ाती है भाजपा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आये कार्यकर्ताओं, नेताओं से मुलाकात की, सभी ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी। अखिलेश यादव ने सभी का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कल भी बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई और आशीर्वाद देने के साथ सहयोग दिया।

- **सपा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को किया सम्बोधित**

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अहंकार में है। उसे सरकार का अहंकार है। भाजपा से सावधान रहना है। वह जातियों में नफरत घोलना चाहती है। समाज को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाती है। विपक्षी दलों को बदनाम करने के लिए झूठा प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, मजदूरों सभी को धोखा दे रही है। इस सरकार ने कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य सब कुछ बर्बाद कर दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा झूठे वादे और नारे देकर जनता को गुमराह करती है। भाजपा नारा विकसित भारत का देती है लेकिन गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में सुविधाएं नहीं है। कहीं डॉक्टर नहीं, कहीं दवाएं और जांच की सुविधा नहीं है। इस सरकार में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। सरकार ने जानबूझकर शिक्षा को बर्बाद किया है। निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकार षडयंत्र के तहत प्रदेश में 5 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर रही है। ये वही विद्यालय है, जिन्हें चुनाव के दौरान बूथ बनाया गया था और भाजपा लगातार हार रही है। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। अगर इतनी बड़ी संख्या में विद्यालय बंद हो जाएंगे तो गरीब बच्चे कहां पढ़ेंगे। बेटियां दूर के स्कूल में कैसे पढ़ने जाएंगी। वहीं अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखीमपुर खीरी के विधानसभा धौरहरा क्षेत्र के लुधौनी से लखनऊ तक पदयात्रा कर आये लोगों ने सपा के मुख्यालय में अखिलेश यादव से मुलाकात की। पदयात्रा के संयोजक आदर्श यादव और शुभम यादव रहे। पदयात्रा में रितिक यादव, सत्येन्द्र यादव, अर्नव यादव, राम भार्गव, रिषभ यादव, निशांत यादव, कमल भार्गव, सचिन यादव, सौरभ यादव, कौशल भार्गव, अजीत यादव, दयाशंकर यादव, सूरज यादव संदीप राजपूत, शिवशंकर यादव आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद अजेन्द्र लोधी, विधायक मनोज पारस आदि मौजूद रहे।

# यूपी में सेन्ज्री यूनिवर्सिटी के कैंपस स्थापना की दिशा में अहम पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से सेन्ज्री यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल से वर्चुअल माध्यम (जूम बैठक) के माध्यम से संवाद किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय का कैंपस खोलने की संभावनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। मंत्री उपाध्याय ने प्रतिनिधियों को बताया कि योगी सरकार ने नीतिगत सुधारों, अधोसंरचना विकास और निवेश-हितैषी वातावरण तैयार करने में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, जहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालयों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सेन्ज्री यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया कि वे उत्तर प्रदेश आकर अधिकारियों से बैठक करें।

- **उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित कर प्रदेश में बैठक के लिए दिया न्योता**

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही राज्य में उपलब्ध हो, जिससे उन्हें अन्य राज्यों या विदेश जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों की भागीदारी से प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य सशक्त होगा।

# समूहों की 18.08 लाख दीदियां, लखपति दीदी की श्रेणी मे पहुंची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने समूहों की दीदियों को रोजगार देने को अभियान के तौर पर लिया गया और आज समूहों की 18.08 लाख दीदियां लखपति दीदी की श्रेणी मे पहुंच गयी हैं, इस योजना के क्रियान्वयन मे उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों की श्रेणी मे पहुंच गया है। लखपति महिला के लक्ष्य की प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए समन्वय समिति का गठन किया गया, जिससे अंतर्विभागीय अभिसरण सुनिश्चित किया गया। यह समन्वय समिति केंद्र, राज्य, जनपद एवं विकासखंड स्तर पर गठित की गई है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन एवं निरंतर समीक्षा के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने गत वर्ष में स्वयं सहायता समूह में जुडी 75 लाख स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को ग्रामीण विकास मंत्रालय के लखपति दीदी एप पर आय के स्त्रोतों के सर्वे का कार्य पूर्ण किया गया। इस सर्वे कार्य में पूरे देश में उत्तर प्रदेश अग्रणी रहा। महिलाओं की आय वृद्धि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बैंक ऋण, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं आजीविका सम्बंधित मूल्य वृद्धि इत्यादि द्वारा करवाया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे कृषि आजीविका, गैर कृषि आजीविका, टेक होम राशन प्लांट, बैंक सखी, विद्युत सखी आजीविका सखी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, महिलाओं की मूल्य वृद्धि श्रृंखला (वैल्यू चेन डेवलपमेंट) की कंपनियों एजिनमें दुग्ध विकास से सम्बन्धित ब मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों महिलाओं की हस्तशिल्प कंपनियों, एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, पंचायती राज, उद्यान विभाग, कृषि विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से कार्य करते को आजीविका के अवसर एवं स्त्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की आय में सतत वृद्धि करवाई जा रही है एवं त्वरित गति से लखपति महिला बनने की दिशा की ओर मिशन अग्रसर है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार की लखपति महिला योजना के अंतर्गत पूरे देश में 3 करोड़ स्वयं सहायता समूह सदस्यों को वार्षिक पारिवारिक आय को रुपये 1 लाख या अधिक करने का लक्ष्य है।

# प्रशासनिक सेवा में दूसरों के लिए सोचने और कार्य करने का मिलता है मौका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों का उत्तर प्रदेश प्रशासनिक परिवार में हार्दिक स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा दूसरों के लिए सोचने और कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। सरकार अधिकारियों को आत्म-मूल्यांकन और विवेकपूर्ण निर्णय लेने की स्वतंत्रता देती है। इस सेवा में चुनौतियों के साथ व्यापक अनुभव प्राप्त करने का मौका भी मिलता है।

- **मुख्य सचिव से 2022 एवं 2023 बैच के 45 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों ने भेंट की**

मुख्य सचिव बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह सेवा दूसरों का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए है। स्वयं का मनोबल ऊंचा रखते हुए जनता के लिए अधिकतम कार्य करें, इससे आपकी टीम भी नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। दूसरों की सेवा से आत्म-संतुष्टि और उपलब्धि की अनुभूति होती है, जो अन्य किसी सेवा में नहीं मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने और नवीनतम तकनीक से स्वयं को अपडेट रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन सबसे बुनियादी और महत्वपूर्ण सेवा है, जिसमें अधिकारियों का सीधा जुड़ाव जनता और उनकी समस्याओं से होता है। जमीन से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कार्य करना होगा। समस्याओं के समाधान के लिए ज्यादा पढ़ना होगा और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।



उन्होंने बताया कि सरकार का मुख्य ध्यान रोजगार और निवेश पर है। अधिकारियों को अपने क्षेत्र में उद्यम और व्यवसायों को प्रोत्साहित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य हैए जहां सीडी रेशियो को मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

परंपरागत कृषि तकनीकों में सुधार और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है ताकि बेहतर पैदावार हो सके। उन्होंने अधिकारियों को नई तकनीक सीखने और इसे किसानों तक पहुंचाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश 22 प्रतिशत शहरीकृत है, और शहरीकरण को बढ़ावा देना अर्थव्यवस्था, रोजगार और प्रगति के लिए आवश्यक है। इस दिशा में भी कार्य करना होगा। महिला एवं बाल विकास को प्राथमिकता देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिए टेक होम राशन (टीएचआर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विकसित भारत की परिकल्पना स्वस्थ और शिक्षित नागरिकों पर निर्भर है। अधिकारियों को अन्य कार्यों के साथ.साथ महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों पर भी ध्यान देना होगा। इससे पूर्व प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपना परिचय दिया और अपने फील्ड ट्रेनिंग के अनुभवों को साझा किया।

# मंत्री ने पांच नयी बसों को किया रवाना

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार नागरिकों के लिए लगातार आधारभूत सुविधाओं को विकसित कर रही है। सड़क के साथ आवागम के साधन को और बेहतर कर सरकार नई बसों का संचालन भी कर रही है। यह बातें प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रोडवेज बस स्टैंड सरायमीरा, कन्नौज से ग्रामीण सेवा की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय कहीं। असीम अरुण ने इस अवसर पर कहा कि बेड़े में जो नई बसें शामिल होंगी, उसमें से पांच वातानुकूलित बसें होंगी। अब ग्रामीण क्षेत्रों से होकर भी प्रदेश के अलग अलग जनपदों में लोग यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज कन्नौज से 5 साधारण नई बसो का संचालन शुरू किया गया है। यह बसे कन्नौज, फरूर्खाबाद, बरेली, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, इटावा आदि जनपदों के लिए संचालित की गई हैं। आगामी दिवस में कन्नौज डिपो को 18 नई बसें प्राप्त होंगी।

# यूपी सरकार पारंपरिक उद्योगों को दे रही वैश्विक पहचान : राकेश सचान

**लखनऊ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की उपस्थिति में खादी भवन स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा पैरागुए के लिए नामित राजदूत डॉ. पीयूष सिंह (संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय) को उत्तर प्रदेश सरकार की डैडम, खादी, रेशम और हथकरघा क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख योजनाओं, नीतियों और नवाचारों पर आधारित एक प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री हस्तशिल्पी समृद्धि योजना, तकनीकी उन्नयन एवं ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति जैसे योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. पीयूष सिंह के माध्यम से भारत और पैरागुए के बीच खादी, वस्त्र, हस्तशिल्प और रेशम जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। राजदूत डॉ. पीयूष सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत योजनाओं और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की डैडम नीति में नवाचार, गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उद्योगों को तकनीक और मार्केट एक्सेस से जोड़ने का कार्य प्रशंसनीय है और यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। उन्होंने पैरागुए में उत्तर प्रदेश के उत्पादों के प्रचार-प्रसार और विपणन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# एलडीए की योजनाओं में जमीनों के दाम बढ़ेंगे

## व्यावसायिक भूखण्डों की दरों में होगा इजाफा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक अगस्त से डीएम सर्किल रेट बढ़ने पर एलडीए की विभिन्न योजनाओं की सम्पत्तियों में जमीनों की कीमतें बढ़ सकती हैं। प्राधिकरण उन कालोनियों में जमीनों के दाम बढ़ायेगा जहां की दरें डीएम सर्किल रेट से कम होंगी। नए रेट लागू होने पर प्राधिकरण क्षेत्र में आशियाना बनाने वालों को ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ सकती है। डीएम सर्किल रेट का सबसे अधिक असर प्राधिकरण की सभी योजनाओं में स्कूल, नर्सिंग होम, सामुदायिक सुविधा के लिए आरक्षित भूखण्डों पर पड़ेगा। हालांकि एलडीए का कहना है कि वह अपनी सम्पत्तियों का सेक्टर रेट नहीं बढ़ाएगा। इससे डीएम सर्किल रेट में प्रस्तावित बढ़ोत्तरी का असर प्राधिकरण की उन सम्पत्तियों की कीमत पर नहीं पड़ेगा।

एलडीए ने वर्ष तीन साल पहले लैंड रिवीजन कमेटी की संस्तुति पर नई कीमतें लागू की थीं। वर्तमान में एलडीए से जिन कालोनियों को नगर निगम को हस्तान्तरित किया गया है तथा उन योजनाओं में प्राधिकरण की व्यावसायिक भूमि रिक्त है। ऐसी सभी योजनाओं में डीएम से प्रभावी सर्किल दर के 2 गुने दर पर व्यावसायिक सम्पत्तियों का मूल्यांकन किया जाता है। इस दशा में अब जबकि डीएम सर्किल रेट में 25 से 35 प्रतिशत तक का इजाफा होना है, लिहाजा एलडीए की व्यावसायिक संपत्तियों की दरें भी दो गुना की दर पर बढ़ जाएंगी।




### अभी इस तरह रेट है निर्धारित

- 18 मीटर चौड़े सड़क होने पर पीएलसी (प्राइम लोकेशन चार्ज) नहीं ली जायेगी। गोमती नगर विस्तार में डीएम सर्किल दरों के अनुसार 9 मीटर से अधिक 12 मीटर से कम तक 33000 रुपये वर्ग मीटर, 12 मीटर से अधिक 18 मीटर से कम 34500 रुपये प्रति वर्ग मीटर तथा 18 मीटर एवं 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर 38000 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित है। जो योजनाएं नगर निगम को हस्तान्तरित नहीं हैं, तथा प्राधिकरण की दर जिलाधिकारी से निर्धारित दर से कम हैं उन योजनाओं में भी आवासीय भूमि डीएम सर्किल दर पर तथा व्यवसायिक भूमि 2 गुने दर तथा ग्रुप हाऊसिंग, कार्यालय, होटल, नर्सिंग होम आदि के लिए सर्किल दर का 1.5 गुना है। ऐसे में अगले महीने से डीएम सर्किल रेट बढ़ने पर व्यावसायिक संपत्तियों का रेट बढ़ना तय है।

### नयी योजनाओं की कीमतों पर पड़ सकता है असर

- सुल्तानपुर रोड पर आईटी सिटी, वेलनेस सिटी और सीतापुर रोड पर बीकेटी, आई आईएम रोड पर प्रबंध और आगरा एक्सप्रेस-वे के पास उद्योग नगर योजना लाने वाला है। यहां जमीन लैंडपूलिंग पर ली जा रही है। इसके बाद अगर एलडीए जमीन अधिग्रहित करता है। तो बढ़ी दर पर मुआवजा देने से योजनाओं पर आने वाली लागत बढ़ सकती है। हालांकि एलडीए का दावा है कि लैंडपूलिंग में किसानों को डीएम सर्किल से रेट से कई गुना ज्यादा फायदा हो रहा है। जिससे योजना की लागत पर ज्यादा असर नहीं आएगा क्योंकि जमीन किसान निःशुल्क देते हैं।

### एलडीए नहीं बढ़ायेगा सम्पत्तियों का सेक्टर रेट

लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी सम्पत्तियों का सेक्टर रेट नहीं बढ़ाएगा। इससे डीएम सर्किल रेट में प्रस्तावित बढ़ोत्तरी का असर प्राधिकरण की उन सम्पत्तियों की कीमत पर नहीं पड़ेगा, जिनमें प्राधिकरण आरक्षित सेक्टर रेट के मुताबिक मूल्यांकन करता है। इसी तरह प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में निर्मित अपार्टमेंट्स की कीमतें भी नहीं बढ़ेंगी। क्योंकि प्राधिकरण बोर्ड के निर्णय के अनुसार फ्लैटों की दरें पहले से ही एक वर्ष तक के लिए फ्रीज की गयी हैं। एलडीए के अधिकारी का कहना है कि प्रशासन ने वर्ष 2015 के बाद अब डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार कराया है। जिसके लागू होने से शहर की कई कालोनियों में सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि होगी। लेकिन, प्राधिकरण की नव सृजित अनंत नगर आवासीय योजना के भूखण्डों की कीमत पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्राधिकरण उक्त योजना में अपने पूर्व निर्धारित सेक्टर रेट के अनुसार ही सम्पत्ति का आवंटन करेगा। प्राधिकरण बोर्ड की ओर से पारित प्रस्ताव के अनुसार पहले आओ-पहले पाओ योजना के अंतर्गत बेचे जा रहे फ्लैटों की कीमतों को एक वर्ष के लिए फ्रीज किया गया है। ऐसे में डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी होने के बाद भी प्राधिकरण की ओर से उक्त फ्लैटों की कीमतें नहीं बढ़ायी जाएंगी।

# गोमती नगर में बनेगा लखनऊ का पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क



विशेष संवाददाता (vol)

- प्रथम चरण में 14 करोड़ रुपये से 25 एकड़ क्षेत्रफल में किया जायेगा विकसित
- देसी व प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए विकसित की जायेगी वॉटर बॉडी

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर में 75 एकड़ जमीन पर गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित करेगा। यह शहर का पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क होगा। पार्क में पाथ-वे, प्ले-एरिया, वॉच टॉवर के अलावा पक्षियों को आकर्षित करने के लिए वॉटर बॉडी विकसित की जाएगी। साथ ही छात्र-छात्राओं को जैव विविधता से रूबरू कराने के लिए नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने लीज पर दी गयी ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन वापस ले ली है। उक्त जमीन पर कुछ स्थानों पर अवैध अतिक्रमण व कूड़ा डम्प है, जिसे अभियान चलाकर हटाया जा रहा है। यहां दिल्ली में यमुना नदी के किनारे बने यमुना बायो-डाइवर्सिटी पार्क की तर्ज पर गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित किया जाएगा। पार्क के निर्माण के लिए टेंडर कराकर कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। इसी महीने स्थल पर विकास कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में दयाल पैराडाइज चौराहे से जनेश्वर मिश्र पार्क, गेट नंबर-5 के मध्य लगभग 25 एकड़ क्षेत्रफल में पार्क विकसित किया जाएगा। जिसमें लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसमें बाउन्ड्रीवॉल, पार्किंग, इंट्री गेट, ऑफिस, पाथ-वे, किड्स प्ले-एरिया व वॉच टॉवर आदि बनाये जाएंगे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नदी के बेसिन में पाये जाने वाले पौधों की विभिन्न प्रजातियां, जो वर्तमान में विलुप्त होने की कगार पर हैं।

### पक्षियों को आकर्षित करेगा पार्क

बायो-डाइवर्सिटी पार्क को पक्षियों के प्राकृतिक निवास के लिहाज से तैयार किया जाएगा। इसके लिए जरूरी है कि पक्षियों को यहां हर मौसम में पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध हो। इसके लिए पार्क में एक फलदार बाग के साथ ही मेडिसिनल व बटरफ्लाई गार्डेन तैयार कराया जाएगा, जिससे कीट-पतंगे व अन्य छोटे जीव यहां पनप सकेंगे। पार्क में लैंड स्केपिंग का कार्य भी कराया जाएगा, जिनमें घास व हर्ब प्रजाति के पौधे लगाकर नेचुरल लुक दिया जाएगा।

### नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जायेगा

पार्क में एनआईसी (नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर) बनाया जाएगा। सेंटर में फील्ड बायोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी, जो पार्क में घूमने आने वाले छात्र-छात्राओं को पौधों, पक्षियों, जीव-जंतुओं एवं कीट-पतंगों आदि की जानकारी देते हुए जैव विविधता से रूबरू कराएंगे। जिससे यह पार्क ईको-टूरिज्म के साथ ही शैक्षिक दृष्टि से भी अहम स्थान साबित होगा।

# साधारण बसों में भी होगा रिजर्वेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अब साधारण बसों में भी आनलाईन सीट बुकिंग करने की तैयारी कर रहा है जल्द ही लम्बी दूरी कि साधारण बसों में यात्रियों को सीट आरक्षित करने का मौका मिलेगा। ये बाते परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय प्रबन्धकों, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को प्रदेश की जनता को आरामदायक, सुरक्षित और समय से परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

संचालित लम्बी दूरी की लगभग 24 सौ साधारण बस सेवाओं को आनलाइन आरक्षण करने के लिए परिवहन निगम की पोर्टल से जोडने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो जायेगी। इसके बाद जल्द ही यह व्यवस्था लागू हो जायेगी। निगम द्वारा संचालित सभी रूटों पर ऑनलाइन आरक्षण व्यवस्था शुरू करने की योजना पर तेजी से कार्यवाही चल रही है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा 24 फरवरी, 2022 से यात्रियों के लिए ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल पर कार्य हो रहा है। अपर प्रबन्धक निदेशक ने बताया कि यदि किसी कारणों से संचालन स्थगित होता है या परिवर्तन होता है तो सभी क्षेत्रीय प्रबन्धकों का यह दायित्व होगा कि यात्रियों को इसकी सूचना 2 घण्टा पूर्व उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था निश्चित की जाती है कि कोई भी ऑनलाइन सेवा जिसमें पीक सीजन में 16 अप्रैल से 15 जुलाई में 50 प्रतिशत या अधिक बुकिंग हो तथा लीन सीजन में दीपावली, ईद उल अजहा, ईद उल फित्र, छठ व गंगा स्नान पर्वो के 1 सप्ताह पूर्व व बाद तक को पीक सीजन की भाँति मानकर 40 प्रतिशत सीटें बुकिंग होने पर निरस्तीकरण की स्थिति में प्रत्येक प्रकरण में जिम्मेदारी निश्चित किया जाना बाध्यकारी होगा।

अपर प्रबंध निदेशक ने निदेशों के क्रम में बताया कि यदि किसी अपरिहार्य कारण से किसी सेवा को संचालित किया जाना सम्भव नहीं है तब सम्बन्धित सक्षेप्र डिपो को उपलब्ध कराये गये सिस्टम जनरेटेड लॉग इन आईडी तथा पासवर्ड के माध्यम से उस सेवा के निरस्तीकरण के लिए उपलब्ध कराये गये है।

# नगर निगम कार्यकारिणी विवाद में शहर का विकास कार्य ठप

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा नगर, महापौर व पार्षदों के बीच चल रहा त्रिकोणीय संघर्ष

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी के रिटायर छह सदस्यों का चयन न होने से शहर का विकास कार्य ठप हो गया है। मानूसन में जन समस्याओं से जनता परेशान हो रही है। वित्तीय वर्ष के तीन माह हो चुके हैं मगर विकास कार्य बजट से बाहर नहीं आ पा रहा है। कार्यकारिणी के गठन का विवाद अब विकास कार्यों के लिए बाधा बन गया है। हाल यह है कि जर्जर और टूटी पुलिया व क्रॉसिंग की मरम्मत के लिए 10.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव मंजूरी के इंतजार में है।

नगर निगम कार्यकारिणी का गठन न होने से नीतिगत निर्णय और विकास कार्यों में देरी हो रही है, क्योंकि कार्यकारिणी, जो निर्वाचित पार्षदों से बनी होती है, महत्वपूर्ण निर्णय लेने और योजनाओं को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह समिति विभिन्न विकास योजनाओं, नीतियों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर विचार-विमर्श और अनुमोदन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यकारिणी के अभाव में, इन कार्यों में देरी हो सकती है या निर्णय लेने की प्रक्रिया बाधित हो सकती है, जिससे विकास कार्यों में रुकावट आ सकती है। मगर एक जून से कार्यकारिणी अधूरी है। रिटायर हो चुके छह सदस्यों के चयन में त्रिकोणीय संघर्ष है। नगर निगम ने शहर की पुलिया और क्रॉसिंगों की मरम्मत के लिए व्यापक योजना बनाई थी, जिसमें बारिश से पहले कार्य शुरू होना था। सड़कों पर बारिश का पानी भर रहा है, पुलिया धंस रही हैं। इनकी मरम्मत का बजट भी है लेकिन काम नहीं हो रहा है। कार्यकारिणी ही बजट को पास करने की अनुमति देती है लेकिन अधूरी कार्यकारिणी की वजह से बैठक नहीं हो पा रही है। पार्षद जन समस्याओं के लिए आम सदन बुलाने की मांग कर रहे हैं। कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव को लेकर त्रिकोणीय संघर्ष चल रहा है। भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की ओर छह पार्षदों के नाम महापौर को भेज दिए गए हैं लेकिन कार्यकारिणी में 5 नाम ही भेजे जाने हैं। समस्या यह भी सामने आ रही है कि भाजपा ने जो नाम भेजे हैं उनके मेयर के खेमे का एक भी पार्षद नहीं है। इस तरह से भाजपा नगर अध्यक्ष, मेयर और पार्षदों के त्रिकोणीय संघर्ष के बीच कार्यकारिणी उलझ कर रह गई है। इस विवाद के चलते कार्यकारिणी की बैठक दो बार स्थगित करना पड़ा है।

तिलक नगर में तीन दिन पहले एक कार टूटी पुलिया से फिसलकर नाले में जा गिरी। स्थानीय निवासियों की मदद से उसे बाहर निकाला जा सका, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। लखनऊ में लगभग 500 से अधिक पुलिया व क्रॉसिंग जर्जर स्थिति में हैं। पार्षद भी सवाल उठाने लगे हैं कि पांच नाम न होने से दूसरे वार्डों की भी उपेक्षा हो रही है। उनका यही कहना है कि कुछ चंद लोगों के अपने रसूख के चलते विकास कार्य बाधित हो रहा है।

## काकोरी में 02 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि लखन कुमार, वीरू व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम-समदा में लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह मनोज रावत व अन्य की ओर से ग्राम-समदा में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय की ओर से वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। इस दौरान निजी विकासकर्ताओं की ओर से स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

## जल निगम नगरीय को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी के सेकंड इनिंग सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मौजूद जल निगम के एमडी आर के पांडेय, जॉइंट एमडी प्रवीन कुमार लक्ष्याकार समेत अन्य अधिकारियों ने विभाग को नई दिशा और नई ऊंचाइयों पे ले जाने के बारे में संबोधित किया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जल निगम नगरीय अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि विभाग में मेरी सेवा को लगभग चालीस साल देते हुए मैंने पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम किया और पूरा प्रयास किया विभाग हमेशा तरक्की के रास्ते पे चले। इसके साथ ही उन्होंने मौजूद विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि विभाग के सभी लोगों का बहुत सहयोग मिला तथा सभी लोगों के प्रयास से छोटी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए विभाग हमेशा आगे बढ़ता गया इसके साथ ही कामना करता हूं कि जल निगम नगरीय असमान की तरह प्रगाढ़ हो।

## मांगें पूरी न होने से जलकल कर्मी नाराज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जलकल कर्मचारी समन्वय समिति के बैनर तले जलकल विभाग में बढ़ती कर्मचारी समस्याओं, अनियमितता, भ्रष्टाचार के दृष्टिगत जन जागरण, गेट मीटिंग, कर्मचारी संबोधन का कार्यक्रम जोन-8 जलकल विभाग कार्यालय के समक्ष किया गया। कार्यक्रम जोन वार समस्त जलकल विभाग में प्रतिदिन किया जाएगा। यदि जलकल महाप्रबंधक की ओर से समन्वय समिति की 25 सूत्री मांग पत्र पर 7 दिवस के अंदर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। एक बड़े आंदोलन को करने के लिए उत्तर प्रदेश जलकल कर्मचारी समन्वय समिति विवश होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाप्रबंधक की स्वयं होगी। जनजागरण अभियान में मुख्य रूप से सर्वश्री तूफानी, संतराम, सैयद मुख्तार, नितिन त्रिवेदी, शानू आलम, सोनू धानुक, शैलेश धानुक, हरेश कुमार, संदीप अवस्थी, आकाश कुमार गुप्ता, रुदल राजभर, शिवशंकर भारती, ऋषि कुमार, कल्पना धानुक, आशीष कुमार, दीपक पाल, रणजीत सिंह, मनोज नायक आदि साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 'गूंज' शहर और गांवों के बीच एक सेतु

## भारत के 23 राज्यों में गूंज का सामाजिक सेवा का विस्तार, लोगों से सहयोग की अपील

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत में सामाजिक बदलाव की दिशा में कार्य कर रही गैर-सरकारी संस्था गूंज आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। यह संस्था शहरों में अनुपयोगी हो चुके वस्त्रों, घरेलू सामानों और अन्य उपयोगी सामग्रियों को एकत्र कर उन्हें गांवों और जरूरतमंद समुदायों तक पहुंचाने का कार्य करती है। गूंज का प्रयास न केवल सामुदायिक विकास को गति देता है, बल्कि समाज में एकजुटता और सहयोग की मिसाल भी पेश करता है।

गूंज का कार्य शहरों और गांवों के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में सामने आता है। जहां एक ओर शहरों में लोग अपनी वस्तुएं अनुपयोगी समझकर त्याग देते हैं, वहीं वही वस्तुएं ग्रामीण क्षेत्रों में किसी जरूरतमंद की जिंदगी को संवार सकती हैं। गूंज इन्हीं वस्तुओं को एकत्र कर ससम्मान और व्यवस्थित तरीके से जरूरतमंदों तक पहुंचाता है। गूंज केवल वस्त्र या सामान वितरित करने तक सीमित नहीं है। संस्था आपदा राहत कार्यों, मानवीय सहायता और सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। चाहे बाढ़ हो, सूखा हो या अन्य प्राकृतिक आपदा – गूंज हर बार अग्रिम पंक्ति में खड़ा नजर आता है। आज गूंज का कार्यक्षेत्र 23 राज्यों में फैला हुआ है। हर राज्य में स्थानीय जरूरतों के अनुसार गूंज अपनी योजनाएं संचालित कर रहा है। गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका के क्षेत्र में संस्था के प्रयासों ने सकारात्मक बदलाव लाए हैं। गूंज ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों में रखे अनुपयोगी कपड़े, बर्तन, खिलौने, किताबें, स्टेशनरी और अन्य उपयोगी सामग्री संस्था के निर्धारित कैंपों पर लाकर जमा करें। आपका छोटा सा योगदान किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। गूंज द्वारा विभिन्न इलाकों में सामूहिक संग्रहण शिविर (कैंप) लगाए जा रहे हैं, जहां लोग अपनी वस्तुएं देकर इस सामाजिक आंदोलन का हिस्सा बन सकते हैं। अधिक जानकारी और शिविरों के स्थान जानने के लिए गूंज की आधिकारिक वेबसाइट या स्थानीय प्रतिनिधियों से संपर्क किया जा सकता है।

# नगर निगम में दस हजार से ज्यादा श्वान पालक

## चलेगा पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान, बिना लाइसेंस श्वान पालकों पर होगी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के पशु कल्याण विभाग की ओर से इस माह शहरभर में पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों और बिना लाइसेंस श्वान पालकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया गया है। साथ ही, पिछले वर्ष की तुलना में पंजीकृत श्वानों की संख्या में आई गिरावट भी इस कार्रवाई का प्रमुख कारण बनी है।

नगर निगम के अनुसार वर्तमान में केवल 1450 पेट डॉग लाइसेंस ही बनाए गए हैं, जबकि अनुमानित तौर पर 10,000 से अधिक लोग श्वान पालन कर रहे हैं।

यह संख्या नगर निगम के रिकॉर्ड और हकीकत के बीच के बड़े अंतर को दर्शाता है, जिससे पशु कल्याण विभाग चिंतित है। बिना लाइसेंस श्वान पालन करने वालों के विरुद्ध नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है।

नियमों के अनुसार, बिना लाइसेंस श्वान पालने पर 50 रुपये प्रति दिन विलंब शुल्क देना होगा जो कि अधिकतम 5000 रुपये तक हो सकता है। इसके अलावा, यदि चेकिंग के दौरान बिना लाइसेंस कुत्ता पकड़ा गया तो पालक से 5000 रुपये तक जुर्माना वसूला जाएगा और विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है।

श्वान पालकों के लिए यह जरूरी है कि वे तुरंत अपना पेट डॉग लाइसेंस बनवाएं। यह प्रक्रिया लखनऊ नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा सकती है। इसके साथ ही ऑफलाइन मोड में भी लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। कहा कि देसी श्वानों का लाइसेंस शुल्क 200 रुपये प्रति वर्ष तथा विदेशी नस्ल के श्वानों के लिए 1000 रुपये प्रति वर्ष निर्धारित है। यह लाइसेंस वित्तीय वर्ष के अंत तक वैध रहता है, और इसका हर वर्ष नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

शहर के सभी श्वान पालकों से अपील की गई है कि वे नगर निगम के दिशा-निदेशों का पालन करें और अभियान से पहले लाइसेंस बनवाएं। लाइसेंस प्रक्रिया या किसी भी अन्य जानकारी के लिए जयंत सिंह मोबाइल नंबरः 9511156792 से संपर्क किया जा सकता है।

## आवास विकास ने पीजीआई को एसएसीए पीड़ितों के लिए मशीन दी

**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद मुख्यालय में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह व संजय गांधी पीजीआईएमएस में कार्डियोलॉजी के प्रमुख प्रोफेसर आदित्य कपूर की मौजूदगी में एईडी यानी ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर स्थापित की गई। इस मशीन के स्थापित होने पर एससीए पीड़ितों को बचाया जा सकता है। आवास आयुक्त ने कहा कि सीपीआर एक सरल जीवन रक्षक कौशल है और इसे आसानी से सीखा जा सकता है। कार्यक्रम में परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, अपर आवास आयुक्त डॉ. विपिन कुमार जैन, उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा और आईसीआईसीआई बैंक के धीरज, तरुण और क्षितिज ने हिस्सा लिया।

# अध्यापक हमारा भविष्य बनाते है : बिभूति आर प्रधान

## खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में रेस्ट रूम का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में इंडियन आयल कारपोरेशन के अधिशासी निदेशक कार्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली बिभूति आर प्रधान द्वारा अतुल कपूर सामान्य प्रबंधक इंडियन ऑइल यूपीएसओ-1 की उपस्थिति में निर्मित रेस्ट रूम का बुधवार को लोकार्पण हुआ।

छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साफ सुथरे व्यवस्थित आधुनिक शौचालय की आवश्यकता को देखते हुए महाविद्यालय द्वारा इंडियन ऑयल के सीएसआर विभाग से निर्माण के लिए प्रयास हुआ था। इंडियन ऑयल द्वारा निर्मित मजबूत शौचालय लोकार्पण के साथ महाविद्यालय को दिया गया, जिसके लिए महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंशु केडिया द्वारा इंडियन ऑयल को धन्यवाद ज्ञापित किया। इंडियन ऑयल के नितिन वशिष्ट, उप सामान्य प्रबंधक सीएसआर कार्पोरेट कार्यालय, सुनील कुमार समीर सामान्य प्रबंधक इंजीनियरिंग, चंद्र मणि राय मुख्य प्रबंधक इंजीनियरिंग, बीएल पाल मुख्य प्रबंधक, मानव संसाधन, उप्र, मोहम्मद आमीन प्रबंधक इंजीनियरिंग उप्र उपस्थित रहे। साथ में सभी अतिथियों के द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए आम के पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्या डॉ अंशु केडिया एवं कार्यालय स्टाफ ने समस्त अतिथियों का स्वागत शॉल एवं पुष्पगुच्छ से किया। कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख उप्र राज्य कार्यालय- 1 इंडियन ऑयल निदेशक, नई दिल्ली विभूति आर. प्रधान ने अपने उदबोधन में छात्राओं के बीच अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि कभी बचपना नहीं खोना चाहिए, पानी का बरसना, मिट्टी की महक हमे गांव के बचपन की याद दिलाती है, संसार में माता पिता के अलावा अगर कोई हमारे भविष्य को बनाते है वो है हमारे अध्यापक। उन्होंने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी के गुलाम न बनिये बल्कि उसे अपना गुलाम बनाये। उन्होंने कहा कि आज छात्राएं प्रतिस्पर्धा में छात्रों से आगे है, ऐसे ही मनोबल बनाकर रखने की जरूरत है। अतिथियों ने कौशल विकास केंद्र एवं जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित ब्यूटीशियन के प्रमाण पत्र छात्राओं में वितरित किए और महाविद्यालय की सफाई कर्मी का सम्मान किया। अंत में अतुल कपूर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 9 जुलाई को होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओ ने उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण निगमों के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों के किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के बैनर तले ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का करेगें।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उप्र के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत 07 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड रुपए का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10 हजार करोड रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागो पर 14400 करोड रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है। उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार किसानों को मुफ्त बिजली दी जाती है, गरीबी रेखा से नीचे के बिजली उपभोक्ताओं को 3 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाती है जबकि बिजली की लागत रुपए 07.85 पैसे प्रति यूनिट है। बुनकरों आदि को भी सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी की धनराशि ही लगभग 22000 करोड रुपए है। उत्तर प्रदेश सरकार इन सबको घाटा बताती है और इसी आधार पर निजीकरण का निर्णय लिया गया है।

## 16 स्कूली वाहन सीज और 59 का चालान



**लखनऊ।** स्कूली वाहन सुरक्षित हो तो बच्चे भी सुरक्षित रहेगें। इसके लिए आरटीओ के अधिकारियों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को चलाये गये अभियान में 16 वाहनों को सीज कर दिया और 59 वाहनों का चालान किया गया। सीज वाहनों में तीन वाहन ऐसे भी मिले जो कि निजी वाहन पर पंजीकृत थे। उसे स्कूली वाहन के तौर पर चलाया जा रहा था। इस दौरान पीटीओ आभा त्रिपाठी और उनकी टीम ने 10 वाहनों को सीज किया और 23 का चालान किया। पीटीओ अनीता वर्मा ने 2 वाहनों को सीज किया और 15 का चालान किया। पीटीओ सूर्य प्रताप देव ने 2 वाहन सीज किए और 9 का चालान किया। पीटीओ मनोज भारद्वाज ने 2 वाहन सीज किए और 12 का चालान किया। यह अभियान वृंदावन कॉलोनी, अलीगंज क्षेत्र और राजाजीपुरम क्षेत्र में स्थित स्कूलों के पास चलाया गया। सुबह जब स्कूली वाहन बच्चों को लेकर पहुंचे तभी टीम ने उनकी जांच की। वही पीटीओ आभा त्रिपाठी ने बताया कि अभियान चलता रहेगा। विभिन्न स्कूलो को भी लिखित में दे दिया गया है कि किसी भी वाहन का फिटनेश नही है तो गाड़ी में फिटनेश जरुर कराना चाहिए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# दामाद ने सास-ससुर को उतारा मौत के घाट



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के राजधानी लखनऊ में बुधवार देर रात उसे वक्त हड़कंप मच गया, जब आलमबाग थाना क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड जैसे सनसनी खेज वारदात हुई। घरेलू कलह के बाद आक्रोशित दामाद ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर अपने सास ससुर को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद भाग रहे आरोपों को पड़ोसियों ने दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, इलाके में 75 वर्षीय अंतराम घर में 73 वर्षीय पत्नी आशा के साथ रहते थे। उन्होंने अपनी बेटी पूनम की शादी जगदीप सिंह नामक युवक से कई साल पहले की थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से पूनम और जगदीप सिंह में विवाद हो गया, जिसके बाद करीब 5 साल से पूनम अपने मायके में रह रही थी। आज बुधवार रात जगदीप अपनी ससुराल पहुंचा और पूनम से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। धीरे-धीरे बात इतनी बढ़ गई कि सास ससुर को बीच में बीच बचाव करना पड़ा। इस पर आक्रोशित जगदीप सिंह ने चाकू से अंतराम और आशा ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सनसनी के दौरे हत्याकांड को अंजाम देकर आरोपी मौके से भागने लगा सीख कुछ पुकार सुनकर पहुंचे भीड़ ने आरोपी को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शवों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पैसे के लेन-देन के विवाद में मुंशी ने वकील को मारा चाकू

**लखनऊ।** लखनऊ के वजीरगंज इलाके में रुपए के लेनदेन में कोर्ट परिसर में पूर्व मुंशी ने एडवोकेट पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। कुछ दिन पहले वह दूसरे एडवोकेट के साथ काम करने लगा था। वकील को मुंशी से पैसा लेना था। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

गाजीपुर के पूर्वांचल नगर निवासी एडवोकेट विजय प्रताप पटेल ने बताया सीतापुर रोड स्थित डुडौली गांव निवासी संग्राम वर्मा उर्फ चोखे से रुपए लेने थे। मंगलवार को वह रेल दावा अधिकरण कोर्ट काम से गए थे। वहां से संग्राम को कॉल करके रुपए मांगे। इस पर संग्राम ने कोर्ट में आकर रुपए देने की बात कही। कुछ देर बाद विजय सप्तम कोर्ट में थे। तभी वहां पर संग्राम पहुंच गया और रुपए मांगने की बात पर गाली गलौज करने लगा। जब विजय ने विरोध किया तो गाली-गलौच कर हेलमेट से वॉर कर दिया। फिर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वो घायल हो गए। विजय खुद को बचाने के लिए पीछे हटे तब उनके गुप्तांग पर पैर से वार कर दिया, जिसके कारण उन्हें असहनीय दर्द होने लगा। आसपास के एडवोकेट ने बीच बचाव कर बचाया। हमले में विजय के सिर, हाथ, चेहरे और शरीर में भी चोट आई है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी विजय का पूर्व में मुंशी था। कुछ समय पहले वह दूसरे एडवोकेट का मुंशी बनकर काम करने लगा। उन्होंने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही हैं।

## डॉक्टर का इकलौता बेटा हॉस्टल की छत से गिरा, मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** झांसी मेडिकल कॉलेज में टइइर छात्र की हॉस्टल की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह लखनऊ का रहने वाला था। उसके पिता डॉक्टर हैं, जबकि मां स्कूल चलाती हैं। मंगलवार रात वह लखनऊ से झांसी आया था। कमरे में लाइट न होने की वजह से वह हॉस्टल में अपने दोस्त के रूम में सोया था।

बुधवार सुबह 7.45 बजे छात्र सार्थक खन्ना (22) बालकनी में रेलिंग की तरफ गया। वहां बालकनी से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सार्थक को मृत घोषित कर दिया। सार्थक खन्ना परिवार का इकलौता बेटा था। सार्थक खन्ना लखनऊ के निराला नगर का रहने वाला था। उसके पिता रवि खन्ना भी डॉक्टर हैं, जबकि मां निधि खन्ना स्कूल चलाती हैं। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार में माताझपिता के अलावा एक बड़ी बहन है। सार्थक 2022 बैच का स्टूडेंट था। वो पैरामेडिकल कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल हॉस्टल के रूम नंबर 58 में रहता था। थर्ड ईयर के छात्र सिद्धार्थ ने बताया- सार्थक मंगलवार रात को लखनऊ इंटरसिटी से लौटकर आया था। रात को कमरे का कूलर और पंखा नहीं चलने की वजह से कमरे में काफी गर्मी थी। इसके कारण वह रूम नंबर 60 में दोस्त युवराज के साथ लेट गया था। दोस्तों ने बताया- आज सुबह करीब 6 बजे देखा तो सबकुछ ठीक था। लेकिन, सुबह करीब 7.45 बजे देखा तो रूम की बालकनी से करीब 25 फीट नीचे जमीन पर सार्थक लहूलुहान हालत में पड़ा था। मौके पर खून ही खून पड़ा था। हॉस्टल के छात्र उस मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में लेकर आए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके परिवार को सूचना दे दी गई है। घरवाले झांसी के लिए रवाना हो गए हैं।

# प्राइमरी स्कूलों के मर्जर के खिलाफ हाई कोर्ट आज करेगा सुनवाई



विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर करने संबधी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवायी गुरूवार तक के लिए टाल दी। कोर्ट ने यह आदेष सरकारी अधिवक्ता के अनुरोध पर पारित किया। मामले की सुनवायी आज होगी। यह आदेष जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने कृशणा कुमारी व अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग के गत 16 जून के आदेष को चुनौती दी गयी है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचिका में तर्क दिया गया है कि सरकार का यह निर्णय बच्चेंा के निःषुल्क एवं अनिवार्य षिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला है। कहा गया है कि विलय के कारण छोटे छोटे बच्चों का स्कूल दूर हो जायेगा जिसके चलते उनकी पढ़ायी छूट सकती है जबकि षिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सरकार की यह कानूनी जिम्मेदारी बनती है कि वह प्रारम्भिक षिक्षा के लिए बच्चों के नजदीक ही विद्यालय उपलब्ध कराये।

# सुबह चलाता था ऑटो, शाम को करता था लूट, पुलिस ने पकड़ा



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीआरपीएफ जवान की पत्नी से चेन लूटने वाले एक शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं से सुबह चेन स्नैचिंग करता। शाम को किराए का ऑटो लेकर चलाता। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई चैन का टुकड़ा और बाइक बरामद की है। वहीं लूट की दो घटनाओं का खुलासा भी किया है।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया- बीती 9 मई को उपद्ध्रत्में तैनात सिपाही की पत्नी ने कृष्णा नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि वह अपनी बच्ची को ट्यूशन लेकर जा रही थी। इसी दौरान एलडीए कॉलोनी सेक्टर -1 रोड पर दो युवक एक बाइक पर सवार होकर गले से उसकी सोने की चेन छिन कर फरार हो गए थे। उन्होंने बताया- इसके अलावा बीती छह जून को मॉर्निंग वॉक के दौरान पंडित खेड़ा मोड़ के पास बाइक सवार दो युवक महिला से चेन छीनने का प्रयास किया था, लेकिन वह असफल रहे। दोनों ही मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया था।

पुलिस टीम ने बुधवार को कृष्णा नगर के गंगा खेड़ा रेलवे अंडरपास से एक लुटेरे को दबोच लिया। पूछताछ में लुटेरे ने अपना नाम मोहम्मद आसिफ बताया। वह अपनी प्रेमिका के साथ आजाद नगर बदाली खेड़ा गांव में किराए के मकान में रहता था। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर पीके सिंह ने बताया- आसिफ अपने दोस्त मोहम्मद उस्मान के साथ चेन लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। वह दोनों इलाके में घूम-घूम कर रेकी कर सुनसान इलाके में मॉर्निंग वॉक पे निकली महिलाओं को निशाना बनाते थे।

# ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी इलाके में यूपीएसटीएफ ने अंतराज्यीय आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 5,57,880 एमएल आक्सीटोसीन बरामद हुई है। जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए है। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा रही है।

यूपीएसटीएफ को काफी समय से बिहार से अवैध रूप में आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह की सूचना मिल रही थी। इंस्पेक्टर दिलीप तिवारी अपनी टीम के साथ गिरोह की तलाश में लगे थे। इस दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग बिहार से भारी मात्रा में अवैध आक्सीटोसीन इन्जेक्शन को मंगाकर उसमें मिलावट करके लखनऊ व आस-पास के जिले में सप्लाई कर रहे हैं। ये गिरोह बुद्धेश्वर चौराहे से मोहान रोड के तरफ जाने वाले रोड पर एक मकान में भारी मात्रा में अवैध आक्सीटोसीन बना रहा है। सूचना पर एसटीएफ ने बुधवार को करीब 11 बजे बुद्धेश्वर चौराहे से मोहान रोड पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान बुद्धेश्वर पारा निवासी अनमोल पाल पुत्र अवधेश पाल, बिसवा सीतापुर निवासी खगेश्वर और मोहान रोड पारा निवासी अवधेश पाल पुत्र लीला पाल के रूप में हुई।

**जानवरों से ज्यादा दूध निकालने के लिए किया जाता था प्रयोग:** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह लखनऊ व आस-पास के जिलों में अवैध रूप से आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की सप्लाई करता है। यह लोग बिहार से हाई डेनिसिटी के आक्सीटोसीन इन्जेक्शन पार्सल के जरिए मिनरल वाटर बताकर मंगाते हैं। जिसे आवश्यकतानुसार अपने हिसाब से अलग-अलग साइज के एम्पुल में पैक करके उसकी सप्लाई लखनऊ व आसपास के जिलों करते हैं। इस इन्जेक्शन का इस्तेमाल पशुओं के दूध निकालने, सब्जियों एवं फलों को कम समय से अधिक विकसित होने के लिए किया जाता है। एसटीएफ आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की बिहार से सप्लाई करने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**एक करोड़ 20 लाख का सामान बरामद:** यूपीएसटीएफ ने गिरोह के पास लगभग 5,87,880 एमएल आक्सीटोसीन बरामद किया है। जिसकी बाजार में कीमत एक करोड़ 20 लाख रुपए है। इसके अलावा छोटा हाथी गाड़ी, 12 हजार नगद, तस्करी में इस्तेमाल होने वाले तीन मोबाइल, 800 खाली बोतल, 136 पीस रबर कैप, 40 पीस एल्यूमिनियम कैप, 1 प्लास्टिक कीप, 9 पाईप, 3 पैकेट नमक बरामद किया है।

## कारोबारी से लाखों रुपये हड़पने वाले बंदी

लखनऊ। चौक इलाके में कपड़ा कारोबारी शोभित रस्तोगी ने पत्नी शुचिता और बेटी ख्याति के साथ सोमवार तड़के सुसाइड कर लिया था। चौक पुलिस ने मंगलवार को उनके भाई शरद की तहरीर पर शोभित के ससुरालवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमॉर्टम हाउस से साढ़ू और साली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया- साढ़ू विवेक सिद्धार्थ और साली मुदिता पर शोभित से जमीन में निवेश के नाम पर लाखों रुपए लेकर वापस नहीं करने का आरोप है। संभवतः इसी वजह से शोभित कर्ज में डूब गए। रिकवरी एजेंट घर आकर परेशान करने लगे थे, जिससे दबाव में आकर उन्होंने परिवार समेत सुसाइड कर लिया। चौक अशरफाबाद निवासी कपड़ा कारोबारी शोभित रस्तोगी (48) ने पत्नी शुचिता (45) और बेटी ख्याति (16) के साथ सोमवार तड़के जहर खा लिया। ख्याति ने हालत बिगड़ने पर अपनी बड़ी मां तृप्ति को कॉल करके बताया था कि मम्मी-पापा की तबीयत ठीक नहीं है, आप लोग जल्दी से आ जाइए।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। मुंबई का रहने वाला ठग बैंक और फाइनेंस कंपनी से लोन लेने वाला डेटा लेकर ठगी कर रहा था। नाम बदल-बदल कर लोगों से फोन पर बात करता था और शक न हो इसलिए बड़े होटलों में मिलने को बुलाता। जहां खुद को फाइनेंस एजेंसी का बड़ा अधिकारी बताता था।

हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया- मुंबई के शिरुर बालाजी अपार्टमेंट के रहने वाले विनोद कुमार को ठगी मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पूछताछ में सामने आया है कि वह फाइनेंस कंपनियों से लोन रिजेक्ट होने वाले ग्राहकों की लिस्ट कर्मचारियों की मदद से लेता था।




**पैसे लेकर मोबाइल कर देता बंद:** उसके बाद ग्राहकों को फोन कर लोन दिलाने का दावा करता। जरूरतमंद के पूरे डॉक्यूमेंट लेकर प्राइवेट कंपनियों से लोन दिलवाने की बात कहता। उसके बाद दस प्रतिशत कमीशन और दो किश्त एडवांस लेता था। जिसके बाद मोबाइल बंद कर लेता। उसके पास से 3.50 लाख रुपए, दो मोबाइल, एक पेन ड्राइव, दो आधार, 84 लोन से जुड़े फर्जी कागज बरामद हुए हैं।

**खराब सिबिल वालों को करता टारगेट:** तेलीबाग निवासी किशन गुप्ता का कहना है कि मेरा सिबिल स्कोर खराब होने के कारण कार लोन पास नहीं होता था। इसी बीच अभिषेक शर्मा नाम के युवक ने फोन कर कहा कि वह पूनावाला फाइनक्राप से लोन करा देगा। उसके बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि तुम्हारा लोन 8.15 लाख रुपए हो जाएगा। तुम कमीशन और किश्त का 1.68 लाख रुपए इंडियन बैंक में भेज दो। हम पूरा पैसा खाते में भेज देंगे। जिससे कार मिल जाएगी। साथ ही उसने लोन पास होने का लेटर भी भेज दिया। उसकी बात में भरोसा करके उसके खाते में 1.68 लाख रुपए भेज दिए। पुलिस का कहना है कि इस तरह उसने बाराबंकी और लखनऊ में कई लोगों से ठगी की बात कबूल की है। उसके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

## दरोगा से मारपीट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दरोगा से मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। इसके बाद कान पकड़वाकर थाने में उनकी परेड कराई। दोनों आरोपी बोले- अब ऐसी गलती नहीं करेंगे। इस बार माफ कर दीजिए सर। पुलिस ने मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उर्फ बीरू को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। घटना सोमवार शाम की है।

पुलिस के अनुसार नगराम थाने के दरोगा अनुज भाटी और हेड कांस्टेबल नितेश वर्मा छंगा खेड़ा गांव से लौट रहे थे। बरकत नगर चौराहे के पास करोरा की ओर एक बिना नंबर प्लेट की बाइक खड़ी मिली। पुलिस ने जब कागजात मांगे तो गोसाईगंज थाना क्षेत्र के साहनखेड़ा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र उर्फ बीरू, राकेश और जयकरन ने दरोगा से बहस शुरू कर दी।

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पुलिस वालों से मारपीट की। इसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बीती मंगलवार को धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बुधवार को राकेश उर्फ राहुल और जयकरन उर्फ नरेंद्र को करोरा बाजार के पास बनी पुलिया से गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**21 साल की ब्यूटीशियन फंदे से लटकी :** आलमबाग इलाके में मंगलवार को 21 साल की युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवती ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। घटना की जानकारी मकान मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मूल रूप से बाराबंकी निवासी सोनम (21) पुत्री स्वर्गीय छोटे लाल न्यू श्री नगर आलमबाग लखनऊ में किराए पर रहती थी। भाई रोहित ने बताया लखनऊ में रहकर तेलीबाग के एक ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। मंगलवार को शाम के वक्त सोनम से बात हुई थी। तब एक दम नार्मल थी।

रात करीब 8.30 बजे पुलिस ने सूचना दी कि बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव किराए के मकान में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता मिला। मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शव को लेकर बाराबंकी निकल गए। मामले में पुलिस का कहना है कि परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## बेटी की तलाश में कई दिन से कोतवाली के चक्कर लगा रहा पिता

लखनऊ। हादसे में जख्मी एक पिता बेटी की तलाश में कई दिनों से मोहनलालगंज कोतवाली के चक्कर लगा रहा है। लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं कर रही। पीड़ित की बेटी कुछ दिन पहले गांव के युवक के साथ कहीं चली गई थी। तब पुलिस बेटी को बरामद कर नारी निकेतन भेज दिया था, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया था। बेबस पिता ने सीएम को पत्र भेज कर गुहार लगाई है। भदेसुवा में रहने वाला पिता इन दिनों सड़क दुर्घटना में घायल होने के चलते सही से चल फिर भी नहीं पा रहा है। हाथों में गहरे जख्म के साथ एक पैर में फ्रैक्चर होने के चलते दूसरे की मदद से कोतवाली के चक्कर लगा रहा है।

## प्रमुख सचिव, उपभोक्ता को हाईकोर्ट ने किया तलब

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रमुख सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग को गुरूवार को हाजिर होने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने विकास सक्सेना की ओर से दाखिल एक याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि 27 दिसम्बर 2024 को विज्ञापन प्रकाशित होने के बावजूद अब तक राज्य उपभोक्ता आयोग व जिला उपभोक्ता आयोगों में न्यायिक व प्रशासनिक सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं की जा सकी है जिसके कारण राज्य व जिला आयोगों में मुकदमों की सुनवायी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## दीवार तोड़कर घर में घुसी स्कॉर्पियो, तीन लोग घायल

**लखनऊ।** मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार संकल्प वाटिका के पास एक मकान की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। हादसे में घर में रहने वाले दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो सवार एक युवक भी घायल हो गया। स्कॉर्पियो सवार दो युवक और एक युवती मौके से फरार हो गई। स्कॉर्पियों के डैश बोर्ड पर बियर की बोतल रखी थी। बीजेपी के ब्लॉक प्रमुख का स्टिकर चस्पा था। स्कॉर्पियो उत्तराखंड नंबर की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बीती रात यानी मंगलवार को स्कॉर्पियो बेकाबू होकर मकान की दीवार फाड़ती हुई घर के अंदर घुस गई। स्कॉर्पियो में तीन युवक और एक युवती सवार थे। सभी नशे की हालत में नजर आ रहे थे। हादसे के बाद एक युवक कार में ही घायल पड़ा रहा, बाकी दो युवक और युवती मौके से फरार हो गई। महानगर पुलिस का कहना है कि स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। फरार लोगों की पहचान की जा रही है। बीयर की बोतल और गाड़ी में मिले अन्य सामान की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी।

## कल तक जो आरोपी वह आज बन बैठा पीड़ित, अभियोग भी कराया पंजीकृत

**लखनऊ ।** योगी शासन काल मे गाहे बिगाहे किसी न किसी घटना मे पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग ही जाता है थाना बक्सी का तालाब मे कल हुई एक घटना ने तो समूचे समाज को अचंभित कर दिया ज्ञात हो कल देर शाम मामपुर बामा और रायपुर की तमाम महिलाव मे इटेश्वर महादेव मंदिर मे ताला लगा होने और पूर्व के पुजारी रोहितनाथ पर छेडछाड का आरोप लगाया था साथ ही महिलाव ने थाने मे दिए गए शिकायती पत्र के जरिये यह भी बताया था की तीन चार वर्ष पहले एक छेडछाड के आरोप के बाद रोहित नाथ को विरोध के बाद मंदिर के कार्यों से निष्काषित कर दिया गया था साथ शिवकुमार नाम के व्यक्ति को मंदिर के कार्यों के निर्वहन का दाईत्व दिया गया था कल दर्जनों महिलाओ द्वारा दिए प्रार्थना मे यह आरोप लगाया गया था की पूर्व के पुजारी रोहित नाथ ने देर शाम मंदिर मे वर्तमान पुजारी शिवकुमार को अपने तमाम साथियो के साथ मारपीट कर भगा दिया था और खुद मंदिर मे काबिज हो गए थे उक्त मसले को तमाम समाचार पत्रों ने प्रकाशित भी किया किंतु आज घटना के लगभग 24 घंटे बाद पूरा घटना क्रम ही बदल गया जो कल के आरोपों के आधार पर रोहितनाथ आरोपी था वह पीड़ित हो गया आज थाना बक्सी का तालाब मे आरोपी रोहित नाथ ने खुद के साथ हुई मारपीट और लूटपाट का अभियोग दर्ज कराया रोहित नाथ द्वारा कालीचरन, अंशुमान सिंह निवासी रामपुर आनंद रावत निवासी मामपुर, अमरदीप सिंह, रमादेवी निवासी बाना शिवानन्द शुक्ला शिवनाथ पता अज्ञात समेत 20 अन्य अज्ञात लोगो पर अभियोग पंजीकृत कराया रोहितनाथ द्वारा दी गई तहरीर की मानें तो कल देर शाम 6-7 के मध्य 20 महिलाव व अभियोग मे पंजीकृत आरोपी हाथो मे लाठी डंडे लोहे की राड लेकर मंदिर आये और उन्होंने तोड़ फोड़ करनी प्रारम्भ कर दिया जिसका विरोध पीड़ित ने किया इस दौरान पीड़ित का सर फट गया व दाहिने पैर का अंगूठा भी फट गया साथ ही मंदिर के दान पात्र को तोड़ने का भी प्रयास किया गया मौके की नजाकत देख पीड़ित जब चीख पुकार करने लगा तब किसी राहगीर ने थाने पर घटना की जानकारी दी पुलिस को मौके पर आते देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- सुबह गांव के एक व्यक्ति से हुई थी मारपीट
- दोपहर करीब चार बजे हुई मौत घर के अंदर

विशेष संवाददाता (vol)

**गोसाईगंज ।** गोसाईगंज क्षेत्र के सुरियामऊ गांव में बुधवार को एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसका शव उसके घर के अंदर पड़ा मिला।

मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।




गोसाईगंज के सुरियामऊ गांव के रहने वाले रमेश (22) का शव बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसी के घर में पड़ा मिला।उसके मत्थे और कंधे पर चोट के निशान थे।परिजनों कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि बुधवार की सुबह रमेश गांव में ही एक किराने की दुकान पर सामान खरीदने गया था जहाँ किसी बात को लेकर दुकानदार से कुछ विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर दुकानदार के बेटे अमन और रमेश में मारपीट हुई थी।जिसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई थी।पुलिस के पहुंचने पर विवाद शांत हो गया था और रमेश अपने घर चला गया।रमेश के पिता पूर्णमासी के अनुसार शाम को उसकी मौत हो गई।इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों ने अभी तक इस मामले की कोई तहरीर नहीं दी है।

## चर्च व मंदिर के नाम पर भ्रामक प्रचार व धर्मांतरण की हुई पुलिस से शिकायत

**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र में स्थित एक चर्च द्वारा मंदिर के नाम पर भ्रामक प्रचार कर हिंदू समाज को गुमराह करने एवं अवैध धर्मांतरण कराने के प्रयास की शिकायत पुलिस से की गई है।विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, लखनऊ (ग्रामीण) के जिला सह संयोजक मोहित के अनुसार गोसाईगंज क्षेत्र के शिवलर गांव में स्थित चर्च द्वारा अपने बाहरी बोर्ड पर मंदिर शब्द का प्रयोग कर एवं यीशु मंत्र लिखकर हिंदू समाज को जानबूझकर भ्रमित किया जा रहा है।उनका आरोप है कि चर्च के लोगों के द्वारा भोले-भाले नागरिकों को अवैध रूप से धर्मांतरण की ओर ले जाना का प्रयास किया जा रहा है।जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होने के साथ साथ सामाजिक समरसता भी खतरे में पड़ रही है।उन्होंने एक ज्ञापन के द्वारा चर्च स्थल की प्रशासनिक जांच किये जाने और यदि वह चर्च है तो मंदिर का नाम दर्शाकर लोगों को गुमराह करने वालों पर धोखाधड़ी व धार्मिक भावना भड़काने का मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
**एडमिन यूनिट/जोनः** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** LJN-MISC-11-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 26-06-2025 समय 17:38 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 14-07-2025 समय 10:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 14-07-2025 समय 12:10 बजे, **नीलामी का प्रकारः** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ
मुजाधि/वाणिज्य-72
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

# मोहर्रम: बाजारों में रौनक, चांदी की जरी बनी आकर्षण का केन्द्र





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की शहादत को याद करने के लिए अजादार अपने घरों में अजाखानों को सजाने में व्यस्त हैं। इसके लिए जरीह, ताबूत, अलम और झूला जैसे सामान खरीदे जा रहे हैं। कोई चांदी की आकर्षक जरीह और ताबूत बनवा रहा है, तो कोई अलम को सजा रहा है। चौक, दरगाह हजरत अब्बास रोड और अकबरी गेट के बाजारों में खरीदारी का उत्साह है। अजादार इन बाजारों से सामान खरीदकर देश-विदेश तक ले जा रहे हैं। चौक की मेहदी एंड संस ज्वेलर्स पर ऑर्डर पर तैयार की गई दो किलो चांदी की जरीह अपनी खूबसूरती से सबका ध्यान खींच रही है। इसमें ईरानी शैली की बारीक नक्काशी की गई है। यह जरीह लगभग दो फीट ऊंची और एक फीट चौड़ी है, जिसमें एक बड़ा गुम्बद, आठ छोटे गुम्बद और आठ मीनारें बनी हैं। जरीह के चारों ओर छोटे-बड़े दरवाजे भी बनाए गए हैं, जिन्हें चांदी की चेन और हरे-लाल नगों से सजाया गया है। इसकी कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपये है। ज्वेलर रजी हसन ने बताया कि इसके अलावा चांदी के झूले, अलम और ताज भी तैयार किए गए हैं। अजादार अली हसन ने इमामबाड़े के लिए 260 ग्राम चांदी का पंजा बनवाया है जिसकी कीमत लगभग 38 हजार रुपये है। इस पंजे पर बारीक नक्काशी के साथ लाल नग जड़े गए हैं। इसके साथ ही चांदी की छत्री भी लगाई गई है, जिसमें चांदी की चेन लटकाकर इसकी खूबसूरती को और बढ़ाया गया है। एक अजादार ने इमामबाड़े के लिए 500 ग्राम चांदी का ताबूत बनवाया है, जिस पर 12 इमामों के नाम सोने के पानी से लिखे गए हैं। ताबूत पर ईरानी नक्काशी और जाली का काम किया गया है, साथ ही इसमें दो चांदी के अलम भी लगाए गए हैं। बारीक नक्काशी वाला चांदी का अलम हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की याद में बनाए जाने वाले अलम भी चांदी से तैयार किए जा रहे हैं। चौक के एक ज्वेलर्स की दुकान पर दिलबर हुसैन 500 ग्राम चांदी का अलम बना रहे हैं, जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपये है। इस अलम पर भी बारीक नक्काशी की गई है।

लखनऊ के रहने वाले 15 साल के निहाल ने शहर के सबसे खूबसूरत और सबसे महंगे ताज़िए बनाकर तैयार किए हैं। इसके लिए उन्होंने चार महीने से दिन-रात कड़ी मेहनत की, जिसके बाद वह इन खूबसूरत ताजियों को तैयार कर सके हैं। खास बात यह है कि ये ताजिए दो लाख रुपए में बुक हो गए हैं।

**ये है इन ताजियों की खासियत :** निहाल लखनऊ के काजमैन इलाके में रहते हैं। निहाल ने बताया कि उन्होंने इन ताजियों को चार महीने में तैयार किया है। स्कूल में छुट्टियां हो गई थी। ऐसे में पढ़ाई का कोई दबाव भी नहीं था। उन्होंने बताया कि इन ताजियों की यूं तो कोई कीमत नहीं होती, लेकिन लोग जितने में इन्हें लेना चाहें उतने में खरीद लेते हैं। सबसे खूबसूरत ताजिए ये इस वजह से हैं, क्योंकि इन्हें बांस की लकड़ी और कागज से बनाया गया है। इन्हें बनाने में 4 महीने के 12 से 13 घंटे लगे हैं। यह काले, हरे और लाल रंग के हैं। वजन में बहुत भारी हैं। इनमें मोतियां भी लगाई गई हैं। ये हर एक आकार के हैं। इन्हें मकबरे के आकार का बनाया गया है। इसलिए यह लोगों को काफी अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

**दो लाख में हुए बुक :** ताजियों को आज से लोग अपने घर ले जाना शुरू कर देंगे। यही वजह है कि निहाल के यह खूबसूरत ताजियों को दो लाख रुपए में बुक किया जा चुका है। लखनऊ के ही रहने वाले एक शख्स ने इन्हें दो लाख रुपए में बुक किया है। निहाल और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं है, लेकिन अब इन ताजियों के दो लाख रुपए में बिकने से वह और उनका परिवार काफी खुश है।

## चांदी के ताजियों की खूब हो रही मांग

लखनऊ। मोहर्रम का आगाज होते ही सराफा बाजार इन दिनों साजो-सजा के सामान को लेकर गुलजार नजर आ रहा हैं. चांदी से बने ताजियों की मांग बढ़ गई है। दूरदराज से आए लोग लाखों रुपये की कीमत तक के चांदी के ताजिए बनवाते नजर आ रहे हैं बाजारों पर महंगाई और भले ही मंदी का असर बताया जा रहा हो लेकिन लखनऊ की सराफा बाजार इन दिनों मोहर्रम के साजो सामान को लेकर गुलजार नजर आ रही हैं। पुराने लखनऊ के चौक इलाके की दुकानों पर इन दिनों चांदी से बने ताजियों की मांग बढ़ गई है जो खास ऑर्डर पर लाखों रुपए की कीमत तक तैयार किए जा रहे हैं। काफी वक्त से यह काम करते चले आ रहे लखनऊ चौक बाजार के दुकानदार महंदी हसन और नकी हसन का कहना है कि बाकी सामानों पर भले ही महंगाई और मंदी का असर हो लेकिन मोहर्रम की अजादारी से संबंधित सामानों पर कोई असर नहीं दिख रहा है, लोग बड़े पैमाने पर अजादारी से जुड़े साजो सामान खरीद रहे जिसमें खास ऑर्डर पर लाखों रुपए की कीमत तक के चांदी के ताजिए व जरी भी तैयार की जा रहे हैं।

## बेहद खास हैं लखनऊ के ताजिया, 350 साल पुरानी है परंपरा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुहर्रम के समय पर ताजिया की खूब मांग बाजारों में दिखाई देती है। यूपी में ताजिए की रिवायत 350 साल पुरानी है। यहां के बाजारों में लकड़ी से लेकर मोम की ताजिए बनाए जाते हैं। लखनऊ में 1675 में उन्मतुज्जोहरा बानो उर्फ बहू बेगम जो नवाब शुजा-उद-दौला की पत्नी थीं, उनके द्वारा लखनऊ में ताजिया रखने की परंपरा की शुरू की गई। बहु बेगम इराक स्थित करबला जियारत के लिए जाना चाहती थीं। मगर किसी कारण नहीं जा पाई। इसलिए उन्होंने ताजिया रखकर उसकी जियारत की। तभी से यह परंपरा यहां चलती आ रही है।

**सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा:** लखनऊ में मुहर्रम का चांद नजर आते ही या हुसैन की सदा गूंजने लगती है. विशेष कर पुराने लखनऊ में 2 महीना 8 दिन तक मजलिस और जुलूस का दौर जारी रहता है। शिया समुदाय के लोग अपने घरों और इमामबाड़ों में ताजिया स्थापित करते हैं। लखनऊ में ताजिया की परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है. यहां कागज, मोम, लकड़ी की ताजिए जुलूस में निकाले जाते हैं।

**लखनऊ में बनते हैं कागज, मोम और चांदी के ताजिए:** लखनऊ के शहादतगंज काजमैन में लगभग 100 सालों से 70 से 75 ऐसे परिवार हैं, जो ताजिया बनाने का काम करते हैं। यहां पर लोगों ने बताया कि उनके दादा परदादा कई पीढ़ी जो हैं ताजिया बनाने का काम कर रही हैं. जुलूस में शामिल होने वाले लोग ताजिया का बहुत ही सम्मान से दर्शन करते हैं. वहीं इस साल लखनऊ में कागज, लकड़ी, मोम और चांदी से विशेष ताजिए तैयार किए गए हैं।

## 2000 से लेकर 50 हजार रुपये तक के ताजिए

नवाबों और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल लखनऊ शहर का सबसे पुराना बाजार काजमैन में रंग बिरंगे खूबसूरत ताजिए सजकर तैयार हो चुके हैं। यहां पर ताजियों की कीमत 2000 रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक है। पुराने लखनऊ में 100 साल पुराना बाजार है जिसे काजमैन कहते हैं। यहां पर रंग बिरंगे खूबसूरत ताजिये सज गए हैं। इन ताजियों में आपको लकड़ी के बने चांदी और सोने की पोलिश के ताज़िए नजर आ रहे हैं जिनकी कीमत 40 हजार से लेकर 50 हजार तक है। इस बाजार में पांच फीट लंबे ताज़िए भी बिक रहे हैं, जिन्हें लोग खरीद भी रहे हैं। इन्हें तीन माह से कारीगर तैयार कर रहे थे। अब ये तैयार हैं। इनकी कीमत 8 हजार से लेकर 25 हजार रुपए तक है। सबसे महंगे ताजिए आप सामने देख रहे हैं, जिनकी कीमत 30 हजार रुपए से लेकर 35 हजार रुपए तक है। इसमें लाल और हरे रंग के ताजिए हैं, जिन्हें लकड़ी से बनाया गया है। यह काफी भारी होते हैं। लखनऊ में तीन तरह के ताजिए बिक रहे हैं। पहले मोम, दूसरा लकड़ी और चौथा कागज का। बात करें आकार की तो एक फीट से लेकर 10 फीट तक के ताज़िए मिल रहे हैं। यही है लखनऊ का सौ साल पुराना काजमैन बाजार जहां पर ताज़िए मिल रहे हैं।

# दो साल बाद चिड़ियाघर में नजर आयेंगे इजराइली जेब्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान की सैर करने वाले दर्शकों दो साल बाद फिर इजराइली जेब्रा के जोड़े देखने को मिलेंगे। 10 महीने हर हरकत पर नजर रखने और मेडिकल रिपोर्ट सामान्य मिलने के बाद चिड़ियाघर प्रशासन ने जेब्रा को बाड़े में छोड़ने की तैयारी कर रहा है।

जुलाई में चिड़ियाघर आने वालों को जेब्रा देखने को मिल सकेंगे। दो वर्ष पहले राजधानी स्थित चिड़ियाघर में इजराइल से तीन जोड़े जेब्रा को लाए गए थे। इसमें इंसानों की आवाज सुनकर जेब्रा बाड़े में इधर-उधर भागने के दौरान एक जोड़े जेब्रा चोटिल हो गए थे। बाद में उनकी मौत हो गई थी। दो जोड़ों को बोटिंग क्लब के पास हरे रंग के पर्दे की आड़ में रखा गया है। इन पर डॉक्टरों की टीम नजर रख रही है। मेडिकल रिपोर्ट सामान्य आने पर जेब्रा को दर्शकों के लिए बाड़े मे छोड़ने की तैयारी है।

चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि पहले यह जेब्रा दर्शकों को देखकर और उनकी आवाज सुनकर तेजी से इधर-उधर भागना शुरू कर देते थे। वन्यजीव चिकित्सक तक उनके बाड़े में नहीं जा पाते थे। इसको देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने बोटिंग क्लब को भी बंद कर दिया था। अभी इन इजराइली जेब्रा की लगातार देखभाल की जा रही है। धीरे-धीरे उनके बाड़ों में लगे पर्दों को भी हटाया जा रहा है। बोटिंग भी शुरू हो चुकी है। इन सबके बावजूद प्रशासन की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि जेब्रा दर्शकों को देखकर भागना न शुरू कर दें। इन इजराइली जेब्रा के व्यवहार दर्शकों के अनुकूल होते ही जल्दी ही इनके बाड़ों से पर्दे का हटाने का काम किया जाएगा। उम्मीद है कि जुलाई में दर्शक इन जेब्रा को उनके बाड़े में देख सकेंगे।

# कथा भक्ति विनम्रता व सच्ची मित्रता को दर्शाती है : पं. अंकित शास्त्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री रामलीला समिति महानगर द्वारा श्री रामलीला मैदान सेक्टर सी, महानगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी के द्वारा उपस्थित जनसमूह के स्वागत के साथ किया गया। कथा का प्रारंभ देवेन्द्र मिश्रा एवं श्रीमती दीपा मिश्रा द्वारा पूजन के साथ किया गया।

पूजन के उपरांत राष्ट्रीय कथावाचक पंडित अंकित शास्त्री महाराज ने सप्तम दिवस की कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण एक कल्याणकारी कथा है जिसकी सुनने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है। श्री कृष्ण और सुदामा की अनमोल मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि यह कथा भक्ति विनम्रता सच्ची मित्रता और भगवान की कृपा का सुंदर उदाहरण है सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे जो विद्या प्राप्त करने के लिए बाश्री कृष्ण के साथ सांदीपनि उनके आश्रम में पढे.थे वह अत्यंत ज्ञानी विनम्र और भगवान के परम भक्त थे ग्रस्त जीवन में सुदामा अत्यंत दरिद्र थे भोजन तक का अभाव था सुदामा की पत्नी ने एक दिन सुदामा से कहा कि तुम्हारे मित्र द्वारका के राजा हैं उनसे कुछ सहायता मांग को सुदामा प्रारंभ में तो चीज के फिर पत्नी के आग्रह पर श्री कृष्ण के पास चल दिए द्वारका पहुंचने पर जब श्री कृष्ण को सुदामा जी के आगमन का समाचार मिला तो वह दरवाजे तक दौड़कर चले आए उन्हें गले लगाया पाओगे और बड़ी आत्मकथा से आसन पर बैठाया सुदामा ने संकोच बस अपने साथ लाइव हुए चावल की पॉटी श्री कृष्ण को नहीं दी पर श्री कृष्णा ने वह पोटली देख ली और उन्होंने प्रेम पूर्वक और चावल की पोटली उनसे ले ली और चावल खाने लगे श्री कृष्ण ने बिना कुछ मांगे उनकी दरिद्रता दूर करने का निश्चय किया वापस लौटने पर सुदामा ने देखा कि उनका पूरा घर सुंदर महल में बदल गया है परिवार में सुख समृद्धि आ गई है यह सब श्री कृष्ण की कृपा थी। कथा व्यास पंडित अंकित शास्त्री महाराज ने श्रीमद् भागवत के अंतिम पड़ाव पर पहुंचने पर बताया कि सुखदेव जी ने 7 दोनों राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत की कथा सुनाई सप्तम दिवस के अंत में सुखदेव जी ने श्री कृष्ण लीला कर्म का महत्व और भक्ति की सर्वोच्चता का वर्णन करते हुए कथा का समापन किया कथा श्रवण के उपरांत परीक्षित की पूर्णता निर्मित विश्वास और भागवत भाव में लीन हो गए जैसे ही सातवें दिन का अंत हुआ तक्षक ना आया और उसने परीक्षित को डस लिया यह भगवत कृपा से बिना मृत्यु के भय के परम शांति में परमधाम की प्राप्ति हुई।

# हेल्प यू ने छात्राओं को बांटे फल और फ्रूटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सियाराम की रसोई अभियान के अंतर्गत सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, नरही, हजरतगंज, लखनऊ में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री गणेश प्रसाद शाह (निवासीः मकान संख्या-5, मानस एनक्लेव, इंदिरा नगर, लखनऊ) ने अपनी दिवंगत पत्नी, स्वर्गीय श्रीमती माधुरी शाह जी की छठी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्रस्ट को 5100/- की सहयोग राशि प्रदान की जिसके क्रम मे सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, नरही, हजरतगंज में अध्ययनरत 120 छात्राओं को सेब, केला एवं फ्रूटी वितरित किए गए। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट गणेश प्रसाद शाह जी एवं उनके परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त करता है और स्वर्गीय श्रीमती माधुरी शाह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इस अवसर पर श्री गणेश प्रसाद शाह, उनके पुत्र श्री ऋषि शाह एवं डॉ. सिद्धार्थ शाह, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती लता सिंह तथा ट्रस्ट के स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# डॉ. राजीव वर्मा बने अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** अखिल विश्व सत्य सनातन संघ ने अपना विस्तार करते हुए डा. राजीव वर्मा को उत्तर प्रदेश में संघ का प्रदेश अध्यक्ष/प्रांत प्रमुख घोषित किया गया। अखिल विश्व सत्य सनातन संघ वसुधैव कुटुंबकम के ध्येय वाक्य पर चलते हुए सनातन धर्म के उन्नयन, प्रचार और प्रसार करने के साथ ही साथ समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों यथा जाति पाति- भेदभाव आदि को समाप्त करने के लिए कार्य करता है। डॉ. राजीव वर्मा एक प्रतिष्ठित समाजसेवी होने के साथ ही एक निजी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण के पद पर कार्यरत है। डा. राजीव वर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि जल्दी ही उत्तर प्रदेश के 75 जिलों एवं 18 मंडलों में अखिल विश्व सत्य सनातन संघ जिला प्रमुखों और मंडल प्रमुखों का मनोनयन किया जाएगा। इससे प्रदेश के घर-घर में अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के विचारों को पहुंचाया जा सकेगा। डा. वर्मा ने अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा मानना है कि विश्व का प्रत्येक मानव सनातनी ही है इसलिए आपस में कोई विवाद नहीं होना चाहिए, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एक विशाल राज्य है और यहां जाति-वर्ग आधारित विवादों को चरणबद्ध तरीके से जागरूकता पैदा करके समस्या को समाप्त किया जाएगा ताकि समाज में रहने वाले प्रत्येक इंसान को बराबरी का हक मिल सके।

# शिल्पी राज के नये गाने ने रिलीज होते ही मचाया धमाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर धमाल मचा है, क्योंकि लोकप्रिय सिंगर शिल्पी राज के बहुप्रतीक्षित गाना साली होना जरूरी है ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। इस गाने को मशहूर गायिका शिल्पी राज और लोकप्रिय सिंगर चांद जी ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है, जो रिलीज के साथ ही यूट्यूब और सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। गाने में शीला के नाम से प्रसिद्ध यूट्यूब क्वीन बन्नू द ग्रेट और रियाज प्रेमी नजर आ रहे हैं।

'साली होना जरूरी है' एक फुल एंटरटेनिंग गाना है, जो अपनी मस्ती भरे बोल, जोशीले संगीत और शानदार वीडियो के दम पर दर्शकों को बांधे रखने में पूरी तरह कामयाब रहा है। यदि आपने अभी तक नहीं देखा, तो जरूर देखें। यह गाना आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। गाने में बेहतरीन डांस देखने को मिला है, जिसका श्रेय कोरियोग्राफर अनुपम तिवारी और दीपक सिंह को जाता है। वहीं पोस्ट प्रोडक्शन और एडिटिंग में सिद्धार्थ कुमार और रोहित सिंह की तकनीकी दक्षता ने इस वीडियो को और शानदार बना दिया है। राजन कुमार ने मेकअप और सहायक निर्देशन में सहयोग देकर इसकी क्वालिटी को और निखारा है। यह धमाकेदार गाना आर वी एफ म्यूजिक के बैनर तले रिलीज किया गया है और इसका डिजिटल प्रमोशन ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन द्वारा किया गया है। प्रोडक्शन का काम ओम शांति प्रोडक्शन के सतीश राज की देखरेख में पूरा किया गया, जो हमेशा क्वालिटी कंटेंट के लिए जाने जाते हैं। इस गाने के बोल जेपी बिहारी ने लिखे हैं, जिनकी कलम से निकली मजेदार और चुटीली लाइनों ने गाने को और भी दिलचस्प बना दिया है। गाने का संगीत सर्विंद यादव ने तैयार किया है, जो इसकी धुन को और भी कर्णप्रिय बनाता है। इसके वीडियो का निर्देशन एवं डीओपी का काम नितीश राज ने बखूबी संभाला है, जिनकी कल्पनाशीलता और क्रिएटिव विजन गाने के हर फ्रेम में झलकती है।

# सामाजिक पैमानों पर सवाल खड़े करती है धनुष की 'कुबेरा'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना
- डायरेक्टर : सेखर कम्मुला

**रेटिंग-3/5**

**लखनऊ।** बहुभाषी फिल्म 'कुबेरा' (हिंदी, तमिल, तेलुगू) दर्शकों को एक बिल्कुल अलग दुनिया में ले जाती है, जहां कहानी का नायक धनुष खुद एक भिखारी है। एक्टर द्वारा निभाया गया यह किरदार, निर्देशक शेखर कम्मुला की कल्पना और संवेदना का बेहतरीन उदाहरण है। हिंदी सिनेमा में अक्सर अमीरी और गरीबी की खाई को नायक और खलनायक के प्रतीक रूप में दिखाया गया है।

ये फिल्म नैतिकता और सामाजिक पैमानों पर सवाल खड़े करने वाली इस थ्रिलर को देखा जा सकता है। लेकिन शायद पहली बार, एक भिखारी को ही नायक बनाकर पूंजीपतियों के भूख, लालच और समाज की व्यवस्था से टकराव को सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया गया है। बंगाल की खाड़ी के अथाह जल में, एक दुर्लभ तेल भंडार की गुप्त खोज नीरज मित्रा (जिम सर्भ) के लालच को और बढ़ा देती है। नीरज एक महत्वाकांक्षी उद्योगपति है, जो इस खजाने को धन, सत्ता और राजनीतिक दबदबे का जरिया बनाना चाहता है। अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए वह अपने पिता (दलीप ताहिल) और उच्च-स्तरीय नेताओं का समर्थन जुटाकर एक बेहद गोपनीय स्कैम तैयार करता है, ताकि उसके अथाह काले धन को सफेद किया जा सके। इस स्कैम में वह दीपक शर्मा (नागार्जुन) पर दांव लगाता है। दीपक कभी एक ईमानदार और बेखौफ सीबीआई अधिकारी हुआ करता था, लेकिन भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ खड़ा होने की सजा के रूप में उसे जेल हो जाती है। न्याय व्यवस्था से विश्वास उठ जाने वाले दीपक के पास लौटने का कोई रास्ता नहीं, इसलिए वह अनिच्छा-पूर्वक नीरज के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता है। हालांकि इस घपले में वह लालच और अनैतिकता का विरोधी ही है। इस घोटाले को अंजाम देने के लिए वह देश के सबसे ज्यादा अनदेखे और तिरस्कृत तबके भिखारियों का सहारा लेता है। इन्हीं में से एक है देवा (धनुष), जो मासूम है और इस बात से अनजान कि उसे किसी षड्यंत्र में फंसाया जा रहा है। देवा के अन्य साथी भिखारियों को जब काम खत्म होने के बाद मौत के घाट उतार दिया जाता है, तब देवा अपनी जान बचा कर भागता है। इस भागा-दौड़ी में देवा की मुलाकात स्टेशन पर समीरा (रश्मिका मंदाना) से होती है, जो खुद अपने बॉयफ्रेंड राजू के लिए घर से भागी है, मगर राजू उसे धोखा दे गया है। ऐसे में बहादुर और संवेदनशील समीरा अनजाने में उसकी सहयोगी बन जाती है। इसके बाद ये दोनों ही एक ऐसी रोमांचक यात्रा पर निकल पड़ते हैं, जहां पर एक तरफ मौत खड़ी है, तो दूसरी तरफ विश्वास, शक्ति संघर्ष और अस्तित्व दांव पर लगा है। शेखर कम्मुला एक सेलिब्रेटेड ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार समेत कई सम्मानों से नवाजे जा चुके निर्देशक हैं। यकीनन कहानी को एक नया प्रिमाइजेज देने के लिए उनकी तारीफ की जानी चाहिए। विषय को उन्होंने संवेदनशील और बोल्ड तरीके से हैंडल किया है। कहानी का बांधे रखने वाला तेज रफ्तार थ्रिलर आस्पेक्ट फिल्म का प्लस पॉइंट है। शेखर ने अपने किरदारों को गहराई से गढ़ा है। जैसे-जैसे स्टोरी आगे बढ़ती जाती है, परतें खुलती जाती है। यह सदियों से चली आ रही अमीरी और गरीबी की खाई पर करारा प्रहार भी करती है कि लालच और पावर में अंधे हो चुके लोग इंसानियत को कैसे कुचल देते हैं? डायरेक्टर ने अस्तित्व की जंग को शानदार ढंग से दर्शाया है, मगर इसकी 3 घंटे और 4 मिनट की लंबाई खलती है। पहला भाग थ्रिलर का हाथ पकड़ कर तेज भागता है, मगर दूसरे भाग में कहानी कई जगहों पर हिचकोले खाती है, मगर फिर संभल भी जाती है। कुछ दृश्यों में दोहराव खटकता है। क्लाइमैक्स इमोशनल है, मगर और प्रभावी हो सकता था, क्योंकि कुछ सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं। तकनीकी पक्ष की बात करें तो निकेत बॉमिरेड्डी की सिनेमैटोग्राफी में दम है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर जानदार है। पुष्पा फेम देवी श्रीप्रसाद के संगीत में 'जाके आना यारा रे' गाना याद रह जाता है। एक्टिंग के मामले में यह फिल्म बाजी मार ले जाती है। 'रांझणा' जैसी फिल्म से हिंदी दर्शकों में लोकप्रियता पाने वाले राष्ट्रीय अवार्ड विजेता धनुष के लिए एक भिखारी के किरदार को निभाना यकीनन दुस्साहस भरा रहा होगा, मगर धनुष उन्नीस-बीस नहीं बल्कि इक्कीस साबित हुए हैं। उन्हें अगर फिल्म की रूह कहा जाए, तो गलत न होगा। जिस बालसुलभ और बेचारगी के साथ उन्होंने देवा का किरदार निभाया है, यह उनके करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस मानी जा सकती है।

# भोजपुरी फिल्म 'रूद्र-शक्ति' में साथ नजर आयेंगे अक्षरा और विक्रांत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भोजपुरी सिने जगत की खूबसूरत अदाकारा अक्षरा सिंह और जीआरपी स्टार विक्रांत सिंह राजपूत जल्द ही बड़े पर्दे पर साथ में नजर आने वाले हैं। आज इसकी घोषणा कर दी गयी है. दोनों बिभूति एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली नईफिल्म 'रूद्र-शक्ति' में साथ नजर आयेंगे, जिसमें एक सशक्त कहानी और दमदार अभिनय का संगम देखने को मिलेगा।

फिल्म 'रूद्र-शक्ति' को निशांत सी. शेखर निर्देशित कर रहे हैं, जिनका विजन आधुनिक और पारंपरिक कथानक के समन्वय पर आधारित है। फिल्म का पहला पोस्टर आज जारी किया गया, जिसमें ईश्वरीय शक्ति, स्त्री सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश झलकता है। यह पोस्टर दर्शकों में गहरी उत्सुकता जगा रहा है और इसकी कहानी को लेकर पहले ही चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। अक्षरा सिंह, जो फिल्म में शक्ति की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा यह किरदार सिर्फ एक अभिनय का अवसर नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है। 'शक्ति' एक ऐसी महिला है जो नारीत्व की सच्ची ताकत को दर्शाती है। दर्शक मुझे इस नए अवतार में जरूर पसंद करेंगे, क्योंकि इसमें आत्मबल, करुणा और विद्रोह तीनों एक साथ मिलते हैं। वहीं विक्रांत सिंह राजपूत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा – इस फिल्म में मेरा किरदार कई भावनात्मक रंगों से भरा है। 'रूद्र' सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार है न्याय, संघर्ष और आत्मपरिवर्तन का। अक्षरा के साथ काम करना हमेशा प्रेरणादायक रहा है और निशांत जी के निर्देशन में हर दृश्य जीवंत महसूस हुआ। फिल्म के निमार्ता सी. बी. सिंह ने कहा कि 'सिनेमा मेरा सपना है, और 'रूद्र-शक्ति' से इसे साकार करने का अवसर मिला है। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक विचारधारा और नई दिशा देगी। निशांत का निर्देशन और कलाकारों की प्रतिबद्धता इस फिल्म को विशेष बना रही है।''रूद्र-शक्ति' 18 जुलाई 2025 को रिलीज होगी, और इसके संगीत का जिम्मा टक धूम म्यूज़िक के पास है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन देगी, बल्कि समाज को नारी सशक्तिकरण, आत्मबल और विचार परिवर्तन का संदेश भी देगी। दर्शकों को इस पावन संगम की प्रतीक्षा है, जो भोजपुरी सिनेमा की परंपरा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# यात्रियों की भीड़ के कारण दर्जनों ट्रेनों के फेरों में किया गया विस्तार

## यात्रियों को मिलेगी राहत, गंतव्य जाने के लिए होगी सहूलियत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु निम्नलिखित तीन जोड़ी गाड़ियों का अवधि विस्तार किया गया है। विस्तारित अवधि में इन गाड़ियों का मार्ग, ठहराव, समय एवं रेक संरचना पूर्ववत रहेगा।

लालकुंआ से 26 जून तक चलाई जा रही 05060 लालकुंआ-कोलकाता साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 10 जुलाई से 28 अगस्त तक 08 फेरों हेतु बढ़ाया जा रहा है। कोलकाता से 28 जून तक चलाई जा रही 05059 कोलकाता-लालकुंआ साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 12 जुलाई से 30 अगस्त तक 08 फेरों हेतु बढ़ाया जा रहा है।

लालकुंआ से 29 जून तक चलाई जा रही 05045 लालकुंआ-राजकोट साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 06 जुलाई से 31 अगस्त तक 09 फेरों हेतु बढ़ाया जा रहा है। राजकोट से 30 जून तक चलाई जा रही 05046 राजकोट-लालकुंआ साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 07 जुलाई से 01 सितम्बर तक 09 फेरों हेतु बढ़ाया जा रहा है। वाराणसी सिटी से 28 जून तक चलाई जा रही 05029 वाराणसी सिटी-लालकुंआ साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 07 जुलाई से 30 जुलाई तक 11 फेरों हेतु बढ़ाया जा रहा है। लालकुंआ से 29 जून तक चलाई जा रही 05030 लालकुंआ-वाराणसी सिटी साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 08 जुलाई से 31 जुलाई तक 11 फेरों हेतु बढ़ाया जा रहा है। वडोदरा से चलने वाली 09195 वडोदरा-मऊ साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन विस्तारित अवधि 07 से 28 जुलाई तक किया जायेगा। मऊ से चलने वाली 09196 मऊ-वडोदरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन विस्तारित अवधि 08 से 29 जुलाई तक किया जायेगा। बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन विस्तारित अवधि 06 से 27 जुलाई तक किया जायेगा। बढ़नी से चलने वाली 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन विस्तारित अवधि 07 से 28 जुलाई तक किया जायेगा।

05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं.-टनकपुर विशेष गाड़ी का यात्रा विस्तार अछनेरा तक किया जायेगा। मार्ग विस्तार के फलस्वरूप इस गाड़ी के कुछ स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी टनकपुर एवं विस्तारित स्टेशन अछनेरा से 03 से 31 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, वृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार (सप्ताह में पांच दिन) को चलायी जायेगी। इस गाड़ी का मार्ग, ठहराव एवं रेक संरचना पूर्ववत रहेगा। 05062 टनकपुर-अछनेरा विशेष गाड़ी टनकपुर से 04.35 बजे प्रस्थान कर खटीमा से 05.00 बजे, पीलीभीत से 05.32 बजे, भोजीपुरा से 06.05 बजे, इज्जतनगर से 06.22 बजे, बरेली सिटी से 06.45 बजे, बरेली जं. से 06.57 बजे, बदायूँ से 07.40 बजे, ऊझानी से 07.53 बजे, सोरों से 08.20 बजे, कासगंज से 09.00 बजे, सिकन्दराबाद राव से 09.24 बजे, हाथरस सिटी से 10.05 बजे, मथुरा कैण्ट से 11.12 बजे तथा मथुरा जं0 11.40 बजे छूटकर अछनेरा 12.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05061 अछनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी अछनेरा से 15.50 बजे प्रस्थान कर मथुरा जं. से 16.45 बजे, मथुरा कैण्ट से 16.57 बजे, हाथरस सिटी से 17.28 बजे, सिकन्दरा राव 17.55 बजे, कासगंज से 18.40 बजे, सोरों से 18.55 बजे, ऊझानी से 19.22 बजे, बदायूँ से 19.35 बजे, बरेली जं. से 20.37 बजे, बरेली सिटी से 21.00 बजे, इज्जतनगर से 21.20 बजे, भोजीपुरा से 21.38 बजे, पीलीभीत से 22.15 बजे तथा खटीमा से 22.50 बजे छूटकर टनकपुर 23.35 बजे पहुंचेगी।

## एनईआर में 44 रेल कर्मचारी डीआरएम अवार्ड से सम्मानित



**लखनऊ।** आज पूर्वोत्तर लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुउददेशीय हाल में आयोजित 69वें रेल सेवा पुरस्कार-2024 के अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक स्तर पर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन लखनऊ श्रुति गुप्ता की उपस्थिति में लखनऊ मण्डल के 44 कर्मचारियों को रेल सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं विशेष प्रशंसनीय कार्यो के निष्पादन हेतु पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने पुरस्कृत होने वाले सभी रेल कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयास से मण्डल ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं, जिसमें पुरस्कृत होने वाले कर्मचारियों का योगदान भी जुड़ा हुआ है। हमारे रेल कर्मचारी रेल संगठन के आधारभूत स्तम्भ है, आज सफलतापूर्वक रेल विभाग को संचालित करने का श्रेय हमारे सभी रेल कर्मचारियों को जाता है। यह कर्मचारी रेल चलाते है और रेल चलाने के फलस्वरूप हम सभी के घर चलते है। रेलवे के बदलते स्वरूप एवं बहुआयामी कार्यक्षेत्र में प्रगति को देखते हुए कार्यकुशलता तथा मितव्ययता के क्षेत्र में लखनऊ मण्डल ने पूर्वोत्तर रेलवे में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया है। आशा है कि हम सभी रेल संचलन के क्षेत्र में नयी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुये निरन्तर प्रगति करते हुए नये-नये कीर्तिमान हासिल करेंगे। लखनऊ मण्डल में अृमत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत स्टेशनों पर पुनर्विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के 06 स्टेशनों यथा सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, गोला गोकर्णनाथ एवं मैलानी जं. रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन 22 मई में किया किया गया है। मण्डल में यात्रियों को बेहतर रेल यात्रा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के परिणामस्वरूप यात्री संख्या में आशातीत वृद्धि दर्ज की गई है। यात्री यातायात से प्राप्त होने वाली आय में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। पुरस्कार वितरण के पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस समारोह में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह एवं पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, लखनऊ की पदाधिकारी एवं सदस्यायें, समस्त शाखाधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल यादव ने किया। रेल सेवा पुरस्कार 2024-मरैप्र स्तर पर पुरस्कृत किये जाने वाले कर्मचारियों की सूची इस प्रकार है वाणिज्य विभाग धर्मेन्द्र चंद, वाणिज्य अधीक्षक/गोरखपुर, करम चंद कुंवर वाणिज्य अधीक्षक/गोण्डा कचहरी, ज्ञान प्रकाश सिंह मुख्य वाणिज्य सह टिकट पर्यवेक्षक/लखनऊ, पंकज कुमार गुप्ता स्टेनोग्राफर/लखनऊ, विद्युत सामान्य एवं टीआरडी विभाग इंद्रदेव, तकनीशियन टी.एल/गोरखपुर, चंदन कुमार, तकनीशियन ए.सी/गोरखपुर, आलोक सिंह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/लखनऊ, विद्युत/परिचालन विभाग कमलेश कुमार, लोको पायलट गुड्स/गोरखपुर, रविन्द्र सिंह, मुख्य लोको निरीक्षक/लखनऊ आदि शामिल है।

## वायु गुणवत्ता की निगरानी और सुधार में एआई के इस्तेमाल के लिए एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में वायु की गुणवत्ता की निगरानी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बेहतर इस्तेमाल के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर (आईआईटी-के) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एरावत रिसर्च फाउंडेशन ने एआई और हाइब्रिड क्लाउड क्षेत्र की अग्रणी कंपनी आईबीएम के साथ बुधवार को एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये।

राजधानी लखनऊ में स्केलेबल एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी पर आधारित एक कार्यशाला में इस एमओयू को अंतिम रूप दिया गया। इस समझौते का उद्देश्य ऐसे डेटा-संचालित स्थानीयकृत समाधानों को मुमकिन बनाना है जो आर्थिक विकास को पर्यावरणीय सततता के साथ संतुलित करते हों और जो विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप भी हों। आईबीएम इस पहल के लिए तात्कालिक निगरानी और साक्ष्य-आधारित सिफारिशें प्रदान करेगी। इस पहल का नेतृत्व कर रहे कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी के डीन और एरावत रिसर्च फाउंडेशन के परियोजना निदेशक प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा, कि हमने उत्तर प्रदेश, बिहार और उसके बाहर के कई हिस्सों के लिए एक संपूर्ण एयरशेड-आधारित वायु गुणवत्ता (ए.क्यू.) स्टैक बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित डेटा का उपयोग किया है। अगर आप इन दो राज्यों के लिए मौजूदा निगरानी नेटवर्क को देखें तो लगभग 110 सरकारी संचालित मॉनिटर हैं। इसके विपरीत, पिछले दो वर्षों में एरावत ने इन दोनों राज्यों में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए कुल 1365 सेंसर लगाये हैं।

## मैंगो मेनिया कुकिंग कॉन्सेप्ट में पूनम ने जीता दूसरा स्थान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आज देश की महिलाएं अपने हुनर के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम कर रही हैं शिक्षा के साथ-साथ खानपान के क्षेत्र में भी महिलाएं अपना झंडा गढ़ रही हैं। महिलाओं में हुनर की कोई भी कमी नहीं होती है बस आवश्यकता होती है कि उन्हें एक अच्छा प्लेटफार्म दिया जाए ताकि अपने हुनर का परिचय दे सके महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रभात वेलफेयर सोसाइटी द्वारा खान पान रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है। यह बात आज प्रभात वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में मैंगो मेनिया कुकिंग कांटेक्ट का आयोजन के समय पूर्व सेफ एवं संयोजकता मंजुला अस्थाना ने कही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने कहा की महिलाओं में बौद्धिक क्षमता की कोई भी कमी नहीं है अगर उन्हें कोई अच्छा प्लेटफार्म दिया जाए तो वह हर कार्य कर सकती हैं जो एक प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज भी मुझे अपनी दादी नानी की बनाई हुई चीज याद आती है और समय-समय पर उसे बनाने का प्रयास करती हूं। इस अवसर पर रॉयल कैफे के मालिक संदीप अग्रवाल ने कहा कि आज भी स्वादिष्ट भोजन का महत्व अपने आप में अलग है परिवार की महिलाएं जब भी कोई अच्छा डिश बनती हैं तो पूरा परिवार उसकी प्रशंसा करता है। इस अवसर पर इंजीनियर पंकज अस्थान ने कहा की महिलाएं जेट विमान से लेकर उच्च पदों पर आसीन है समाज को नई दिशा दे रही हैं। समाज के उत्थान में भूमिका निभा रही हैं हमारा उद्देश्य ऐसी प्रतियोगिताओं का करने का यह है कि जो महिलाएं किन्हीं करण बस अपने हुनर का परिचय नहीं दे पाई हैं वह ऐसे प्लेटफार्म आकर अपने हुनर का परिचय दें और नाम पैदा करें। इस अवसर पर संस्कार संस्था की निदेशक एवं समाज सेविका पूनम सिंह ने कहा कि आज देश में ही नहीं विदेश में भी महिलाएं हर उस क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है जहां पहुंचने के लिए लोगों का एक सपना होता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की चीजों को बनाकर महिलाएं अपने परिवार का दिल जीत सकती हैं क्योंकि स्वादिष्ट भोजन से सभी का दिल जीता जा सकता है। पूनम ने कहा की हम लोगों को यह जो प्लेटफार्म मिलता है हम लोगों की बौद्धिक क्षमता का निखार होता है। बहुत सी महिलाएं घर की चारदीवारी और जिम्मेदारी के कारण अपने शौक को मार देती हैं लेकिन मैं शुक्रिया अदा करती हूं कि अस्थान जी द्वारा मैंगो मेनिया कुकिंग कॉन्टैक्ट्स का आयोजन किया गया। इसमें आम की विभिन्न तरीके की डिश बनाने का मौका हम लोगों को मिला इस अवसर पर सेफ रोहित कुमार ने कहा की आज बहुत सी महिलाएं बहुत बड़े-बड़े रेस्टोरेंट को चलाने का काम कर रही है। बहुत सी महिलाएं घर से ही बड़ी-बड़ी क्राउड किचन का काम कर रही है और अच्छा भोजन कराकर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। इस अवसर पर तन्मय अस्थाना ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में महिलाओं को खान-पान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का है उन्हें ऐसे प्रशिक्षण देना है ताकि वह अच्छा स्वादिष्ट डिश तैयार करें और आर्थिक रूप से भी मजबूत हो। आम प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही तनुजा गुप्ता ने कहा कि यहां उपस्थित सभी महिलाओं का धन्यवाद देना चाहूंगी कि उन्होंने हमें इतना अच्छा प्लेटफार्म दिया अपने हुनर को दिखाने का मौका दिया।

## सीएमएस छात्र सर्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिक्शन से सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सीएमएस के इंदिरा नगर प्रथम कैम्पस के पांच मेधावी छात्रों जुबिन (कक्षा-3), श्री हरि राजेश (कक्षा-3), श्रेयस चक्रवर्ती (कक्षा-5), तनय पंत (कक्षा-10) एवं शाश्वत सिंह (कक्षा-10) ने इण्टरनेशनल बेंचमार्क टेस्ट (आईबीटी) के अंतर्गत आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता में सर्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिक्शन अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रों ने 95 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर यह उपलब्धि अपने नाम की है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन आस्ट्रेलियन काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (एसीईआर) के तत्वावधान में किया गया, जिसमें कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा, देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के हजारों छात्रों ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया, जिसमें सीएमएस के इन मेधावी छात्रों ने अपने ज्ञान-विज्ञान व मेधात्व के दम पर उच्च-विशिष्टता अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इन मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

## रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल दिया जाये

### पौधरोपण महा अभियान -2025 की तैयारियों की समीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित पारिजात सभागार में बुधवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ अरुण कुमार सक्सेना, पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पशु पालन मंत्री धर्म पाल सिंह, लोक निर्माण राज्यमंत्री बृजेश सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा कर 35 करोड़ वृक्षारोपण के सफल क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिये। वर्ष 2025-26 के वर्षाकाल में प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। प्रदेश में गत वर्षों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं वन सुरक्षा के परिणाम स्वरूप भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार प्रदेश के वनावरण व वृक्षावरण में लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है।

वृक्षारोपण महा अभियान 2025 में प्रदेश का पौधारोपण लक्ष्य 35 करोड़ है जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों वा लक्ष्य 22.4 करोड़ है। 01 से 07 जुलाई (वन महोत्सव) के बीच जन्में नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में उनके अभिभावकों को दिया जाएगा तथा पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में अटल वन, एकता वन, एकलव्य वन और शौर्य वन विकसित किए जा रहे है, ये वन पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गौरव के प्रति सम्मान की भावना जगाने में मदद करेंगे। इसके अतिरिक्त नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण के आक्सी वन भी स्थापित किये जा रहे हैं।

## प्रो. आलोक राय समिति में सदस्य के रूप में चयनित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जनसंख्या अनुसंधान केंद्रों (पीआरसीएस) की पुनर्गठित स्टीयरिंग समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है।



बुधवार को जारी आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, इस नवगठित समिति में मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी, भारतीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस), नीति आयोग, और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचआरसी) के प्रतिनिधि शामिल हैं। पूरे भारत से केवल दो कुलपतियों को इस समिति में शामिल किया गया है – लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रो. आलोक कुमार राय और केरल विश्वविद्यालय से प्रो. मोहनन कुन्नुम्मल।

यह स्टीयरिंग समिति एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है जो देश भर के 18 पीआरसी की तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की निगरानी करती है। यह समिति वार्षिक कार्य योजनाओं को अनुमोदित करती है, उनकी प्रगति की निगरानी करती है और पीआरसी को मार्गदर्शन प्रदान करती है ताकि वे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण नीतियों को आकार देने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले शोध आधारित इनपुट दे सकें। यह नियुक्ति लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है और नीति निर्धारण व अनुसंधान के क्षेत्र में इसकी राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करती है।

## प्रतियोगिता में अनुष्का माथुर ने प्रथम स्थान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आईईईई वुमेन इन इंजीनियरिंग डे 2025 के अवसर पर आईईईई डब्ल्यूआईई अफिनिटी ग्रुप और आईईईई स्टूडेंट ब्रांच द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम की शृंखला में बुधवार को आईईटी लखनऊ के ईसीडी विभाग में सुरक्षित साइबरस्पेस की दिशा में अग्रसरः सुरक्षा के लिए तकनीक और प्रकाश का संगम, शीर्षक एक ऑनलाइन काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा और समानता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

प्रतियोगिता में इंडस्ट्री, एकेडमिया, शोध एवं शिक्षा जगत के विशेषज्ञों व छात्र छात्राओं तथा विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 25 प्रतियोगियों द्वारा डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध, महिलाओं की ऑनलाइन सुरक्षा और समाज में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते डिजिटल खतरों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम में पुरुष और महिला प्रतिभागियों की समान भागीदारी देखने को मिली, जो लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देती है और लैंगिक भेदभाव को चुनौती देती है।

प्रतियोगिता में अनुष्का माथुर ने प्रथम स्थान, प्रिय जायसवाल ने द्वितीय स्थान तथा अवनीश मिश्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दिव्य शर्मा, सुनील गर्ग एवं कीर्ति सिंह को उनकी उत्कृष्ट रचना एवं प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन ब्रांच काउंसलर प्रो. नीलम श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत विशेष कविता पाठ के साथ हुआ।

## लविवि के श्रीलंका एलुमनाई चैप्टर का गठन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि ने श्रीलंका एलुमनाई चैप्टर का गठन करके अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चैप्टर के उद्घाटन के अवसर पर कोलंबो में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एकत्रित हुए। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पूर्व छात्रों को संबोधित किया और उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम के दौरान, प्रोफेसर राय ने विश्वविद्यालय और उसके पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने में पूर्व छात्रों के नेटवर्क के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने में पूर्व छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्हें अपने अल्मा मेटर से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कुलपति ने पूर्व छात्रों के साथ श्रीलंका और वैश्विक स्तर पर उद्यमिता के अवसरों पर भी चर्चा की, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और विकास की संभावनाओं पर जोर दिया गया। उन्होंने पूर्व छात्रों को लखनऊ विश्वविद्यालय और श्रीलंकाई संस्थानों के बीच सहयोग और ज्ञान साझा करने के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्रीलंका एलुमनाई चैप्टर का गठन विश्वविद्यालय की अपने वैश्विक समुदाय के साथ जुड़ने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह अध्याय पूर्व छात्रों को नेटवर्क बनाने, अनुभव साझा करने और विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। प्रो. राय ने पूर्व छात्रों को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों के साथ अपने संबंधों को जारी रखेगा और उन्हें जुड़े रहने के अवसर प्रदान करेगा। पूर्व छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय का श्रीलंका पूर्व छात्र अध्याय बनाने में विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और इसका सदस्य बनने और विश्वविद्यालय के मिशन में योगदान देने की अपनी उत्सुकता व्यक्त किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के श्रीलंका पूर्व छात्र अध्याय से भारत और श्रीलंका के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। यह पूर्व छात्रों को अपने अल्मा मेटर से जुड़े रहने और इसके विकास में योगदान देने के अवसर भी प्रदान करेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस प्रकरण पर बताया कि श्रीलंका एलुमनाई चैप्टर का गठन लखनऊ विश्वविद्यालय की वैश्विक उपस्थिति में एक सकारात्मक कदम है, जिससे विश्वविद्यालय की वैश्विक उपस्थिति और प्रतिष्ठा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## भाषा विवि को बीसीआई से मिली बीए एलएलबी और एलएलबी पाठ्यक्रमों की मान्यता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से बीए एलएलबी और एलएलबी पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्राप्त हो गयी है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में हासिल हुई है। विश्वविद्यालय में वर्ष 2023 से विधि (लॉ) पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कराई जा रही है, जबकि एलएलएम पाठ्यक्रम वर्ष 2021 से संचालित हो रहा है।

कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने इस अवसर पर कहा, यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। विधि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान देना है बल्कि उन्हें व्यावहारिक दृष्टिकोण और नैतिक मूल्यों से भी संपन्न करना है, ताकि वे समाज में न्याय और समानता के पक्षधर बन सकें। साथ ही इस गौरवमयी क्षण के अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता मिलना हमारे शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रयासों की सफलता का प्रतीक है। हम विधि शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विधि संकाय के डीन प्रो. मसूद आलम ने बताया कि हाल ही में विभाग में आठ सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की गयी है और एक सहयोगी (एसोसिएट) प्रोफेसर की तैनाती हुई है। इससे विधि संकाय की शैक्षणिक और शोध गतिविधियां और अधिक सशक्त होंगी। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की विधि शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने पैरागुए के राजदूत से मुलाकात की

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए परिवर्तनों और नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की जानकारी दी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय तथा राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने बुधवार को भारत सरकार द्वारा पैरागुए के लिए नामित राजदूत डॉ. पीयूष सिंह (वर्तमान में संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व परिवर्तन, नीति सुधार और नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने योगी सरकार की उच्च शिक्षा संबंधी नीति-निर्माण की दिशा, नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के विकास, और शिक्षण संस्थानों में वैश्विक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण प्रस्तुत किया।

**● छात्र-केंद्रित और नवाचार-प्रेरित शिक्षा व्यवस्था विकसित की जा रही है : मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय**

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में छात्र-केंद्रित, नवाचार-प्रेरित और शोधोन्मुखी उच्च शिक्षा व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिससे छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन सकें। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ अकादमिक साझेदारी को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु विशेष शोध अनुदान, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना तथा छात्र विनिमय कार्यक्रमों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों, ग्रामीण छात्रों और विशेष रूप से छात्राओं के लिए कई प्रगतिशील योजनाएं लागू की हैं। राजदूत डॉ. पीयूष सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे व्यापक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं प्रदेश के युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि पैरागुए में भारतीय मिशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के शैक्षिक संस्थानों और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

संक्षेप

## सड़क हादसे घायल युवक की मौत

**भटनी(देवरिया)।** भटनी-भरथुआ सडक मार्ग दुर्घटना मे घायल व्यक्ति का उपचार के दौरान मेडिकल कालेज गोरखपुर मे मृत्यु ।मृत्यु की सूचना पर घर पर आने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल ।बताया गया है कि साहोपार हरिजन बस्ती के 45वर्षीय चन्द्रशेखर प्रसाद पुत्र नरसिंह प्रसाद पिछले रविवार को घर से पेट्रोल पम्प चाँदपार गया था ।रात्रि के लगभग आठ बजे पेट्रोल पम्प से आते समय अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया ।जिससे गम्भीर रुप से घायल हो गया । परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये । चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया ।दुसरे दिन वहां से मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया ।वही मंगलवार की रात्रि चन्द्रशेखर प्रसाद की मौत हो गयी ।शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव घर आने पर परिजनो का फिर रोने बिलखने से पुरे गाँव मे शोक छा गया ।

# त्यौहार को लेकर धर्मगुरुओं के साथ डीएम और एसपी ने की बैठक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** आगामी त्यौहार मोहर्रम, श्रावण मास कावड़ यात्रा, के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित

- बिजली, पानी और साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के डीएम ने दिए निर्देश
- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही: एसपी
- परंपरागत रूप से त्यौहार को मनाने की किया अपील

नागरिकों के साथ बैठक किया।बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण तथा में तथा उसके आसपास निर्धारित स्थलों पर साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्धारित स्थलों पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से निर्बाध आपूर्ति करने तथा ढीले तारों को ठीक कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा त्यौहार को पारिवारिक माहौल में मनाए जाने हेतु जनपदवासियों से अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को एक साथ मिलकर कार्य करना है, उन्होंने बड़े बुजुर्गों /प्रबुद्ध जनों से अपेक्षा करते हुए कहा की बच्चों को समझाएं और आपस में मिल जुल कर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने ढीले तारो को लेकर अधि0 अभि0



विद्युत को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि आशा है सभी लोग आपसी सौहार्द एवं आपसी सामंजस्य से त्योहार को सकुशल मनाएंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोहर्रम, श्रावण मास कावड़ यात्रा, आदि त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को ससमय सुनिश्चित कर लिया जायेगा।आप सभी से अपेक्षा है कि सुरक्षित वातावरण में खुशियों के साथ अपने त्योहारों को मनाए।सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरूओं ने जिले में अनेकता में एकता, अमन-चैन एवं आपसी सौहार्द कायम रखने पर अपने- अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी गण, समस्त सीओ, थानाध्यक्ष, सभी ईओ, सहित संबंधित अधिकारी गण व विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा जनपद का लाल

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खंड के भठही बुजुर्ग गांव निवासी उद्धव शुक्ला को मलेशिया में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। यह सम्मेलन जुलाई माह में आयोजित होगा। जिसमें विश्वभर के युवाओं और शैक्षिक अनुकरण के विषय में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

उद्धव मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोरखपुर में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। सोमवार की देर रात उन्हें सम्मेलन आयोजकों की ओर से पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें उन्हें इस वैश्विक मंच पर प्रमुख विषयों पर विचार प्रस्तुत करने और महत्वपूर्ण बदलावों के लिए सुझाव देने हेतु आमंत्रित किया गया है ।हजारों युवाओं का प्रतिनिधित्व करने जा रहे उद्धव ने इस उपलब्धि पर कहा मेरा नाम चुनने के लिए मैं आयोजकों का हार्दिक धन्यवाद देता हूं। यह मेरे जीवन का अद्भुत और सुनहरा अवसर है, और मैं इस मंच पर अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हूं ।उनकी इस उपलब्धि पर परिवार सहित पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके पिता सुशील शुक्ल, बाबा लाल बैरिस्टर शुक्ल, चाचा अजय शुक्ल, ई. जितेंद्र दूबे, प्रमोद शुक्ला, नित्यानंद शुक्ला, बबलू शुक्ला, विपिन शुक्ला, बंटी शुक्ला, रजनीश शुक्ल समेत जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, ग्राम प्रधान मनोज पांडेय, अनिल जायसवाल, गुरुदत्त उपाध्याय, राहुल विश्वकर्मा, अजय भारती आदि लोगों ने बधाई दिया है।

## छात्र रहस्यमय परिस्थिति में लापता, परिजनों में चिंता

**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रामकोला इलाके में एक 17 वर्षीय छात्र के लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पगार कोइरी टोला निवासी मार्कंडेय प्रसाद का पुत्र अंकित गौतम बीते 30 जून से लापता है। परिजनों और पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है ।जानकारी के अनुसार अंकित कप्तानगंज के एक निजी विद्यालय में कक्षा 10वीं का छात्र है। सोमवार सुबह वह रोज की तरह सुबह 8 बजे स्कूल के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में मिश्रौली बाजार के पास उसकी साइकिल पंचर हो गई। उसने साइकिल पास के एक मित्र दिनेश के यहां छोड़ी और यह कहते हुए चला गया कि वह स्कूल जा रहा है। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने बताया कि अंकित उस दिन स्कूल नहीं पहुंचा और वह अनुपस्थित रहा। जब दो दिनों तक वह रिश्तेदारों में भी नहीं मिला तो पिता मार्कंडेय प्रसाद ने खोटही पुलिस चौकी में इंस्पेक्टर मनोज द्विवेदी को लिखित शिकायत दी ।परिवार का कहना है कि अंकित का इस तरह लापता हो जाना बेहद संदिग्ध है। परिजनों ने आशंका जताई है कि यह अपहरण का मामला हो सकता है, या फिर कोई अनहोनी। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि अंकित कहीं चला गया हो, लेकिन उसकी उम्र और समझदारी को देखते हुए रास्ता भटकने की संभावना नहीं मानी जा रही है ।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हर संभव सुराग खंगाले जा रहे हैं।

# बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र, एटीएम और पेट्रोल पम्प की अभियान के तहत की गयी चेकिंग

जिला संवाददाता

**देवरिया।** सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक के साथ-साथ एटीएम एवं ग्राहक -सेवा केंद्र तथा पेट्रोल पंप की भी चेकिंग की गयी।

पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा टीम बनाकर जिले के विभिन्न बैंकों, ग्राहक सेवा केंद्रों, ए.टी.एम. और पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग की गयी। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अपराधों की रोकथाम, कानून व्यवस्था को बनाए रखना, और नागरिकों के बीच सुरक्षा का अहसास बढ़ाना।

अभियान के तहत थाना भलुअनी के उ0नि0 श्री अखिलेश कुमार यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न बैंकों और ए.टी.एम. के आसपास चेकिंग की गयी। अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है।




इसी क्रम में अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंको, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई। भटनी पुलिस द्वारा उपनगर सहित खोरीबारी, घांटी नोनापार स्थित बैंक शाखाओं, एटीम की सघन चेकिंग की गई।

अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है कि नहीं, इसकी भी चेकिंग की गयी।

## पेड़ से लटके मिले युवक-युवती के शव

**कुशीनगर।** जिले के एक गांव में खेत में बुधवार को 20 वर्षीय युवक और 18 वर्षीय युवती के शव रहस्यमय परिस्थिति में पेड़ से लटके मिले। घटना तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के गन्ने के खेत में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान अशर्फी निषाद के पुत्र राहुल निषाद (20) और रामदेव कुशवाहा की पुत्री अंशु (18) के रूप में हुई है। दोनों एक ही गांव में पड़ोसी थे। ग्रामीणों ने सुबह-सुबह पेड़ से लटके शवों को देखा और पुलिस तथा परिजनों को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी सुशील कुमार शुक्ला के नेतृत्व में तमकुहीराज थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसएचओ शुक्ला ने संवाददाताओं को बताया, शव सुबह करीब पांच बजे मिले। दोनों एक ही पेड़ से लटके हुए थे। युवक के शव के पास खून के धब्बे मिले और लड़की के सिर पर गहरी चोट के निशान थे। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हत्या और आत्महत्या समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। हम सभी सबूतों को ध्यान में रख रहे हैं और स्थानीय निवासियों से पूछताछ कर रहे हैं।

# मछली खाने से 10 लोग बीमार

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज तहसील के खोटही गांव में एक लिंटर कार्यक्रम के बाद मछली खाने से गांव के 10 लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

सभी पीड़ितों को तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कप्तानगंज में भर्ती

- फूड पॉइजनिंग की आशंका, सभी खतरे से बाहर

कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, यह मामला फूड पॉइजनिंग का है, जो संभवतः रात का बचा हुआ खाना सुबह दोबारा खाने से हुआ।

जानकारी के मुताबिक, गांव में किसी मकान की लिंटर डलने की खुशी में रात में मछली सहित अन्य व्यंजनों का भोज आयोजित किया गया था। अगले दिन सुबह बचे हुए खाने को फिर से गर्म कर कुछ लोगों में वितरित किया गया।

यही खाना खाने के कुछ ही घंटों बाद कई लोगों को बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी ।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचित किया। तत्काल सभी बीमार लोगों को सीएचसी कप्तानगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। डॉक्टरों की टीम ने समय रहते इलाज शुरू कर दिया, जिससे स्थिति नियंत्रण में रही। सीएचसी प्रभारी डॉक्टरों ने बताया कि सभी मरीज अब खतरे से बाहर हैं। प्रारंभिक जांच में यह मामला मछली से हुई फूड पॉइजनिंग का प्रतीत होता है। समय पर इलाज मिलने से किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं हुई। अधिकतर मरीजों की हालत अब स्थिर है और जल्द ही उन्हें छुट्टी दी जा सकती है।

डॉक्टरों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि बचे हुए भोजन को दोबारा सेवन करने से पहले अच्छी तरह गर्म करें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

विशेष रूप से मानसून और गर्मी के मौसम में खाद्य सामग्री जल्दी खराब हो जाती है, जिससे फूड पॉइजनिंग की आशंका बनी रहती है।

## पुनः संचालित हुई रोडवेज की बस सेवा



**बरहज(देवरिया)।** क्षेत्र के कपरवार चौराहे से पुनः बेलडाड़ बारादीक्षित होते हुए देवरिया से गोरखपुर तक परिवहन निगम की बस सेवा का बरहज विधायक दीपक मिश्र के प्रस्ताव पर संचालन शुरू हुआ। बस सेवा का विधायक प्रतिनिधि रामजी सिंह, भाजपा नेता अश्वनी दीक्षित की उपस्थिति में कपरवार के पूर्व सैनिक विंध्यवासिनी मिश्र फौजी बाबा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बस का संचालन कपरवार चौराहे से प्रात 7 बजे से प्रतिदिन होगा। बस गोरखपुर 9:30 बजे पर पहुंचेगी। बस का हाल्टेज शाम 7बजे कपरवार चौराहे पर होगा। पूर्व में बस का संचालन रोड खराब होने के कारण बाधित हुआ था ।इस दौरान देवरिया डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बीपीएन सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी, कार्यालय सहायक धर्मेंद्र कुशवाहा, भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न सिंह विशेन, निशिकांत दीक्षित, गोविंद मिश्र, टन्टन मिश्र, कृष्णमोहन पाठक, प्रहलाद गुप्त, सुभाष पाठक, विश्राम मणि, प्रकाश तिवारी, पदमदेव तिवारी, अमरेंद्र तिवारी, महेंद्र मणि आदि उपस्थित रहे।

# जाति प्रमाण पत्र को सत्यापन समिति ने किया फर्जी घोषित

जिला संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के जोगिया हिच्छा राय निवासी घनश्याम वर्मा ने गांव के ही एक व्यक्ति का जाति प्रमाण पत्र प्रदेशीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति द्वारा फर्जी घोषित किए जाने

- बुद्ध पीजी कालेज के प्रोफेसर से जुड़ा मामला

पर उक्त के खिलाफ जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग किया है। उक्त गांव निवासी इंद्रासन प्रसाद अनुसूचित कोटे से बुद्ध पीजी कालेज में प्रोफसर के पद पर कार्यरत है।

इनके गांव निवासी घनश्याम प्रसाद ने उनके जाति प्रमाण पत्र को अवैध बताते हुए जनपदीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति में अपील किया था। सुनवाई के बाद जिला समिति ने इंद्रासन प्रसाद का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया। इसके बाद वह इस निर्णय के खिलाफ मंडलीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति में अपील किया था वहां भी सुनवाई के बाद जिला समिति के निर्णय को सही करार दिया गया। इसके बाद वह प्रदेश जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति में अपील किया। प्रदेश सत्यापन समिति ने भी जिला समिति के निर्णय के पक्ष में अपने फैसला सुनाते हुए इंद्रासन प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को गलत करार दिया। इसके बाद वादी घनश्याम वर्मा ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर कर इंद्रासन प्रसाद पर कुतरिचित तरीके से जाति प्रमाण पत्र बनावाने और उसके आधार पर नौकरी पाने पर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई के साथ विभागीय कार्रवाई की मांग किया है।

# सुलह योजना से हल हो रहे विवाद 305 मामलों का हुआ समाधान

**देवरिया।** जिला प्रशासन द्वारा पारिवारिक विवादों, विशेषकर बंटवारे से जुड़े मामलों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु चलाई जा रही 'सुलह योजना' अब लोगों की ज़िंदगी में सुकून ला रही है। वर्षों से चली आ रही रंजिशें, जो रिश्तों में दूरियाँ पैदा कर चुकी थीं, अब संवाद और समझदारी से खत्म हो रही हैं। अब तक इस योजना के तहत 305 मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जा चुका है, जिससे न केवल परिवारों में मेलजोल बढ़ा है, बल्कि न्यायालयों पर लंबित प्रकरणों का बोझ भी घटा है।

सुलह योजना का उद्देश्य है कि जिन मामूली बातों पर परिवारों में दरारें आ जाती हैं, उन्हें अदालतों के चक्कर काटने के बजाय तहसील स्तर पर ही बैठकर हल किया जाए। खास तौर से धारा 116 के अंतर्गत उप जिलाधिकारी न्यायालयों में वर्षों से लंबित बंटवारे



के मामलों को प्राथमिकता देकर निपटाया जा रहा है। सलेमपुर में 82, देवरिया में 65, बरहज में 61, भाटपाररानी में 49 और रुद्रपुर में 48 प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण समाधान इसी योजना के अंतर्गत हुआ है।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि यह योजना केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि एक सामाजिक प्रयास है, जो टूटे रिश्तों को जोड़ने, कड़वाहट को खत्म करने और घर-परिवार में फिर से विश्वास कायम करने का रास्ता खोलती है। जब लोग खुद आपस में बैठकर बात करते हैं और समाधान निकालते हैं, तो वह फैसला स्थायी होता है और भविष्य की पीढ़ियों को भी एक शांत माहौल मिलता है ।इस योजना से विवादों का समयबद्ध निपटारा हो रहा है, परिवारों में सौहार्द लौट रहा है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता कम हो रही है।

## 2027 में होगा व्यवस्था परिवर्तनः पल्लवी पटेल

**अयोध्या।** सिराथू विधायक और अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल बुधवार को अपनी मां कृष्णा पटेल के साथ अयोध्या पहुंचीं। परिक्रमा मार्ग स्थित एक होटल में डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 2027 के चुनाव को व्यवस्था परिवर्तन तय है। कहा कि अधर्मी लोग हमारे अधिकार छीन रहे हैं। यह चुनाव उन लोगों को मौका देगा जिनका वास्तव में हक बनता है। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि 2027 में उनकी पार्टी किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी, इस पर निर्णय राष्ट्रीय कमेटी ही लेगी। अनुप्रिया पटेल पर तंज कसते हुए पल्लवी ने कहा कि आज कुछ लोग डॉ. सोनेलाल पटेल के संदेशों और संघर्ष को बेच रहे हैं, लेकिन वे भूल गए हैं कि आत्मा और विरासत मेरी मां के पास है। भाजपा को घेरते हुए उन्होंने कहा, देश का सबसे बड़ा समुदाय आज धर्म के नाम पर भ्रमित किया जा रहा है। इटावा की हालिया घटना इसका उदाहरण है।

## जाने -माने शिक्षक नेता उमाशंकर लाल श्रीवास्तव का निधन




**देवरिया।** जाने-माने शिक्षक नेता एवं वर्षों तक माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रहे शिक्षक नेता उमाशंकर लाल श्रीवास्तव का बुधवार की सुबह गोरखपुर एम्स में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देवरिया के सामाजिक एवं शिक्षक गलियारे में शोक की लहर पर पसर गई। निधन की सूचना मिलते ही उनके देवरिया आवास से लेकर उनके पैतृक गांव में भारी भीड़ जमा हो गई। दोपहरी में उनका शव देवरिया आवास पहुंचा। जहां पहले खड़े समर्थकों, शुभचिंतकों और शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यही पर उनकी शव यात्रा की औपचारिकताये भी पूरी की गई और भारी भीड़ के साथ शव यात्रा उनके गांव निकल गई। देवरिया आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों में सपा प्रमुख विकास यादव, पूर्व प्रमुख विजय प्रताप यादव, सपा नेता प्रदीप श्रीवास्तव, विजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व नपा प्रमुख बसंत श्रीवास्तव, शिक्षक नेता प्रेमचंद मिश्रा, अशोक सिंह, दिनेश तिवारी, सपा नेता हुसैन खान, पत्रकार उमेश शुक्ला, राकेश धर द्विवेदी, धनंजय मणि, अजीत तिवारी, जे एन लाल श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे। देवरिया से निकली शव यात्रा उनके पैतृक गांव होते हुए जयप्रकाश मिश्रा घाट कटैलवा घाट में पहुंचा। जहां सैकड़ो की उपस्थिति में उनको मुखाग्नि दी गई। मालूम श्री श्रीवास्तव ग्राम प्रधान संगठन संस्थापकों में थे और अनेक जन आंदोलन में उनकी भूमिका सराही गई। वह एक नेक दिल इंसान और आम सरोकारों से जुड़े रहे।

# आईजीआरएस समीक्षा में कई विभागों का प्रदर्शन असंतोषजनक मिला

**देवरिया।** आईजीआरएस (जन शिकायत निवारण प्रणाली) की समीक्षा बैठक में पाया गया कि जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों में अत्यंत खराब प्रदर्शन किया गया है। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि खंड विकास अधिकारी तरकुलवा, पथरदेवा, बरहज, बैतालपुर, भटनी तथा लार का संतोषजनक निस्तारण शून्य प्रतिशत रहा। चकबंदी अधिकारी सलेमपुर व प्रथम, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पंचायत विभाग के सहायक विकास अधिकारी – तरकुलवा, देवरिया सदर, पथरदेवा, बरहज, भटनी, रामपुर कारखाना तथा सलेमपुर – का प्रदर्शन भी शून्य प्रतिशत पाया गया।

इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड तथा खान निरीक्षक का प्रदर्शन 14 प्रतिशत, चकबंदी अधिकारी देवरिया का 20 प्रतिशत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी का 25 प्रतिशत, खंड विकास अधिकारी भटनी का 33 प्रतिशत,




अधिशासी अभियंता विद्युत का 35 प्रतिशत, उपजिलाधिकारी बरहज का 37 प्रतिशत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी का प्रदर्शन 50 प्रतिशत दर्ज किया गया।

उपरोक्त स्थिति पर जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ नोडल अधिकारी आईजीआरएस जैनेंद्र सिंह द्वारा पंचायत राज विभाग के सहायक विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण सम्यक परीक्षण के उपरांत ही किया जाए। बिना उचित जांच के गुणवत्ताविहीन आख्या अपलोड करना तथा लापरवाही पूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण कार्यवाही करना गंभीर अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक प्रकरण में आवेदक से संपर्क किया जाए, निस्तारण आख्या में फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए तथा आवेदक को संतुष्ट किया जाए। यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# अपने नवजातों की तरह पौधों का भी करें पालन पोषणः डीएफओ




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** वन महोत्सव के कार्यक्रम के द्वितीय दिन पर मड़ावरा तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट वितरित किया गया। बुधवार 2 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में जन्मे सभी 05 नवजाज शिशुओ को मंत्री प्रतिनिधि डा० सुरेश पंथ,

- ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण समारोह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा

चन्द्रदीप रावत ब्लाक प्रमुख, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग ललितपुर गौतम सिंह एवं चिकित्साधिकारी अविनाश कुमार, स्टॉफ नर्स व अन्य स्थानीय लोगो के साथ ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट वितरण किया गया। साथ-साथ एक-एक पौधा नवजात शिशुओं के माता-पिता को दिया गया। पौधे को नवजात शिशुओ के माता-पिता द्वारा रोपित किया जायेगा एवं पौधो की देखरेख, सुरक्षा भी उनके द्वारा की जायेगी।

उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा के स्टॉफ सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण 1-7 जुलाई 2025 के बीच जन्मे नवजात शिशुओ के माता-पिता को चिकित्सा विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। डीएफओ गौतम सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में पौधारोपण करना तथा उसकी बच्चे की तरह देखभाल करने की जागरूकता उत्पन्न करना है।

## नगर को हरा-भरा बनाने में पालिका प्रयासरतः अलका

**देवरिया।** नगर के एमआरएफ सेंटर पर नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।



वृक्षारोपण करने के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक अत्यंत भावनात्मक और पर्यावरणीय सरोकार से जुड़ी पहल है, जिसका उद्देश्य माँ के सम्मान में एक वृक्षारोपण करना है।

यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि माँ की ममता, त्याग और स्नेह के प्रतीक के रूप में एक वृक्ष को समर्पित करता है ।अगर हम सभी प्रकृति को हरा भरा बनाना चाहते है तो एक पेड़ मां के नाम लगाना है ।नगर को हरा भरा बनाने में नगर पालिका प्रयासरत पर इसमें नगरवासियो का सहयोग भी बढ़-चढ़ कर चाहिये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर धरती की हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया है ।इस अभियान में एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे ।उन्होंने कहा कि धरती मां के स्वरूप समान है। पेड़-पौधों से वायुमंडल का संतुलन बना रहता है।

उक्त कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय तिवारी, भाजपा नेत्री भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्षअर्चना पाण्डे ,रमेश मल्ल ,सभासद गण , नगर पालिका एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ओटीपी शेयर करते ही ठगों ने निकाले 6 हजार

**रेउसा (सीतापुर)।** मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के जगदीशपुर हजरिया निवासी सुशील यादव टेलीकॉम कंपनी के प्रमोटर हैं। वे अन्य कंपनियों के सिम को दूसरी कंपनियों में पोर्ट कराने का काम करते हैं। मंगलवार शाम 7.30 बजे उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया। ट्रूकॉलर पर कॉलर का नाम राजेश गुप्ता था। उसने खुद को कंपनी का अधिकारी बताया। कॉलर ने सुशील का नाम और काम की जानकारी देकर वेरिफिकेशन के लिए लाइन पर रहने को कहा। कॉलर ने वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) की मांग की। यह ओटीपी सुशील के लापू सिम से जुड़ा था। ओटीपी शेयर करते ही उनके लापू अकाउंट से पैसे कटने शुरू हो गए। ठगों ने खाते से 6 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी है। थानाध्यक्ष अतुल शुक्ला के अनुसार यह प्रकरण साइबर क्राइम से जुड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गोमती मित्रों ने जम्मू में किया स्वच्छता श्रमदान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अगर ठान लिया है कुछ करने का, तो हर मंजिल को पाया जा सकता है। इसी संदेश को साकार किया है गोमती मित्रों ने। जनपद से 1000 किलोमीटर दूर जम्मू-कश्मीर के श्री रघुनाथ जी मंदिर में स्वच्छता जागरूकता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर उन्होंने न केवल मंदिर परिसर की सफाई की, बल्कि स्थानीय लोगों और दर्शनार्थियों को स्वच्छता का महत्व भी बताया। वरिष्ठ पदाधिकारी संत कुमार प्रधान के नेतृत्व में 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इस विशेष कार्यक्रम को आयोजित किया। स्वच्छता के साथ-साथ इस अभियान का एक उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में लोगों को एकजुट और प्रेरित करना भी था। कार्यक्रम में सहभागी सदस्य मंदिर परिसर के आसपास भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहे। प्रतिनिधि मंडल में संत कुमार प्रधान, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, संदीप कुमार सिंह, नितीश सिंह, निखिल कुमार सिंह, रणवीर सिंह, आनंद वत्स, दिव्यांश, प्रांजल, शिवांश और महिला मंडल की सदस्य नीतू सिंह, प्रेमलता सिंह, पूजा सिंह, अमृता, अंजली सिंह, सिद्धि, शिखर आर्य, वेदांत आदि ने भाग लिया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को बीएलओ व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** बुधवार को तहसील सभागार लालगंज में विधानसभा हरचंदपुर के अंतर्गत समस्त सुपरवाइजर व बीएलओ आदि की निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में बैठक की गई। उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक में सभी सुपरवाइजरों एवं बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान दिया गया तथा आयोग के निदेर्शों के क्रम में आगामी निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संबंधी दिशा निर्देश प्रदान किए गए। प्रभारी तहसीलदार शंभू शरण पांडे ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं एवं महिलाओं की सहभागिता पर विशेष जोर दिया जाय। आयोग के निदेर्शों के क्रम में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों के संभाजन एवं समायोजन हेतु भी विशेष चर्चा की गई। बैठक उप जिलाधिकारी लालगंज की अध्यक्षता में नायब तहसीलदार शिवम सिंह राठौड़ व प्रभारी तहसीलदार शंभू शरण पांडे द्वारा संपन्न कराई गई।

# शांति व सौहार्द से मनायें मोहर्रम कांवड़ यात्रा और अन्य त्यौहार

- शांति समिति के सदस्यों ने प्रस्तुत किये सुझाव, प्रशासन के पूर्ण सहयोग के लिए किया आश्वस्त



**सीतापुर।** आगामी त्यौहारों पर्वों पर सांप्रदायिक सद्भाव, शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डीएम अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित महर्षि दधीचि सभागार में बुधवार को जनपदीय पीस कमेटी शान्ति एवं कानून व्यवस्था संबंधी बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान आगामी पर्वों एवं त्यौहारों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा अभी तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी। डीएम एवं एसपी ने निर्देश दिए कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने अपेक्षा की कि किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न की जाये। ताजिए की ऊंचाई निर्धारित ऊंचाई से अधिक न रखी जाये। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभी उपस्थितजनों ने जनपद में शांति एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने हेतु प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

डीएम अभिषेक आनंद ने सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन हेतु पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। ताजिया की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक न हो, और डीजे पर केवल धार्मिक भजन संगीत का ही प्रयोग हो। किसी भी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले संगीत को न बजाया जाये। डीएम ने निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर नियमों से अवगत करा दें। अधिकारीगण अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। विभिन्न समुदायों के बीच समन्वय एवं संवाद बनाए रखने हेतु अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सम्बंधित मार्गों को गड्ढा मुक्त किया जाए। डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता एवं प्रकाश हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मंदिरों एवं कावड़ मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही सीसीटीवी की भी व्यवस्था करने हेतु डीएम ने निर्देशित किया। घाटों पर चेतावनी बोर्ड के साथ प्रकाश की व्यवस्था, ट्रासफार्मर के आस-पास सुरक्षात्मक उपाय किये जायें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। कोई भी कार्य गैर-पारंपरिक या विवादित तरीके से न किया जाए। आयोजकों को चेतावनी देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर जवाबदेही तय की जाएगी, इसलिये नियमों का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित मांस मछली की दुकानों पर एसओपी का पालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान ढडीएम नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित समस्त उप जिलाधिकारीगण, पुलिस उपाधीक्षकगण, जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए सम्भ्रांत नागरिकगण, शांति समिति के सदस्यगण व संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से लोग परेशान

**पाटन, उन्नाव।** गांव में छह माह से सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से नालिया बज बजा रही हैं वही जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं और लोग इसका शिकार हो रहे हैं, ग्रामीणों ने गांव में फैली गंदगी को लेकर अभिलंब सफाई कर्मचारी को नियुक्त किए जाने की मांग की है। विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत पांच हजार से अधिक की आबादी वाली ग्राम पंचायत पाटन में लगभग छह माह से सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं है सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से गांव की नालियां कीचड़ से बज बजा रही हैं वही जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं ऐसी स्थिति में गांव में फैल रही संक्रामक बीमारियों से लोग शिकार हो रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चैधरी ने बताया कि सफाई कर्मचारी की गांव में नियुक्ति न होने की शिकायत कई बार रेडियो पंचायत से की गई किंतु शिकायत के बाद अब तक गांव में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति विभाग की उदासीनता के चलते नहीं हो सकी है सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से विकासखंड के यह कर्मचारी सरकार की योजना को पलीता लगा रहे हैं। उनकी अनदेखी के कारण आज स्थिति यह बन गई है कि बरसात के मौसम में ग्रामीण संक्रामक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

# गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत का आरोप

**बिसवां नगर (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिसवां के मोहल्ला थाना तहसील में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हिमांशु शाह के रूप में हुई है, जो राजेश के पुत्र थे। मंगलवार की रात हिमांशु की तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे बगिया नामक निजी अस्पताल ले गये। डॉक्टर ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। अगली सुबह हिमांशु दवाई लेने अस्पताल पहुंचा। मृतक की मां सोनी शाह के अनुसार, अस्पताल में उनके बेटे को दो इंजेक्शन लगाए गये। इंजेक्शन लगते ही हिमांशु की सांस रुक गई और उसका शरीर अकड़ने लगा। डॉक्टर के कुछ कर पाने से पहले ही उसकी सांस वापस नहीं आई। परिजन तुरंत हिमांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने बगिया अस्पताल पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गलत इंजेक्शन की वजह से उनके बेटे की मौत हुई। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है।



## नैमिष में स्वदेश दर्शन के तहत हुई समीक्षा बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नैमिष में स्वदेश दर्शन के अन्तर्गत विभिन्न स्थलीय विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं उससे जुड़े प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नैमिषारण्य मास्टरप्लान का प्रस्तुतीकरण पी0पी0टी0 के माध्यम से किया गया। जिसमें आईबीआई से विजय प्रकाश (डेस्टिनेशन कोऑर्डिनेटर), तनमय कपूर (अर्बन डिजाइनर) तथा डेलॉइट से सम्राजी पॉल ने मास्टरप्लान प्रस्तुत किया। टीम ने नैमिषारण्य में किए जाने वाले शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म परियोजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण की सराहना की और अपनी सुझाव डिजाइनिंग टीम को प्रदान किए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, एसडीएम मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगा के कटान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया



**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र में गंगा के जल स्तर से कटान को लेकर एडीएम ने गंगा कटरी क्षेत्र के गांवों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गंगा नदी के कटरी इलाके में हो रहे तेजी से कटान का एडीएम सुशील कुमार गौड़ ने निरीक्षण किया।जिसमें उन्होंने मार्ग को कटान से बचाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता सुबोध कुमार, सिंचाई विभाग अवर अभियंता दीपक कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही दबौली गांव में बाढ़ की चैपाल लगाकर ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों से कटरी बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर निराकरण के अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग एवं विद्युत विभाग को चैकन्ना रहने के साथ एडीओ पंचायत हेमंत कुमार को गांव ने साफ सफाई रखने के आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण, रोशन, सोहन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# आदर्श नगर पंचायत के रास्तों पर भी निकलना दूभर

- मार्ग पर जलभराव की स्थिति, मार्ग पर फैला कीचड़

**हरगांव (सीतापुर)।** आदर्श नगर पंचायत हरगांव के वार्ड रामपुर बरौरा जाने वाले मार्ग पर निकलना मुश्किल हो रहा है। बताते हैं कि लगभग दस दिन पूर्व मार्ग दुरुस्ती के लिए इस मार्ग की खुदाई की गई थी। क्योंकि इस मार्ग पर हमेशा जलभराव की स्थित बनी रहती हैं इसी मार्ग पर पड़ोस में मन्दिर के पास सौर ऊर्जा संचालित पानी की टंकी का निर्माण नगर पंचायत हरगांव ने लगभग एक वर्ष पूर्व करा दिया लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई। बताने के अनुसार पहले इस मार्ग पर डामर सड़क बनी थी जो जल भराव के कारण ध्वस्त हो गई और लोगों का निकलना मुश्किल हुआ। लोक निमार्ग विभाग ने इस हाल ही में सड़क निर्माण कराया लेकिन जलभराव को देख शेष निर्माण कार्य नगर पंचायत हरगांव के जिम्मे छोड़ दिया। आदर्श नगर पंचायत हरगांव ने इस निर्माण के लिए लगभग आठ लाख से अधिक की धनराशि स्वीकृत की। लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। इसी मार्ग पर प्राचीन भुवनेश्वरी देवी मन्दिर स्थित है। जहां पर श्रृद्धालुओं का सुरक्षित पहुचना दुश्वार हो रहा है। अब विद्यालय खुल गए हैं जिसकी वजह से सैकड़ों छात्र और छात्राओं का कीचड़ और गंदगी युक्त मार्ग से निकलना मजबूरी बन गया है। वर्तमान समय में इस मार्ग से संभल कर



निकलना भी कठिन है। लोग कीचड़ में रपट जाते हैं। नगर पंचायत ने इस मार्ग पर एक हफ्ते पूर्व ईटा तोड़कर डलवा कर मिट्टी और बालू डलवाई। किन्तु पानी बरसने के बाद कीचड़ फैल गया लेकिन इस समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। इस समय स्थानीय लोग तरपतपुर या माली टोला होकर निकलते हैं। जो काफी असुविधाजनक है। इस बाबत नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खां से बात की गई तो उन्होंने बताया अगर पानी न बरसा तो तीन दिनों में आरसीसी कार्य पूर्ण कर मार्ग को दुरुस्त करा दिया जायेगा।

## सोशल फारेस्ट्री डिवीजन ने पौधरोपण कार्यक्रमों का किया आयोजन

**सिधौली (सीतापुर)।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग वन प्रभाग नवीन खण्डेलवार ने बताया कि वन महोत्सव-2025 के अंतर्गत सीतापुर सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन द्वारा 2 जुलाई को विभिन्न रेंजों-सिधौली, हरगांव एवं सीतापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम थी, एक पेड़-मां के नाम। मुख्य आयोजन सिधौली रेंज में सम्पन्न हुआ। जिसमें विधायक सिधौली मनीष रावत मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उनके साथ मिथिलेश कुमार ग्राम प्रधान, विकास यादव (उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवां), रोहित निगम (क्षेत्रीय वनाधिकारी, सिधौली) एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक मनीष रावत ने वृक्षारोपण करते हुए नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आमजन को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। दूसरा कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय, हरदौरपुर-हरगॉव रेंज में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषयक नुक्कड़ नाटक, गीत एवं भाषण प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में बीनू पाल (क्षेत्रीय वनाधिकारी, हरगॉव) तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

# जल स्तर बढ़ने पर नदी के तटीय गांव जलमग्न, कटान से हो रहे प्रभावित

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि वर्तमान में मॉनसून प्रभावी है। निकट भविष्य में जनपद की 03 तहसीलों में शारदा व घाघरा नदियों के जलस्तर बढ़ने की सम्भावना है। नदियों में जल स्तर बढ़ने पर नदी के तटीय बसे गाँव जलमग्न एवं कटान से प्रभावित होते है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उक्त के दृष्टिगत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2025 की बाढ़ से होने वाले दुष्प्रभाव को न्यून किए जाने एवं आम जनमानस को राहत, बचाव व सहायता प्रदान किए जाने हेतु समस्त तैयारियों शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण कर ली गई है। बाढ़ आपदा से बचाव हेतु जिलाधिकारी, सीतापुर की अध्यक्षता में बैठके आयोजित कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों यथा-चिकित्सा, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, पशुपालन, पंचायती राज, विकास विभाग, पुलिस विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि अन्य महत्वपूर्ण विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना तैयार की गई है। तत्कम में जनपद की सम्भावित बाढ़ प्रभावित तहसीलों-बिसवां, लहरपुर एवं महमूदाबाद में बाढ़ रक्षा संसाधनों की उपलब्धता है। जिसमें लाईफ जैकेट, लाईफ बोट, सर्च लाईट, मेगाफोन,

- तहसीलों में नाव नाविक, गोताखोरों का चिह्नांकन, कम्युनिटी किचन की व्यवस्था की गयी

रस्सा-रस्सी, सेफ्टी हेलमेट, स्ट्रेक्कर आदि है। तहसीलों में राहत शिविर, बाढ़ चैकियों सुव्यवस्थित है। तहसीलों एवं जनपद मुख्यालय पर कंट्रोल रूम संचालित है। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर संचालित बाढ़ कंट्रोल रूम का नम्बर-05862-245753 एवं 242400 तथा टोल फ्री नम्बर-1077 एवं सी.यू.जी. मोबाइल नम्बर-9454416556 है। तहसीलों में नाव-नाविक, गोताखोरों का चिन्हांकन, कम्यूनिटी किचन की व्यवस्था कर ली गई है। आपदा से बचाव एवं आम जनमानस को जागरूक किए जाने हेतु कम्यूनिकेशन प्लान तैयार किया गया है। राहत चैपाले नियमित रूप से लगाई जा रही है। बाढ़ प्रभावितों के ठहरने एवं उनके भोजन-पानी हेतु टेण्डर कर लिया गया है। प्रभावितों को राहत सहायता प्रदान किए जाने हेतु खाद्यान्न राहत किट का टेण्डर कर लिया गया है, जिसे बाढ़ राहत केन्द्रों/राहत शिविरों पर नियमानुसार वितरित कराया जाएगा। पशुओं के भूसा चारा एवं राहत शिविरों में स्वच्छता हेतु टेण्डर कर लिया गया है। सिंचाई विभाग द्वारा नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की सूचना उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अतिरिक्त तहसील के उपजिलाधिकारी तहसीलदार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण निरीक्षण किया जा रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर सर्तक दृष्टि रखी जा रही है।

## डॉक्टर्स-पर वरिष्ठ चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोशिएशन रायबरेली इकाई की ओर से डॉक्टर्स डे धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तदान की शुरूआत आईएमए अध्यक्ष डा० संजीव जायसवाल ने की। इस मौके पर सचिव डा० अनुपम दीक्षित, डा० बृजेश बहादुर सिंह, डा० मनीष चैहान, डा. अमिता दीक्षित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सायं काल एक भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन न्यू नरेश होटल में किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए आईएमए अध्यक्ष डा० संजीव जायसवाल ने मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा० पी० के० अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि विश्व प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डा० अनुज माहेश्वरी को सम्मानित किया। इसके अलावा शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों जिसमें डा० ए.एस. वर्मा, डा० ए.आर. त्रिपाठी, डा० अजय श्रीवास्तव, डॉ बृजेश सिंह आदि को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने वाले आईएमए परिवार के सदस्यों के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें सौन्दर्या जायसवाल, ऐश्वर्या सिंह, अर्चिता दीक्षित, सार्थक दीक्षित, सत्यांश सिंह, डा० सिद्धार्थ गुप्ता, डा० अनुकृति सिंह आदि थे।

## बालू, मौरंग व मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर पुलिस की मिलीभगत से भू-माफिया बेखौफ



**मिश्रिख (सीतापुर)।** मिश्रिख कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में बालू, मौरंग और मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। भू-माफियाओं की लोडेड गाड़ियां दिन-दहाड़े खुलेआम खनन कर रही हैं और क्षेत्रीय प्रशासन तथा पुलिस महकमे की संलिप्तता के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर सरकारी भूमि, तालाबों और खेतों से मिट्टी व बालू निकाल रहे हैं। जिससे पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ मुख्य मार्गों और गांवों के बीच हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत के कारण यह अवैध कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्रीय थानों को इसकी जानकारी देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होती, जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं। सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने डीएम से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और खनन में संलिप्त अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। रात-दिन चलने वाली इन ट्रकों से रास्ते भी टूट गए हैं। धूल-मिट्टी से सांस लेना मुश्किल हो गया है, लेकिन पुलिस माफियाओं को संरक्षण दे रही है।

## संभावित बाढ़ को लेकर तटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण किया

**पाटन, उन्नाव।** संभावित बाढ़ से निपटने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा बढ़ती जा रही चैकसी के तहत आज बुधवार को तटवर्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा बाढ़ चैकी दूली खेड़ा में उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह द्वारा गंगा पार पडने वाले दूली खेड़ा, धर्मदास खेड़ा आदि के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मजरो के ग्रामवासियों व ग्राम प्रधानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को सुझाव दिया कि वह हर परिस्थितियों से निपटने के लिए दवाइयां ओआरएस का गोल इनवर्टर बैटरी चार्ज रखें तथा रात में प्रकाश के लिए मोमबत्ती की व्यवस्था सुनिश्चित करें वही गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण कर ले वह आयरन की गोलियों की व्यवस्था का सुझाव दिया साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवागमन के रास्ते को ठीक करने के निर्देश दिए ताकि आवागमन में कोई असुविधा ना हो सके। बरसात के मौसम में नंगे पैर तथा गहरे पानी में न जाने की सलाह दी उन्होंने कहा कि जो लोग निचले जगह पर रह रहे हैं वह फसल न बोए ताकि बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। ग्राम प्रधानों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह सरकार के अतिरिक्त निजी स्तर पर खाद्य सामग्री का पर्याप्त मात्रा में अपने पास भंडारण रखें ताकि विषम परिस्थितियों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद की जा सके और मुनादी पिटवाकर संबंधित जानकारी पूरे गांव को अवगत करने के निर्देश दिए। पशुओं के टीकाकरण के लिए अभी से तैयार रहने को कहा। उपजिलाधिकारी ने बताया कि गढ़ेवा पुल के खराब होने के कारण एक्शन पीडब्ल्यूडी थाना बारासगवर को निर्देशित कर दिया गया कि पूरी तरह से आवागमन प्रतिबंधित कर दें ताकि होने वाली अनहोनी घटना से बचा जा सके।

# जिला अस्पताल की व्यवस्था ध्वस्त कर रहे दलाल

- कमीशन का खेल, मरीजों को बेहतर इलाज का झांसा देकर पहुंचाते हैं नर्सिंगहोम

जिला संवाददाता (vol)



**उन्नाव।** जिला अस्पताल में बाहरी लोगों का दबदबा होने से यहां व्यवस्थाएं बीमार हैं। दलालों और बिचैलियों ने कमीशन के लालच में स्वास्थ्य कर्मियों को भी अपने जाल में फंसा रखा है। स्वास्थ्य कर्मी मरीज और गर्भवतियों को इलाज में देरी करते हैं। परेशान मरीज और तीमारदार आसानी से दलाल के झांसे में आ जाते हैं। इनकी दबंगई के आगे यहां सुरक्षा में तैनात पूर्व सैनिक भी बेबस नजर आ रहें हैं। जिले में अधिकतर नर्सिंगहोम दलालों के भरोसे चल रहे हैं। नर्सिंगहोम के दलाल अस्पताल पर कब्जा जमाए हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में 122 नर्सिंग होम दर्ज हैं, जिनमें से 25 से अधिक शहर में संचालित हैं। इसके अलावा 50 से अधिक नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के घरों और गैराज में खुलेआम संचालित हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल में सक्रिय दलाल, नर्सिंगहोम को हर महीने लाखों की कमाई करा रहें हैं। दलाल, यहां आने वाले मरीज को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कमियां और डॉक्टरों के लापरवाही गिनाकर बेहतर इलाज का झांसा देकर नर्सिंगहोम पहुंचा देते हैं। नर्सिंगहोम संचालक, मरीज से मोटी कमाई करके दलालों को भी कमीशन पहुंचाते हैं। अस्पताल से मरीज को नर्सिंगहोम भेजने पर सरकारी स्वास्थ्य कमीर्यों का भी कमीशन तय होता है। अस्पताल में दलालों के कब्जे की शिकायते तो कई बार हुईं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से इन पर अंकुश नहीं लग पाया।

### महिला विभाग में सबसे ज्यादा दलाल सक्रिय

अस्पताल से मरीजों को नर्सिंगहोम भेजने में महिला विभाग सबसे आगे है। महिला विभाग में नर्सिंगहोम के दलाल भी सबसे अधिक सक्रिय। सुबह से लेकर रात तक महिला विभाग से मरीजों को दलालों के जिम्मे कर दिया जाता है। दलाल महिला अस्पताल से मरीजों के तीमारदारों को लालच देकर नर्सिंग होम लिवा ले जाते हैं। कोई अगर बीच में बोलता है तो नोंक-झोंक और धक्का-मुक्की भी करते हैं। महिला विभाग ओपीडी में महिलाओं की ब्लड जांच की रिपोर्ट लेने में मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। वहीं रिपोर्ट देने में कर्मचारी मरीजों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हैं।

## प्रभात वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को किया जागरूक सैनिकों, अध्यापकों व गरीब बच्चों को दी राहत



**मिश्रिख (सीतापुर)।** प्रभात वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा द्वारा एसपीए पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्तमान मौसम परिवर्तन से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई और बच्चों को सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया। चिकित्सकीय सुझावों के साथ-साथ बच्चों को उचित खानपान, साफ-सफाई और समय पर इलाज के महत्व को भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी ने एक सराहनीय पहल की घोषणा करते हुए कहा कि सैनिकों, अध्यापकों और गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूल में आधे शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। यह कदम समाज के लिए समर्पित उन वर्गों के प्रति सम्मान और सहानुभूति का प्रतीक माना जा रहा है। जो किसी न किसी रूप में देश व समाज की सेवा कर रहे हैं। एसपीए पब्लिक स्कूल प्रबंधन और प्रभात वेलफेयर सोसाइटी के इस संयुक्त प्रयास की अभिभावकों व स्थानीय जनों ने प्रशंसा की और इसे एक सकारात्मक सामाजिक पहल बताया।

संक्षेप

## भीकमपुर वन ब्लॉक में हुआ पौधरोपण

**ललितपुर**। मड़ावरा रेंज के अन्तर्गत भीकमपुर वन ब्लाक में वन महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों डा० सुरेश पंथ, मुकेश पाल, चन्द्रदीप रावत ब्लाक प्रमुख, रविन्द्र राजा, धर्मेन्द्र राजा ग्राम प्रधान गिरवाहा, सुन्दर सिंह ग्राम प्रधान भीकमपुर, कैलाश साहू, सुरेन्द्र सिंह, कल्यान सिंह, नरायण सिंह, श्रीमती लक्ष्मीराज, श्रीमती रानी अहिरवार,यशपाल, कु० भावना, मुन्नालाल, रामसेवक के साथ अन्य महिलाओ ने आम, पाकड़, पीपल, बरगद, सहजन आदि के द्वारा कुल 100 पौधे रोपित किये गये। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग ललितपुर गौतम सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय वन अधिकारी मड़ावरा अशोक कुमार यादव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सूर्यकान्त, वन दरोगा महेन्द्र रजक, हल्कूराम, मुन्नीलाल, खुशीराम एवं वन रक्षक हजारी लाल, वन रक्षक तनुज एवं ग्याप्रसाद, दशरथ, माली आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डीएफओ ने सभी से अपील करते हुये कहा कि वन महोत्सव के दौरान ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगायें एवं उनकी देखभाल व सुरक्षा करें।

## किसान योजनाओं का उठायें लाभ

**ललितपुर**। जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुये बताया है कि जनपद के किसानों के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के लिए लक्ष्य प्राप्त हुये हैं, इसके तहत पहले आओ-पहले पाओ के अनुसार पात्रता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जायेगी। डीएचओ ने बताया कि किसान भाई कम्पनी बाग तुवन चैराहा के पास स्थित कार्यालय आकर योजनाओं की जानकारियां ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्यं क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राज्य औद्यानिक मिशन योजना, अनु0जाति, जनजाति के किसानों हेतु औद्यानिक विकास योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना संचालित हैं, जिसका लाभ किसान पंजीकरण कराकर उठा सकते हैं।

## महिला से बदसलूकी करने पर दरोगा लाइन हाजिर

**बांदा**। ससुरालियों से परेशान महिला पुलिस के पास शिकायत करने पहुंची लेकिन उसे न्याय देने की बजाय दरोगा ने उससे बदतमीजी की और फोन पर अनैतिक मांग की। पीड़ित महिला ने दरोगा की बातें फोन में रिकॉर्ड कर लीं। इसके बाद बुधवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के पास पहुंचकर आपबीती बताई। एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने 15 जून को ससुरालीजनों के खिलाफ कालिंजर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच बरछा पुलिस चैकी को दी गयी थी चैकी इंचार्ज पवन कुमार ने इस मामले की जांच शुरू की थी। पीड़िता ने एसपी को बताया कि जांच अधिकारी पवन कुमार उससे अश्लील बातें करता है और फोन कर उसे मानसिक रूप से परेशान करता है। गंदे इशारों और अनर्गल मांग को मांगने से इनकार करने पर दरोगा ने चार्जशीट से मुख्य आरोपियों के नाम ही हटा दिए। महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दरोगा के फोन से की गयी बातचीत की रिकॉर्डिंग भी सौंपी है। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर जांच के आदेश दिए हैं।

## नगर पंचायत गोसाईगंज का डीएम ने किया निरीक्षण

**अयोध्या**। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को गोसाईगंज में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा निमार्णाधीन मार्गों का व नगर पंचायत गोसाईगंज कार्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज प्रथम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत गोसाईगंज कार्यालय के सभी पटलों की जानकारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके बाद जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज प्रथम में वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पौधे रोपित किये गये। तत्पश्चात 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के अन्तर्गत गोसाईगंज में लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड द्वारा निमार्णाधीन मार्गो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यो में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# पेट्रोल पम्प पर दबंगों ने किया हमला

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। कोतवाली पुलिस ने पेट्रोल पंप पर हुए हमले के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है। घटना बीती 01 जुलाई को रात करीब 9.30 बजे लक्ष्मीपुरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर घटित हुई।शिकायतकर्ता संजय जायसवाल ने बताया कि वह अपने

- तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

चचेरे भाई संजीव जायसवाल और कर्मचारी रवि रजक के साथ पेट्रोल पंप पर मौजूद थे।

तभी रोहित पटेल (निवासी चैकाबाग) अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और पेट्रोल पंप के कमरे में एक बैग रखने लगा।

जब कर्मचारी ने उसे मना किया, तो रोहित और उसके साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने संजय, संजीव और रवि पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे सभी को शारीरिक चोटें आईं। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पीड़ित परिवार ने न्याय की उम्मीद जताई है।

# आकाशीय बिजली से गौवंश हानि रोकने के लिए लगेंगे कुचालक

**ललितपुर**। वर्षा कालीन मौसम में आकाशीय बिजली गिरने से निराश्रित एवं पालित गोवंश की होने वाली क्षति को रोकने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान सीडीओ, सभी खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पशुपालन अधिकारी, डीपीआरओ एवं अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। डीएम ने कहा कि वर्षा ऋतु में विशेषकर खेतों एवं खुले मैदानों में चारा चरने गए गोवंश पर आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं लगातार सामने आती हैं, जिससे न केवल पशुपालकों को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि समाज में असंतोष की भावना भी जन्म लेती है। इस संवेदनशील विषय पर प्रभावी रोकथाम और राहत कार्य के लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर तत्काल प्रभाव से क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वह आकाशीय बिजली गिरने के अधिक प्रभावित क्षेत्र व गौशाला में आकाशीय बिजली कुचालक संयंत्र/डिवाइज लगवाना सुनिश्चित करें। गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण, चिकित्सा सुविधा, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त मात्रा में चारे, पानी, शेड एवं बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इसके साथ ही निराश्रित गोवंश को सड़क एवं खेतों से चिन्हित कर गौशालाओं में लाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को भी जिम्मेदार बनाया गया है। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने जिले के समाजसेवियों, गौसेवकों एवं पशु प्रेमियों से अपील की कि वे आगे आकर इस अभियान में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य सिर्फ पशुओं की रक्षा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना के साथ एक सकारात्मक सामाजिक वातावरण का निर्माण करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक सप्ताह गौशालाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगे तथा गोवंश के स्वास्थ्य, संख्या, चारा-पानी की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं की अद्यतन रिपोर्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे।

- डीएम ने की समाजसेवियों, गौसेवकों एवं पशु प्रेमियों से अपील आगे आकर अभियान में प्रशासन का करें सहयोग

# आर आर सी सेंटर निर्माण में कमियां देख डीएम नाराज



**बांदा**। विकास खंड जसपुरा के ग्राम गड़ोला स्थित आर आर सी सेंटर के निर्माण कार्य का बुधवार को जिलाधिकारी जे0 रीभा ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में मिलीं अनेक कमियों को देखने के बाद उन्होने खंड विकास अधिकारी जसपुरा और सहायक विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि तत्काल सभी कमियों को दुरूस्त कराएं तथा निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय पर कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत झंझरी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र के निर्माण का जायजा लिया। तमाम कमियां मिलने के बाद उन्होने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन्हे तत्काल दुरूस्त किया जाए। उन्होने साफ लहजे में कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दास्त नही की जाएगी। डीएम ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

## ट्रक की रेसिंग से किशोर की मौत, केस दर्ज

**ललितपुर**। थाना कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे के बाद ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस घटना में एक 15 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित मंगल कुशवाहा और उनका बेटा ईशू डोगरा कला निवासी ने बताया कि बीती 23 जून 2025 को अपराह्न करीब 3.30 बजे वह गोविंद सागर बांध के पास था। मंगल कुशवाहा अपने बेटे ईशू के साथ मोटर साइकिल यू.पी. 94 यू 5816 पर जामुन बेचने जा रहे थे। तभी पीछे से एक ट्रक (एचआर 55 ए.डब्ल्यू. 9387 ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उनकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मंगल का हाथ टूट गया, जबकि ईशू को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां से ईशू को झांसी के नवजीवन अस्पताल रेफर किया गया। 24 जून को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 125(ए), 125(बी) और 106 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित परिवार ने 28 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के पिता मंगल कुशवाहा ने न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि दोषी चालक को सख्त सजा मिले।

## अज्ञात वाहन से टकराकर फोटो ग्राफर की मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

**नगीना, बिजनौर**। शादी में फोटोग्राफी का कार्य कर अपने घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। उपचार के दौरान हॉस्पिटल में तीन दिन बाद युवक की मौत हो गई। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाही की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। जानकारी के अनुसार नगीना थाने में दी तहरीर में थाना बढापुर क्षेत्र के ग्राम जमालपुर ढीकली निवासी मृतक के भाई दीपक कुमार पुत्र महेर सिंह ने कहा था कि मेरा बडा भाई चन्द्रप्रकाश नगीना के कृष्णा मैरिज हाल से फोटो ग्राफी करके घर वापस आ रहा था। जब मेरा भाई नन्दपुर से आगे मेन रोड पर पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी मोटर साईकल स्पलेन्डर प्लस मे टक्कर मार दी। जिससे मेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस के द्वारा सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना मे भर्ती कराया जहाँ पर उसे बिजनौर के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने नाजुक हालत को देखते हुए उसे कॉसमास हास्पिटल मुरादाबाद रेफर कर दिया जहाँ उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार को उपचार अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई को उसके अन्य साथियों ने पीट दिया है जिससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# बालश्रम से मुक्त कराये गये तीन किशोर



**ललितपुर**। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत खतरनाक, गैर खतरनाक व्यवसाय, प्रक्रियाओं में नियोजित बाल एवं किशोर श्रमिक पाये जाने पर नगर क्षेत्र की 03 दुकानों में नियोजित 03 बाल/किशोर श्रमिक चिन्हित किये गये और उन्हें बाल श्रम से मुक्त कराया गया। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी दी गयी कि संज्ञान में आया है कि शादी-विवाह समारोह कार्यक्रमों में यदि कोई भी बाल, किशोर, श्रमिक, कर्मचारी टेन्ट, केटरिंग, ढोल, इत्यादि कार्यों में किसी भी प्रकार का श्रमिक, कर्मचारी के रूप में कार्य करता पाया गया तो तत्काल मैरिज हॉल संचालक के विरूद्ध कठोरतम, दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण टीम बाल श्रम मुक्त कराने हेतु निरन्तर प्रयास कर रही है। निरीक्षण के समय श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी आर.के.श्रीवास्तव, मानव तस्कर रोधी थाना प्रभारी हरिशंकर सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, महिला हे.का.सीता देवी, श्रम विभाग कुलदीप गुप्ता, रामप्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# वीडियो, फोटो वर्कशॉप में एक्सपर्ट ने बतायी तकनीक

जिला संवाददाता



**बांदा**। फोटोग्राफर एसोसिएशन की बांदा इकाई के सौजन्य से शहर के अवस्थी पार्क में फोटो और वीडियोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन हुआ।

जिसमें वरिष्ठ, योग्य एवं अनुभवी फोटोग्राफर एवं मेंटर रमेश चंद्र चैरसिया की उपस्थिति में साथियों के साथ अपने कैमरों सहित लाइव डेमो, वेडिंग फोटोग्राफी कैंडिडेट शूट, प्री वेडिंग शूट आदि को किस प्रकार शूट किया जाता है इस बारे में फोटोग्राफरों को तकनीकी एक्सपर्ट ने कैमरों के साथ जानकारी दी। फोटोग्राफरों ने अपने इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से फोटो एवं वीडियोग्राफी की, जहां भी उनको कलर कलेक्शन, स्पीड, अपर्चर में समस्या पैदा हुई उन्हे जानकारी दी गई ताकि फोटोग्राफी में अच्छे विजुअल निकालकर बिजनेस कार्य को बेतहर तरीके से कर सकें।

लो लाइट, ओवर लाइट की कमियों के बारे में कैमरों में मौजूद सेटिंग्स के बारे में जानकारी दी गयी ताकि कार्य करते समय किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम प्रत्येक माह की 15 एवं 30 तारीख को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान निःशुल्क दो दिवसीय फोटोग्राफी सीखने की कला का आयोजन किया जाएगा। जो फोटोग्राफर इस वर्कशॉप में जुड़ना चाहते हों वह निःशुल्क ग्रुपों के मोबाइल नंबरों, वेबसाइट तथा संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप में अपना नंबर डालकर संपर्क करें। कार्यशाला में सीनियर फोटोग्राफर संरक्षक रमेश चंद्र चैरसिया, जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना, राजेश निषाद, महामंत्री, अमृतलाल गुप्ता सचिव, राजेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, राधेश्याम साहू कोषाध्यक्ष, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता मीडिया प्रभारी मयंक तिवारी, ब्यूटीशियन निकिता आहूजा, मॉडल पल्लवी ठाकुर, पुष्पेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे।

## स्वतंत्र पत्रकार समिति के जिलाध्यक्ष बने नितिन नामदेव



**महोबा**। स्वतंत्र पत्रकार समिति (रजिस्टर्ड) की एक बैठक नवीन गल्ला मंडी के पास स्थित स्वतंत्र पत्रकार समिति के कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से नितिन नामदेव को महोबा जनपद का जिलाध्यक्ष व आलोक शर्मा को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। दोनों मनोनीत पदाधिकारियों ने कहा कि स्वतंत्र पत्रकार समिति के द्वारा जो जिम्मेदारी उनको सौंपी गई है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे तथा पत्रकारों के हित के लिए काम करते हुए उनको आने वाली समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयत्न करेंगे। बैठक में वर्तमान जिलाध्यक्ष राजू गुप्ता को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया।

# आधार कार्ड बनाने का कार्य फर्जी ढंग से करने वालों के पर मुकदमा दर्ज होः एडीएम



**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक महात्मा विदुर सभागार, कलक्ट्रेट, बिजनौर में आयोजित की गयी।

अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने बुधवार को बैठक में फर्जी तरीके से कैंप लगाकर आधार नामांकन का कार्य करने वालों के विरुद्ध अर्थ दंड एवं एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूल की जा रही है, उनकी जांच कर उस पर अंकुश लगाने के लिए संचालकों से शासन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए और पुनःवृत्ति होने पर केंद्र का लाइसेंस निरस्त करते हुए संचालक के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ लेने के लिए तथा अन्य कार्यों में आधार कार्ड की अनिवार्यता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने के लिये नम्बर आफ यूनिट के आधार पर अधिक पेन्डिसी वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए ब्लॉक स्तर एवं नगर पालिका अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर खोलना सुनिश्चित करें। उन्होंने आधार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारयों को निर्देश दिए कि अपनी आधार किट को जल्द से जल्द क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें तथा इस प्रक्रिया को ससमय अवश्य पूरा कर लें, जिससे की जिले के शत प्रतिशत लोगों को आधार सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने आधार बनाने एवं अपडेट करने वाले विभागों को निर्देश दिये कि ई-केवाईसी सहित सभी प्रोपर डाक्यूमेंटेशन के साथ आधार बनाये जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटी न होने पाये। उन्होने कहा कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनने से शेष रह गये बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर आधार कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी द्वारा आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में सी0एस0सी0 ई-गवर्नेंस द्वार जिले, तहसील व विकास खण्ड स्तर पर आधार सेवा केन्द्रों की स्थापना आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को निर्गत किए। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर घनश्याम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर किया कार्य

**बिजनौर**। जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आऊटसोर्सिंग कर्मचारी चार माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में बांह पर काली पट्टी बांध कर कार्य कर रहे हैं। आऊटसोर्सिंग कर्मचारी शीघ्र ही वेतन की मांग को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देंगे व डीएम को अपनी समस्या से अवगत कराएंगे।

जनपद के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सरकार की नीति के तहत 223 आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से तैनाती दी गई थी। प्रारंभ से ही कार्यरत आऊटसोर्सिंग के वेतन के लिए अनुदान की कोई व्यवस्था नहीं की गई। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ शुरू से ही आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों की आवाज बना हुआ है। दीपावली पर्व से पूर्व वेतन दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ा था।

अब चार माह के वेतन के लिए आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को भटकना पड़ रहा है। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया एक सप्ताह पूर्व संगठन ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जय करन यादव से भेंटकर आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन दिलाने की मांग की थी।

पल कश्यप, बिहारी लाल गाडगे, आलोक शर्मा, कमलेश द्विवेदी, अंचल सोनी, आदित्य शुक्ला, हेमन्त कुमार, सूरजभान, देवीदीन, राजकुमार, नाती राजा, राजू गुप्ता, रामकुमार, अर्पित सिंह, जीतू अनुरागी, चंद्रभान गुप्ता, प्रहलाद सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

## स्कूली बसों की जांच में 1 निरूद्ध, 3 का चालान



**बांदा**। स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को परिवहन विभाग ने तिन्दवारी क्षेत्र में पीटीओ राम सुमेर यादव ने टीम के साथ जांच के दौरान मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 1 स्कूल बस को तिंदवारी थाने में निरूद्ध किया है। जांच के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने 3 स्कूली बसों का चालान किया है।

पीटीओ रामसुमेर यादव ने वाहन चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि जनपद में चलाए जा रहे स्कूली वाहनों की जांच अभियान के दौरान मानक विरूद्ध चलने वाली बसों के विरूद्ध नियमित कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि वाहन संचालक उन्हीं वाहनों का संचालन करें जो सभी मानकों को पूरा करते हों। जांच के दौरान कमियां मिलने पर चलानी कार्रवाई के साथ ही वाहन सीज की कार्यवाही एवं जुमार्ना भी संभव है। कहा कि असुविधा से बचने के लिए मानक के अनुरूप और फिट वाहनों को ही चलाएं तथा कार्रवाई से बचें।

## स्कूलों के समायोजन को लेकर आप आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**बांदा**। आम आदमी पार्टी ने स्कूल बंद करने के सरकार के फैसले का विरोध किया है और इस मामले को लेकर बुधवार को इसके विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। आप का कहना है कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 में 27,308 शराब की दुकाने खोली हैं जबकि इसी दौरान 26 हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद कर दिए हैं। सरकार की चरणबद्ध तरीके से स्कूलों को बंद करने की योजना है। पहले चरण में 20 से कम छात्र संख्या वाले स्कूल बंद होंगे जबकि दूसरे चरण में 50 तक छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद किया जाएगा। आप का कहना है कि यह फैसला शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है।

आरटीई के तहत प्रत्येक एक किलोमीटर में स्कूल होना जरूरी है। स्कूल बंद होने से प्रदेश भर में 1.35 लाख सहायक शिक्षक और 27 हजार प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त हो जाएंगे। पार्टी ने सरकार पर शिक्षा के निजीकरण का आरोप लगाया है। सरकारी स्कूलों के स्थान पर मानक विहीन निजी विद्यालयों को मान्यता दी जा रही है।

निजी स्कूल 3 साल के बच्चों का दाखिला कर रहे हैं जबकि सरकारी स्कूलों में 6 वर्ष पर दाखिला होता है। जिले के कमासिन विकास खंड के 31 स्कूलों पर समायोजन की तलवार लटक रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालयों के विलय होने से गरीब छात्रों की शिक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

विकास खंड में 121 प्राथमिक विद्यालय हैं इनमें 66 उच्च प्राथमिक एवं 23 कम्पोजिट विद्यालय हैं। बेसिक शिक्षा विभाग 31 स्कूलों को समायोजित करने जा रहा है। बीईओ राजेश कुमार ने बताया कि विकास खंड में इस तरह के 31 विद्यालय चिन्हित किए गये हैं जिनमें छात्र संख्या 50 से कम हैं समायोजन के लिए सूची शासन को भेजी गयी है।

## जहीर हुए असाहित्य मार्तण्ड अलंकरण से सम्मानित



**ललितपुर**। जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि, शाइर जहीर ललितपुरी को जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज द्वारा साहित्य मार्तण्ड अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया है। जहीर ललितपुरी को इसके पहले भी कई राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा, उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए अन्तराष्ट्रीय काव्य गौरव सम्मान, शाने वसुन्धरा सम्मान, वेस्ट राइटर सम्मान, वेस्ट सेलर लेखक सम्मान आदि जैसे अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। जनपद लौटकर आये जहीर ललितपुरी ने बताया कि यह सम्मान प्रयागराज में हिन्दुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के हॉल में जगदीश साहित्य संस्थान के प्रथम वार्षिक उत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह व विराट कवि सम्मेलन 29 जून को मंच पर देश के विभिन्न प्रांतों से आये ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों, विद्वानों, मनीषियों व अतिथियों के बीच दिया गया।

इस अवसर पर शब्द साहित्य प्रकाशन बिलासपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित साझा संग्रह काव्य उड़ान, का विमोचन किया गया गया जिसमें प्रसिद्ध साहित्यकारों के साथ जहीर ललितपुरी की रचनायें भी शामिल की गई हैं। उक्त संग्रह में सहभागिता के लिए भी सम्मान पत्र देकर जहीर ललितपुरी को सम्मानित किया गया।

## लम्बित आवेदन पत्रों का 15 जुलाई तक करें निस्तारण

**ललितपुर**। बुधवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं सीडीओ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा हेतु स्वयं बैंकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसबीआई की गांधीनगर शाखा में डीएम ने पत्रावलियों का निरीक्षण कर कुछ आवेदकों से वार्ता कर उनकी समस्या के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने शाखा प्रबन्धक को लम्बित आवेदन पत्रों पर निस्तारण के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया है। एचडीएफसी बैंक में डीएम ने आवेदकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शाखा प्रबन्धक को लंबित आवेदन पत्रों को 15 जुलाई तक निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बैंकों को वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष के अन्त की प्रतीक्षा न करते हुए प्राप्त वार्षिक लक्ष्य को समय से पहले ही पूर्ण कर लिया जाय तथा बैंकों को प्राप्त ऋण पत्रावलियों का निस्तारण आवेदकों के सम्पर्क स्थापित करने के बाद ही किया जाय।

महिला उद्यमी के प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए, उनसे अनावश्यक दस्तावेज की मांग न की जाए।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि आप समस्त बैंकों की शाखाओं से उनके द्वारा वित्त पोषित इकाईयों में से कोई एक सबसे अच्छी इकाई का विवरण उपलब्ध करायें।

# नागरिकता का प्रमाण

मतदाता सूची को बिहार में दुरुस्त करने का काम हो रहा है। इसमें फर्जी मतदाताओं को बाहर करने के लिए चुनाव आयोग ने कई नियम तय किये हैं और आयोग के कर्मचारी घर-घर जाकर मतदाता सूची को दुरुस्त कर रहे हैं। इस बहाने राजनीति भी शुरू हो गयी है। सबसे अधिक विरोध टीएमसी कर रही है क्योंकि उसको यह आशंका है कि जब अगले साल पश्चिम बंगाल में चुनाव होंगे तो वहां भी इसी तरह से मतदाता सूची को ठीक किया जायेगा। इससे ऐसे फर्जी मतदाता छंट जायेंगे जो पड़ोसी देश से आकर जाली कागजातों के सहारे मतदाता बने हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमआईएम नेता-सांसद ओवैसी के आरोप हैं कि भारत सरकार चोरी-छिपे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करना चाहती है, नतीजतन मुसलमानों की एक अवांछित आबादी की नागरिकता रद की जा सकती है। ममता बनर्जी ने बंगाल में एनआरसी लागू नहीं करने की घोषणा भी की है। नागरिकता का यह विवादित मुद्दा पुराना है। सर्वोच्च अदालत की निगरानी में असम और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य राज्यों में, प्रयोग के स्तर पर, एनआरसी की कवायद की गई थी। दरअसल यह न तो असंवैधानिक अभियान है और न ही मुसलमानों की नागरिकता रद्द की जा रही है। किसी भी सरकार को नागरिकता छीनने का अधिकार नहीं है। यह सर्वोच्च अदालत के स्तर पर कई बार दोहराया जा चुका है। गौरतलब यह भी है कि भारत सरकार ने एनआरसी का निर्णय अभी तक नहीं लिया है। फिलहाल जनगणना और जातीय गणना के विराट अभियान सामने हैं, जिन्हें मार्च-अप्रैल, 2027 तक पूरा करने के लक्ष्य तय किए गए हैं। वैसे एनआरसी जनगणना का ही एक प्रारूप है। यदि जनगणना पर आपत्ति नहीं है, तो एनआरसी पर चीखा-चिल्ली क्यों मचाई जा रही है? जबकि अभी यह लागू भी नहीं की गयी है। दरअसल हमारा विषय यह है कि एक औसत भारतीय की नागरिकता के तय मानक क्या हैं? यह देश अधिकतर गांवों, पिछड़े इलाकों और बाढ़-बारिश से ग्रस्त क्षेत्रों में बसने को बाध्य है। नागरिकता के लिए कई दस्तावेज अपेक्षित हैं, जिन्हें पेश करने में कठिनाई आ सकती है। उन संदर्भों में अहम सवाल है कि आधार कार्ड नागरिकता का पात्र, मानक आधार क्यों नहीं है? जनवरी, 2009 में तत्कालीन मनमोहन सरकार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का गठन किया था और इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि को उसका प्रथम अध्यक्ष बनाया गया था। आधार कार्ड सितंबर, 2010 में लागू हो गया। आज देश के 125 करोड़ से अधिक लोगों के पास आधार कार्ड है। उसमें नाम, पिता का नाम, जन्म-तिथि, पता और व्यक्ति के बॉयोमीट्रिक चिह्न आदि सब कुछ दर्ज हैं। प्राधिकरण के नाम में भी पहचान शब्द जुड़ा है। आज आयकर रिटर्न, बैंक खाते के संचालन, सरकार की विशेष सामाजिक सुरक्षा वाली योजनाओं का लाभ, बच्चों का स्कूल में दाखिला, म्यूचुअल फंड्स अथवा शेयर बाजार में निवेश करने, सिम कार्ड खरीदने, नौकरी में प्रवेश करते समय आधार कार्ड का प्रस्तुतीकरण अनिवार्य है। सरकार ने पैन कार्ड और बैंक खातों को आधार से अनिवार्य तौर पर लिंक करा दिया है। अब मतदाता पहचान पत्र को भी आधार कार्ड से जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। यदि आधार कार्ड इतना महत्वपूर्ण और प्रामाणिक दस्तावेज है, तो उसके आधार पर किसी की नागरिकता तय करने में क्या दुविधा है? मतदाता कार्ड भी अत्यंत मौलिक, साक्ष्य वाला दस्तावेज है। उसे नागरिकता का आधार मानक क्यों नहीं माना गया है? सरकार दलीलें देती रही है कि आधार कार्ड और मतदाता कार्ड एक निश्चित गिरोह द्वारा फर्जी बनाए जाते रहे हैं। तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दरअसल यह सरकार की ही नाकामी है। फर्जी और नकली पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड सब बन जाते हैं। सरकार इन जालसाजों, नकलबाजों को क्यों नहीं रोक पाई है? यह सरकार के लिए गंभीर चुनौती भी है। देश में करोड़ों घुसपैठिये हैं। उनके पास फर्जी कार्ड भी होंगे, वे वोट बैंक भी हैं, उन्हें सियासी संरक्षण भी मिलता है। ऐसे में सरकार को बड़ी सावधानी से मतदाता सूचियों को तैयार करना होगा ताकि एक भी घुसपैठिया वोटर लिस्ट में रह न जाये और एक भी नागरिक मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न होने पाये।



देश में अगर फर्जी आधार कार्ड और वोटर आईडी बन रहे हैं तो इसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए।

# हथियार बाजार का बड़ा खिलाड़ी बनेगा भारत



संजय श्रीवास्तव




नाटो देशों का अपना रक्षा खर्च बढ़ाकर अपनी-अपनी जीडीपी के पांच फीसदी पर लाने पर राजी होना, चीन और रूस दोनों के लिए चिंताजनक है। मगर भारत को यह रक्षा प्रणाली और हथियार बेचकर करोड़ों, अरबों कमाने का सुनहरा मौका है, जो उसे 2030 तक विश्व के टॉप टेन रक्षा निर्यातकों में पहुंचा देगा। आखिर विशेषज्ञों के इन दावों में कितना दम है?

**विमर्श**

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूस से दिखाए भय और इस भभकी के चलते कि वह उत्तरी अटलांटिक देशों के संगठन नाटो से अलग हो जाएगा, बाकी 31 देशों में से स्पेन को छोड़कर सभी ट्रंप के आगे नत मस्तक हो अपना रक्षा बजट 2032 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद के 5 फीसदी तक करने पर राजी हो गये हैं। ट्रंप की चालाकियां, नीति-रणनीति और पैंतरे जो उसके साथ शामिल अधिकतर छोटे यूरोपीय देशों के लिये हों, हम पर खास असर न डालते हों तो इस बारे में हमारी खुशी क्या और चिंता क्या लेकिन एक तो भू-राजनीतिक समीकरण इतने एक रेखीय नहीं होते, जितने अमूमन नजर आते हैं। उनमें कई परोक्ष अंतर्संबंध गुंफित होते हैं। तिस पर भारतीय विश्लेषकों ने इस सुर्खियों से अखबार रंग दिये हैं कि अमेरिकी प्रस्ताव जिसे धमकी कहना उचित होगा, स्वीकार लेने से तमाम नाटो देशों का रक्षा बजट दोगुना-तिगुना होगा तो हमारे हथियार, सैन्य प्रणाली तथा उपकरण खूब बिकेंगे। हम और हमारी कंपनियां इस बाजार में बड़े खिलाड़ी के बतौर स्थापित होंगे।

फ्रांस, अमेरिका के अलावा एशिया और अफ्रीका के साथ कई विकासशील देश भारतीय हथियारों में रुचि ले रहे हैं। फिलीपींस ब्रह्मोस खरीद रहा है तो वियतनाम नौसैनिक उपकरण, मॉरीशस, सेशेल्स, श्रीलंका वगैरह तटरक्षक पोत, लैटिन अमेरिका के कुछ देश भारतीय रडार और हल्के हथियारों में रुचि दिखा रहे हैं, तो हम नेपाल, म्यांमार, भूटान के अलावा इंडोनेशिया, ब्राजील और कुछ यूरोपीय देशों को भी हथियार बेचने जा रहे हैं। ऐसे में गैर नाटो देशों के अलावा कम से कम दो दर्जन नए नाटो ग्राहक मिलेंगे तो हम करोड़ों अरबों कमाएंगे। इस तरह की प्रत्याशा से भरे समाचारों की प्रचुरता ने नीदरलैंड्स के द हेग में हुई बैठक के दौरान नाटो देशों के नए बजट की मंजूरी को अपने देश के लिये भी एक महत्वपूर्ण घटना के बतौर स्थापित कर दिया। सवाल उठता है कि क्या विश्लेषकों का आंकलन तर्कसंगत और सटीक है? अथवा अति उत्साही और महज खुशफहमी भरा है? बेशक भारत अब बेहद उन्नत और सक्षम हथियार तथा सैन्य तकनीकी से संपन्न उपकरणों उपस्करों का निर्माण करता है, विश्व बाजार में उसकी साख भी बन रही है। वह हथियारों को बेचना भी अवश्य चाहेगा। पर क्या वाकई यह एक इतना आसान और बड़ा अवसर है, जिसका मुख्य दोहनकर्ता भारत ही होगा? क्या यह मौका देश के हथियार बाजार को वैश्विक मंच दिलाएगा? क्या यह लाभ वाकई इतना बड़ा है जितना प्रचारित किया जा रहा है? नाटो के कोष में 66 फीसद हिस्सेदारी निभाने वाले अमेरिका के हाथ खींचने की घुड़की से उसके कुछ देश अपना रक्षा व्यय जीडीपी के पांच फीसद तक ले जाने का प्रयास करेंगे। पोलैंड अपनी जीडीपी का 4 प्रतिशत से ज्यादा, एस्टोनिया और अमेरिका साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक, लातविया और ग्रीस जो तीन फीसदी तक खर्चते हैं, वे ऐसा कर सकेंगे। फिलहाल इसमें ग्रीस के अलावा कोई दूसरा हमारा संभावित ग्राहक नहीं दिखता।

ढ़ाई प्रतिशत या उससे कम का आंकड़ा रखने वाले देशों के लिए यह काम आसान न होगा, जिसमें फिनलैंड, ब्रिटेन, रोमानिया, डेनमार्क इत्यादि हैं और जो देश दो प्रतिशत या उससे भी नीचे यानी जो अपनी जीडीपी का एक प्रतिशत से जरा ही ज्यादा रक्षा मद में व्यय करते हैं, उनके लिये यह असंभव होगा। ज्यादातर नाटो देश सैनिकों, हथियारों पर जीडीपी का साढ़े तीन प्रतिशत का रक्षा व्यय पूरा नहीं कर पायेंगे। हद से हद सड़कों, पुलों, बंदरगाहों, हवाई क्षेत्रों, सैन्य वाहनों, साइबर सुरक्षा और ऊर्जा पाइपलाइनों की सुरक्षा सहित बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के मद में जीडीपी का डेढ़ प्रतिशत का नियत हिस्सा वे गोलमाल से पूरा करेंगे। कुछ देशों की राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि सत्ता में उनके साझीदार रक्षा को शिक्षा, स्वास्थ्य पर तरजीह देने के खिलाफ हैं। नाटो के सभी देश रक्षा पर स्वास्थ्य या शिक्षा से कम खर्चते हैं। 5 प्रतिशत रक्षा व्यय तय करते हैं तो 21 देश जो अभी शिक्षा के मद में पांच प्रतिशत से कम निवेश करते हैं, वे स्कूली शिक्षा को पीछे छोड़ सेना को अधिक आवंटित करेंगे। ऐसे में सत्ता, गठबंधन चुनावों में लोकप्रियता की राजनीति उन्हें रोकेगी तो सामाजिक ताकतें भी। स्पेन जैसे देश जो भौगोलिक तौरपर रूस-चीन के खतरे से बहुत दूर हैं वे इस ओर कान ही नहीं देंगे। सवा फीसदी से थोड़ा ज्यादा रक्षा व्यय वाला कनाडा राजनीतिक कारणों से आनाकानी करेगा। रक्षा व्यय को जीडीपी के पांच फीसदी तक पहुंचने के लिए तकरीबन दो दर्जन देशों को मौजूदा खर्चों की तुलना में हर बरस सैकड़ों अरब डॉलर ज्यादा खर्चने होंगे, तिस पर तुर्रा यह कि नाटो सदस्यों को खुद तय करना होगा कि वे रक्षा व्यय आवंटन हेतु अतिरिक्त नकदी कहां से लाएं? सामाजिक उत्थान की बात और है हथियार के लिये उधार मिलने से रहा।

नाटो के संपन्न और जीडीपी के तीन फीसद से ज्यादा रक्षा व्यय करने वालों के पसंदीदा हथियार विक्रेताओं में अभी भारत शामिल नहीं। छोटे देश जिनका रक्षा बजट उनकी जीडीपी के तीन फीसद तक पहुंच भी जाए तो यह राशि बेहद कम होगी। ऊपर से समूह के सदस्य देशों तथा अमेरिका और बाजार के दीगर बड़े खिलाड़ियों का भी दबाव होगा। नाटो देशों के हथियार और सैन्य सामग्री तथा उपकरणों के मुख्य आपूर्तिकर्ता अभी भी अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन ही हैं। बोइंग, एयरबस और लॉकहीड मार्टिन जैसी अमेरिकी कंपनियों ने नाटों देशों का हथियार बाजार पहले से ही कब्जाया हुआ है, वे इस अवसर को भुनाने के लिये और आक्रामक प्रयास करेंगी। इनके अलावा दक्षिण कोरिया इन देशों को उन्नत मिसाइल और नौसेना प्रणाली बेचने के करीब है, तो इजराइल और तुर्की इन्हें सस्ते ड्रोन्स, साइबर सुरक्षा, इंटेलिजेंस उपकरण तथा ब्राजील सस्ते में हल्के मिलेट्री विमान देने जा रहा है। ऐसे में उनके सैन्य खरीद का कितना हिस्सा हमें मिलेगा कहना मुश्किल है, यह दावा कितना सही होगा कि यह अवसर भारतीय रक्षा निमार्ताओं के लिए भारी निर्यात का रास्ता खोलेगा, वैश्विक रक्षा खरीद गतिशीलता को नई दिशा देगा? भारत नाटो देशों के लिए एक आकर्षक द्वितीय सप्लायर बन जाएगा।

नाटो देश अब सस्ते और भरोसेमंद वैकल्पिक हथियार स्रोत ढूंढ़ रहे हैं, सो कुछ नाटो देशों से खरीदारी के प्रस्ताव मिलते भी हैं, तो उसका हमारे रक्षा व्यवसाय पर कितना प्रभाव पड़ेगा यह इसी बात से समझा जा सकता है कि आज 85 से अधिक देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात करने के बावजूद भारत वैश्विक रक्षा निर्यात बाजार में एक प्रतिशत से कम की हिस्सेदारी रखता है। विगत एक दशक में सरकार ने जो कोशिशें रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के नाम पर की हैं, उसके शानदार परिणाम अब दिखने लगे हैं और तय हो चुका है कि भारत रक्षा बाजार में भविष्य का बड़ा खिलाड़ी है। ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस, अर्जुन टैंक, स्वदेशी रडार, आर्टिलरी गन, डोर्नियर-228 विमान, आकाश वायु रक्षा प्रणाली, पिनाका रॉकेट जैसे तमाम निर्यात योग्य शानदार उत्पाद हैं। डेटा पैटर्न इंडिया, पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज, डीआरडीओ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारत डायनेमिक्स, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी, एचएएल, टाटा एडवांस सिस्टम, जैसी कई कंपनियां अपने उत्पादों और डिलिवरी के लिये वैश्विक स्तर पर जानी जा रही हैं। एमआरओ यानी मेंटीनेंस, रिपेयर, ओवरऑल सेक्टर में भी हम बेहतर हैं। यदि हम अपनी आकांक्षाओं को वास्तविकता के धरातल पर रखें तो इस अवसर का लाभ हम टियर-2 सप्लायर के रूप में ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य है वित्त वर्ष 29 तक रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का उसे इसी तरह पूरा किया जा सकता है।

**सोशल मीडिया**



समाजवाद देखना है तो भारतीय संस्कृति में देखिए। हजारों सालों से भारत के मंदिरों में भंडारा और सैकड़ों सालों से गुरुद्वारों में लंगर देखा जा सकता है। सुधांशु त्रिवेदी.



श्री गिरनार जी तीर्थ स्थल पर आयोजित हो रहे तीर्थंकर भगवान श्री नेमिनाथ जी के 'मोक्ष कल्याणक महोत्सव' की संपूर्ण विश्व के जैन समुदाय को हार्दिक बधाई। अखिलेश यादव



श्री रविन्द्र चव्हाण जी को महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई। हमे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठनात्मक रूप से भाजपा मजबूत होगी। नितिन गडकरी

# मानवता को प्राचीन भारतीय चिकित्सा प्रणाली की देन



**डॉक्टर्स डे (1 जुलाई) पर विशेष**

**ब्रजेश कुमार मिश्रा**

साथियों, 1 जुलाई 2025 को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया। यह दिवस भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक और बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चन्द्र रॉय के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक साल एक जुलाई को मनाया जाता है। प्राचीन चिकित्सा शास्त्री धन्वन्तरि से लेकर डॉ. बी. सी. रॉय तक भारत के चिकित्सा शास्त्र के विकास में एक अद्भुत सातत्य परिलक्षित होता है। प्राचीन काल की समकालीन संस्कृतियों में भारत ही एकमात्र ऐसी संस्कृति थी जिसमें चिकित्सा विज्ञान की तीनों विधाओं - मानव चिकित्सा, पशु चिकित्सा तथा वनस्पति चिकित्सा पर कई स्वतंत्र एवं वृहद ग्रन्थ लिखे गये और उनकी चिकित्सा की उचित व्यवस्था की गयी।

प्रथमतः, मानव चिकित्सा (आयुर्वेद) के लिए धन्वंतरि तथा महर्षि च्यवन की परंपरा को चरक ने चरक संहिता, सुश्रुत ने सुश्रुत संहिता संहिता, वाग्भट्ट ने अष्टांगहृदयम् जैसे बृहद ग्रन्थ लिखकर आगे बढ़ाया जिससे तत्कालीन जनता के रोगों का उपचार हो सका था। सुश्रुत ने ही सबसे पहले चिकित्सा जगत को मोतियाबिंद, प्रसव और पथरी की शल्य चिकित्सा के बारे में लोगों को अवगत कराया। तक्षशिला विश्व विद्यालय से आयुर्वेदाचार्य की डिग्री प्राप्त करने वाले आचार्य जीवक भी एक प्रमुख चिकित्सक थे जो बिम्बिसार की राज्यसभा में रहते थे और जिन्होंने पीलिया रोग से ग्रसित कोशल नरेश प्रद्योत तथा महात्मा बुद्ध के पेट सम्बन्धी रोगों का सफलता पूर्वक इलाज किया था।

द्वितीयतः, हमारे ऋषियों ने मानवों के साथ साथ पशु चिकित्सा के सम्बन्ध में भी बड़े बड़े ग्रन्थ लिखे जिससे पशुओं का इलाज संभव हो सका ऐसे ग्रंथों में महर्षि पालकाप्य का हस्त्यायुर्वेद एवं गजशास्त्रम्, शालिहोत्र ऋषि का अश्वायुर्वेद तथा विभिन्न ग्रंथों में वर्णित गो-वैद्यशास्त्र आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हस्त्यायुर्वेद में हाथियों की शारीरिक संरचना, उसके विभिन्न रोगों का निदान और हाथियों की शल्य चिकित्सा एवं उसके देखभाल के सभी पहलुओं पर सुन्दर वर्णन किया गया है। यह ग्रन्थ प्राचीनकाल में हाथियों को विभिन्न रोगों से बचाने के लिए अंग नरेश रोमपाद के अनुरोध पर महर्षि पालकाप्य द्वारा लिखा गया। शालिहोत्र के अश्वायुर्वेद में घोड़ों की विभिन्न नस्लों, उनकी उम्र बताने के तरीकों, उनकी बीमारियों और उनके उपचार के बारे में बड़े विस्तृत ढंग से बताया गया है। शालिहोत्र ऋषि को भारतीय पशु चिकित्सा विज्ञान का जनक भी कहा जाता है।

त्रितीयतः, प्रत्येक जीव में परमात्मा का वास मानने वाली भारतीय संस्कृति पेड़ पौधों में भी जीवन मानती है और इसीलिए उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए विभिन्न ग्रन्थ लिखे गये। ऐसे ग्रंथों में महर्षि परासर एवं सुरपाल के वृक्षायुर्वेद का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसके अतिरिक्त चाणक्य के अर्थशास्त्र और बराहमिहिर की बृहत्संहिता में भी पेड़ों एवं वनस्पतियों की चिकित्सा का सुन्दर वर्णन किया गया है। सुरपाल के वृक्षायुर्वेद के बारे में लोगों को पता ही नहीं था। इस ग्रन्थ को 1996 में वाई.एल.नेने ने ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड की एक पुस्तकालय में पाया। यह संस्कृत में लिखा गया है, कालांतर में इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया वृक्षायुर्वेद में पौधों एवं पेड़ों के विभिन्न प्रकार, उनके लिए उपयुक्त वातावरण तथा उनके विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज आदि का बहुत मनोरम वर्णन किया गया है। 11-12 वीं शताब्दी में जब इन ग्रंथों का अरबी भाषा में अनुवाद हुआ तो यह ज्ञान विज्ञान अरब से होता हुआ पश्चिम तक पहुंचा रॉयल ऑस्ट्रेलियन कालेज ऑफ सर्जन्स मेलबोर्न ने आचार्य सुश्रुत को 'शल्य चिकित्सा का जनक' बताकर उनकी प्रतिमा को यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर लगाया है जो भारतीय ज्ञान मीमांसा को वैश्विक जगत में आलोकित कर रहा है डॉक्टर के कर्तव्य का वर्णन करते हुए सुश्रुत ने लिखा है -

मातर पितर पुत्रान् बाँधवानापि चातुरः।
अप्येतानभिशंकेत् वैद्ये विश्वासमेति च।। *(सुश्रुत संहिता)*

भावार्थ - डॉक्टर को अपने पुत्र के समान मानकर रोगी की सेवा करनी चाहिए क्योंकि रोगी एक बार अपने माता पिता बंधु बांधवों पर संदेह कर लेता है किन्तु डॉक्टर पर कभी नहीं।

**जयतु भारत संस्कृतिः!**

*(लेखक आईपीएस अधिकारी हैं)*

# वासना पर विजय

**अंतर्दृष्टि**

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# गरीबी मिटाने के बजट पर चिंतन

**व्यंग्यलोक**

पांच सितारा कहलाने वाली हिलटॉप जगह पर देश की गरीबी के विनाश पर चिन्तन शुरू किया गया। गरीबी मिटाने का बजट आया हुआ था। बजट के पूरे उपयोग के लिए चिन्तन गोष्ठी में गरीबी से रूबरू होने के लिए फील्ड विजिट का कार्यक्रम बनाया गया, जिससे आस-पास के पर्यटक स्थलों की सैर भी गोष्ठीधिपति कर सकें। मिनरल वाटर स्नान व ड्राइ फ्रूट भोग से गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में डिसीजनों की भरमार हो गई थी। गरीबी के विनाश के लिए देश के समस्त मल्टीप्लेक्स को पाबंद किया कि शो प्रारंभ होने से पहले गरीबी मिटाने के आकर्षक संदेशों को एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में दिखाया जाये। हर एक सरकारी समारोह समाप्ति पर गरीबी भगाएंगे का गाना जरूर गाया जाए। खाद्य एवं नागरिक रसद विभाग राशन कार्डों पर गरीबी मिटाने के नारों को मल्टी कलर में मुद्रित करे। उचित व अनुचित मूल्यों की दुकानों पर पोस्टरों, दीवार चित्रों, स्लोगनों और टिन प्लेटों आदि द्वारा गरीबी मिटाने से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पंचायत केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद, आयुर्वेद औषधालय, पटवारी घर, कृषि केंद्र व स्कूल भवनों पर गरीबी मिटाने के नारों को आकर्षक तरीके से लिखवाने की व्यवस्था कराएं। शिक्षा विभाग समस्त टीचरों को निर्देशित करे कि वे हर माह की दस तारीख को देश के सभी स्कूलों में दस बजे 10 नारे गरीबी के विरुद्ध जरूर लगाएं। 10 तारीख 10 बजे 10 नारे कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जाए। एक विशाल प्रभात फेरी निकालें जिसमें सभी बच्चे, शिक्षक व प्रधानाध्यापक गांव की प्रत्येक गली को गरीबी मिटाने के नारों से गुंजायमान कर दें। हर महीने रैली निकालने के कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जाए। सहकारिता विभाग अपने सदस्यों को गरीबी दूर करने के लिए समझाए। समस्त प्रकार की सहकारी समितियां दीवार चित्र, बड़े होर्डिंग व पैम्फलेटों की सहायता से गरीबी मिटाने का प्रचार-प्रसार करें। यातायात विभाग अपने सभी वाहनों पर गरीबी मिटाने के संदेश आकर्षक तरीके से लिख दें। यातायात विभाग को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी सरकारी वाहन को पकड़कर उन पर गरीबी मिटाने के संदेश लिख दें। राजस्व विभाग अपने पटवारियों को निर्देशित करें कि वे अपने संपर्क में आने वाले ग्रामीणों से गरीबी छोड़ने की गुहार करें। पत्रकारों को गरीबी मिटाने के ऐसे प्रयासों की खबर प्रसारित करने के लिए उकसाएं। अखबार व टेलीविजन में सरकार गरीबी मिटाने के विज्ञापन दें। जन स्वास्थ्य विभाग पानी के बिलों व पानी की टंकियों पर गरीबी खत्म करने के नारे लिखवाए। जिला कलेक्टर इन सभी कार्यों की बार-बार मीटिंग लें व समीक्षा करें, ताकि गरीबी की जड़ पर प्रहार किया जा सके।



राम विलास जॉंगिड़

**विचार**

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
–ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
–संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
–चाणक्य.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
–जैन धर्मग्रंथ.

## आप की बात

### युवाओं में औद्योगिक स्किल

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों को आशियाना

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## होम्योपैथिक संघ की नयी कार्य समिति का हुआ गठन

**अयोध्या।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया अयोध्या इकाई की बैठक जिले के होटल में आयोजित की गयी जिसमें नए कार्य समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह,उपाध्यक्ष डॉ कुलदीप,सचिव डॉ मनीष राय,कोषाध्यक्ष डॉ अखिल,स्टेट काउंसिल मेंबर- डॉ अरुण पटेल,नेशनल काउंसिल मेंबर डॉ पंकज सिंह व मीडिया प्रभारी डा दीपक को मनोनीत गया।नये दायित्वो का श्री गणेश एचएमएआई अयोध्या ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के शुभ अवसर पर मणिपर्वत स्थित वृद्ध आश्रम पर निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित कर बुजुर्गो के आशीर्वाद के साथ किया।

सचिव डा. मनीष राय ने बताया की एचएमएआई अयोध्या होम्योपैथी चिकित्सा के प्रचार-प्रसार के साथ साथ अपने वरिष्ठ चिकित्सको के मार्गदर्शन मे अन्य सामाजिक कार्यो मे भी प्रतिभाग करेगी।

# गुप्तारघाट का बढ़ेगा आकर्षण, ओपन एयर थियेटर लगायेगा चार चांद

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में रामनगरी अयोध्या को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वैभव का केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अयोध्या के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को और अधिक निखारने के लिए गुप्तारघाट के सौंदर्यीकरण को और भी

- 78 फीसदी कार्य पूरा, प्रोजेक्ट पर खर्च हो रहे हैं तकरीबन 16.57 करोड

बढ़ावा दिया जा रहा है।यह परियोजना निश्चित ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगी।यहां राम दरबार का स्ट्रक्चर और ओपन एयर थियेटर लोगों को खूब भाएगा।गुप्तारघाट भगवान श्रीराम के जल समाधि लेने की पौराणिक कथा से जुड़ा है।अयोध्या के प्रमुख घाटों में से एक है।योगी सरकार ने इस घाट को एक आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए तीसरे चरण के सौंदर्यीकरण कार्य को गति दी है। इस परियोजना पर लगभग 16.57 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहा है, जिसमें से 78 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। अगस्त 2025 तक इस परियोजना को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे गुप्तारघाट का आकर्षण और भी बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत राम दरबार स्ट्रक्चर और ओपन एयर थियेटर जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं, जो न केवल सौंदर्य को बढ़ाएंगे, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन देंगे।पार्किंग एवं पाथवे का कार्य पूर्ण। टिकट घर/गार्ड रूम, किचन एवं टायलेट ब्लक के फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर। इण्टरप्रीटेशन वाल, जटायू स्ट्रक्चर, रावण वध स्ट्रक्चर, राम दरबार स्ट्रक्चर, सीता कुटिया स्ट्रक्चर, राम सेतु, बाउण्ड्रीवाल एवं ऑपन एयर थियेटर का कार्य प्रगति पर। फ्लोर स्लैब का कार्य पूर्ण एवं अग्रेतर कार्य प्रगति पर। हार्टिकल्चर कार्य के लिए बाहर से वूड अर्थ कार्यस्थल स्थल पर उपलब्ध करा दी गयी है, जिसकी लेबलिंग का कार्य प्रगति पर है।राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और गुप्तारघाट का सौंदर्यीकरण इस बढ़ती भीड़ को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अभी तक वहां हुई व्यवस्थाएं भी कम नहीं है।चाहे सैर सपाटा की बात हो या फिर बच्चों के लिए एडवेंचर की।यहां सभी उम्र के लोगो को देखते हुए इंतजाम किए गए हैं।

# राज्य स्तरीय टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** जिले में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को परखने हेतु तीन सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम ने दौरा किया। टीम ने जिले के विभिन्न चिकित्सालयों दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के अंतर्गत में ओपीडी संचालन, टेली कंसल्टेंसी सेवाएं, ए एनसी सेवाएं, फैमिली प्लानिंग के अंतर्गत दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं, एनएचएम के अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया। इसी क्रम में तीन सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अख्तियारपुर, सी एच सी रूदौली एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राम नगर धौरहरा एवं देवरकोट सी एच सी सोहावल, का निरीक्षण किया।इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा बाजार में ओपीडी संचालन, प्रसव एवं सिजेरियन साथ ही फैमिली प्लानिंग के विषय में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जाना एवं बीपीएचयू यूनिट का निरीक्षण किया। बुधवार को राज्य स्तरीय टीम द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेतिया का निरीक्षण किया गया।इसके बाद सी एच सी बीकापुर के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुहँपी एवं मजरूद्दीनपुर का निरीक्षण किया गया। जनपद स्तर से टीम के सहयोग हेतु अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के गुप्ता, डीपीएम राम डॉ मो हम्माद एवं फएल सी मो हारिश अर्बन कोऑर्डिनेटर सुशील वर्मा आदि उपस्थित थे।

## जिला जेल के कारापाल राजेन्द्र सिंह ने संभाला पदभार



**बाराबंकी।** कारागार विभाग में शासन द्वारा किये गये फेरबदल के बाद जिला कारागार की कारापाल की कुर्सी पर राजेंद्र सिंह ने मंगलवार की देर शाम चार्ज ग्रहण किया।यहाँ तैनात कारापाल जितेंद्र प्रताप तिवारी का हाल ही में हुए अधीक्षक पद पर प्रमोशन के बाद कारापाल की खाली कुर्सी पर श्री सिह ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया।डिप्टी जेलर पद से 1997 मे नौकरी की शुरूआत करने वाले जेलर श्री सिंह मूल रूप से प्रयागराज के निवासी है।और कारागार विभाग में फतेहगढ़ सेंट्रल जेल से ट्रेनिंग प्राप्त कर उनकी पहली पोस्टिंग मिजार्पुर कारागार में डिप्टी जेलर के पद पर हुई।प्रदेश की महत्वपूर्ण जेलों में अपनी सेवा देने वाले जेलर श्री सिंह जिला कारागार बांदा, फैजाबाद, लखनऊ, गाजियाबाद में तैनात रहे। और 2019 में गाजियाबाद में तैनाती के दौरान इनका प्रमोशन जेलर पद पर हुआ।जिसके बाद आजमगढ़, बलिया बतौर जेलर तैनात रहे है।और वर्तमान में उनका स्थानांतरण जिला कारागार बलिया से जिला कारागार बाराबंकी में किया गया है। प्राथमिकताओ के बारे में पूछने पर उनका कहना था कि बंदियों को विधिक सहायता दिलवाना उनकी पहली प्राथमिकता है बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या न हो इसके लिए भी वो सजग है।

## 30 सितम्बर तक संचालित होगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

**बहराइच।** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विराट शिरोमणि ने बताया कि मा. कार्यपालक अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराया जाना है।

श्री शिरोमणि ने बताया कि अभियान अन्तर्गत वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले. घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले. सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलो से सम्बन्धित वादों का वादकारीगण मध्यस्थता एंव सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारण करा सकते हैं।

## सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर एक पेड़ अखिलेश के नाम पर सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने रौपे पौधे



**बाराबंकी।** ब्लाक देवा अन्तर्गता ग्राम बरेठी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी एंव पीडीए कार्यक्रम संयोजक ज्ञान सिंह यादव ने सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर केक काटकर एंव एक पेड़ अखिलेश के नाम पर पौधा रोपित कर मनाया।कार्यक्रम मे सपा नेता श्री यादव ने कार्यकर्ताओ से अखिलेश यादव के लिए जन्मदिन पर उपहार स्वरुप पीडीए परिवार की एकता एवं मजबूती मांगी।तथा उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया।कार्यक्रम मे रियाज, अनिरुद्ध यादव, जयपाल सिंह, विकास यादव, बबलू यादव, कादिर, आकाश यादव, अनूप शर्मा, अरुण गौतम, कमलेश मास्टर, राम भजन यादव, राम सजीवन, डॉक्टर इंद्रेश, सुशील, शिवकरण, उत्तम गौतम मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

**बहराइच।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।सचिव ने बताया कि 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मध्यस्थता मामलों (आरबीट्रेशन मैटर) पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

## जैद्पुर-बाराबंकी बस सेवा शुरू कराये जाने की मांग



**जैदपुर,बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर समेत आसपास के लोगों को रोडवेज बस सफदरगंज से होकर बाराबंकी पहुंचाती है।जिससे मुख्यालय की दूरी अधिक तथा ज्यादा स्टॉपेज के कारण अधिक समय के साथ जनता को ज्यादा कीमत भी चुकानी पड़ती है।इस गम्भीर समस्या को लेकर जैदपुर नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक में विधायक गौरव रावत एंव नगर पंचाचत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम के समक्ष छोटी बाजार सभासद मो0 कासिम ने प्रमुखता से उठाते हुये जैदपुर-बाराबंकी सीधी बस सेवा शुरू कराये जाने की मांग की।जिस पर जैदपुर विधायक ने प्रमुख सचिव परिवहन विभाग को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया।तथा जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाये जाने का आश्वासन दिया।बैठक के दौरान राम सिंह, शाहआलम, निजामुद्दीन शाह, टेक चंद्र, अबसार अंसारी, ताहिर अंसारी, आलम अंसारी, शाऐम रिजवी, सुफियान अंसारी, कलीम अंसारी मौजूद रहे।

## पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन की अध्यक्षता मे हुई बैठक

**बाराबंकी।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन की अध्यक्षता मे सट्टी बाजार स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे दो महान सपूतों शहीद अब्दुल हमीद एवं जनसेवक अब्दुल कय्यूम अंसारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि अब्दुल हमीद और अब्दुल कय्यूम अंसारी दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में प्रेरणास्रोत रहे हैं।शहीद अब्दुल हमीद जिन्होंने 28 दिसंबर 1954 को भारतीय सेना की ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती होकर अपना पूरा जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित कर दिया। उनके शौर्य के लिए उन्हें सैन्य सेवा मेडल, समर सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मानित किया गया।उन्होंने मात्र 15 वर्ष की आयु में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया, जेल यात्राएं कीं और समानता के लिए संघर्ष किया।मोमिन अंसारी बिरादरी को संगठित कर मोमिन कांफ्रेंस की स्थापना की और मुस्लिम लीग के विभाजनकारी एजेंडे का डटकर विरोध किया। पसमांदा महाज ने दोनों विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि दोनों ही व्यक्तित्व भारत के सामाजिक और सैन्य इतिहास में अमर रहेंगे।

# बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार बाढ़ कार्य खण्ड अयोध्या के तहत तहसील सदर के अंतर्गत सरजू (घाघरा) नदी के दाएं तट पर स्थित ग्राम समूह-रामपुर पुवारी माझा आदि की कटान से सुरक्षा हेतु जियो बैग स्टड निर्माण तथा पखयूपाइन लगाने की परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया।

उक्त परियोजना में 21 अदद् जियो बैग स्टड निर्माण कार्य तथा 849.60 मी0 की लम्बाई में 03 रो में पखयूपाइन लगाने का कार्य किया जाना है जिसकी कुल लागत रु0 63440259.50 है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाते हुये समय पर कार्य पूर्ण करें तथा बाढ़ से बचाव के लिए कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाय।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी व बाढ़ कार्य खण्ड के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. अमित सिंह चौहान ने सीएम से मुलाकात कर सौंपा मांग पत्र

जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** बीकापुर विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान ने बीते दिन लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। विधायक द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में नउवा कुआं से भदरसा मार्ग, मुबारकगंज से ड्योढ़ी मार्ग, पंडितपुर-नउवा कुआं मार्ग, कांटा चैराहा से देवराकोट-सारंगापुर मार्ग सहित क्षेत्र की अनेक जर्जर व महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की माँग की गई है। इसके अतिरिक्त, युवाओं के लिए स्टेडियम, बड़ागांव-ड्योढ़ी मार्ग के अवशेष भाग

- क्षेत्रीय विकास की प्रमुख परियोजनाओं को लेकर की मांग, मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन
- विधायक के बेटे का मुख्यमंत्री ने अपने हाथों कराया अन्नप्राशन



की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए दर्जनों प्रमुख सड़कों के निर्माण, चैड़ीकरण, मरम्मत और अन्य विकास कार्यों की आवश्यकता को रेखांकित किया।मुख्यमंत्री ने विधायक द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर कार्यवाही का चैड़ीकरण व उच्चीकरण, नहर पटरी के पुनर्निर्माण, और ह्लहर घर जल योजनाह्न के अंतर्गत खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की विशेष मरम्मत की भी माँग की गई।

विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से बीकापुर क्षेत्र के गंभीर रोगियों के इलाज के लिए धनराशि आवंटित करने पर मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद भी प्रकट किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी प्रस्तावित निर्माण कार्यों की सैद्धांतिक सहमति दिए जाने पर विधायक डा0 अमित सिंह चैहान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में व्यापक सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक शोभा सिंह चैहान भी मौजूद रहीं।उन्होंने भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को लेकर मुख्यमंत्री से संवाद किया।इस मौके पर विधायक की पत्नी डाक्टर अनामिका सिंह चैहान सहित दोनों पुत्र मौजूद रहे।

# रामसेवक यादव ने सामंती ताकतों से लड़कर समाजवाद की स्थापना कीः रामगोबिन्द चौधरी

**बाराबंकी।** स्वः रामसेवक यादव ने सामंती ताकतों से लड़कर समाजवाद की स्थापना की। वह डॉ0 राममनोहर लोहिया के अनुनायी ही नही बल्कि उस सदन के नेता थे जिस सदन में डॉ लोहिया अक्सर शमसी मिनाई की इंकलाबी शायरी से सत्ता पक्ष को आईना दिखाने का काम करते थे। रामसेवक यादव समाजवादी आन्दोलन के ऐसे सेनानी थे जो डॉ0 लोहिया, मधुलिमये, मामा बालेश्वर दयाल, राजनारायण, अर्जुन सिंह भदौरिया के समकालीन थे।उक्त बात गांधी भवन में प्रखर समाजवादी नेता एवं कई बार सांसद व विधायक रहे स्व रामसेवक यादव की 99वीं जयन्ती पर आयोजित व्याख्यान माला मे मुख्य अतिथि उ0प्र0 विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोबिन्द चैधरी ने कही। इसके बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोबिंद चैधरी ने धनोखर चैराहा और छाया चैराहा पर लगी स्व यादव की प्रतिमा पर




मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि रामसेवक यादव का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए समर्पित था। विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा रामसेवक यादव समाजवादी आन्दोलन के उन नेताओं में से थे जिन्होंने स्वयं को तिल-तिल जलाकर समाजवाद को मजबूत किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि रामसेवक यादव ने सिखाया कि सिद्धांतो पर अडिग रहते हुए भी जनता का विश्वास जीता जा सकता है।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री चैधरी ने ने स्व. यादव के साथी और समकालीन सहयोगी गुरूबचन लाल यादव, लोकतंत्र सेनानी हरिराम सिंह यादव को स्मृति सम्मान देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, अनिल त्रिपाठी, ज्ञान सिंह यादव, मो0 उमेर किदवई, शिवशंकर शुक्ला, पूनम यादव, प्रियांशु राज यादव, गौतम रावत, मृत्युंजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार के प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के विरोध मे आप ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल बना सकती है। जहां प्राइवेट स्कूल के बच्चे अपना नाम प्राइवेट स्कूल से कटाकर सरकारी स्कूल में पढ़ने आ रहे हैं, तो फिर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती। उक्त उद्गार आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने गन्ना कार्यालय

- सरकारी स्कूलों को बचाने के लिए आप करेगी प्रदेश व्यापी आंदोलनः जुगराज सिंह



प्रांगण मे सरकारी स्कूलों को बंद करने के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग को लेकर स्कूल विरोधी योगी सरकार के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन के दौरान महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपने के पश्चात कार्यकर्ताओ के बीच व्यक्त किये।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार द्वारा बिना सोचे समझे कानून का उल्लंघन करते हुए 16 जून 2025 को एक शासनादेश निर्गत किया। जिसमें कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालय को उनको पास के बड़े विद्यालयों में मिला कर स्कूलों को बंद कर दिया जाएगा।एक तरफ योगी सरकार मदिरालयों को खोलने का रिकॉर्ड बना रही है।2024 में 27308 मदिरालय खोले गये।वहीं दूसरी तरफ योगीराज में अब तक 26000 से अधिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। और अब बच्चों के कम संख्या के बहाने 27000 और प्राथमिक विद्यालय बंद करने जा रही है।आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों को बंद करने के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग करती है।अन्यथा आप सरकारी स्कूलों को बचाने के लिए प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगी। विरोध प्रदर्शन में आसिया बानो, आकाश वर्मा, अरविंद यादव, आफताब, मुराद अली, राजेंद्र पांडे, नफील खान मौजूद रहे।

# जयपुरिया स्कूल पहुंचे प्रवर्तन दल ने वाहनों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा 1 से 15 जुलाई तक अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज बुधवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर

- चेकिंग आपरेशन मे विभिन्न स्कूलो के 2 वाहन सीज, 8 वाहन के किये चालान

अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एवं यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने संघन चेकिंग के दौरान पत्रावलियो की जांच करते हुये विभिन्न स्कूलो के 2 वाहनो को सीज एंव 8 वाहनो के चालान किये गये। इसके उपरान्त एआरटीओ, पीटीओ, आर0आई द्वारा जयपुरिया स्कूल में पहुंच खड़े वाहनों का निरीक्षण किया।

इस दौरान आर0आई श्री यादव ने आपातकालीन खिड़की, आग बुझाने के उपकरण, सीटबेल्ट, फिटनेस प्रमाण पत्र, इंडीकेटर समेत अन्य मानकों की स्थिति को जांचा। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बताया कि अनफिट स्कूली वाहनों का संचालन सड़कों पर नहीं किया जाएगा।

ऐसे वाहनो के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लापरवाही बरतने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ विधिनुकूल प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# प्रदेश में रेशम उत्पादन से किसान कर रहे हैं अतिरिक्त आमदनी

**बहराइच।** रेशम उत्पादन क्रार्यकम कृषि पर आधारित कुटीर उद्योगों में प्रमुख स्थान रखता है।उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, जलवायु एवं जैव विविधता रेशम उद्योग हेतु पूर्णतया अनुकूल एवं उपयुक्त है।प्रदेश में शहतूती, टसर, एरी तीन प्रकार का रेशम उत्पादन होता है. जो प्रदेश के 57 जनपदों में संचालित है।

प्रदेश में शहतूती रेशम हेतु मैदानी एवं तराई क्षेत्र, अरण्डी रेशम हेतु यमुना के समीपवर्ती स्थित जनपदों एवं टसर रेशम उत्पादन हेतु विन्ध्य क्षेत्र तथा बुन्देलखण्ड में प्रचलित है।

रेशम कीटों के भोज्य वृक्षों के रूप में शहतूत एवं अरण्डी की खेती तथा अर्जुन/आसन वृक्षों का वृक्षारोपण करते हुए उनकी पत्तियों का उपयोग किया जाता है।शहतूती क्षेत्र में कृषकों के द्वारा वर्ष में चार कीटपालन फसलें, अरण्डी क्षेत्र में तीन कीटपालन फसलें तथा टसर क्षेत्र में दो कीटपालन फसलें प्रचलित है। इस उद्योग के प्रमुख क्रिया-कलाप रेशम कीटाण्ड उत्पादन, रेशम कीटपालन, कोया उत्पादन व धागाकरण है।रेशम उद्योग पर्यावरण मित्र उद्योग होने के साथ-साथ श्रमजनित भी है।यह उद्योग ग्रामीण बेरोजगार, नवयुवकों को ग्रामीण परिवेश में ही स्वरोजगार का अवसर सुलभ कराते हुए शहरी क्षेत्र की ओर पलायन रोकने में सहायक है।प्रदेश सरकार रेशम उत्पादन से जुड़े क्रिया-कलापों यथा पौध उत्पादन, वृक्षारोपण, कोया उत्पादन एवं धागाकरण आदि क्रिया-कलापों हेतु सहायता उपलब्ध कराकर कृषकों एवं बुनकरों को श्रृंखलाबद्ध कार्यकमों के माध्यम से बढ़ावा दे रही है।प्रदेश की उष्ण कटिबन्धीय एवं समशीतोष्ण जलवायु में शहतूती रेशम के अतिरिक्त ट्रापिकल टसर एवं एरी रेशम उद्योग के क्रिया-कलाप सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये जाने हेतु सभी आवश्यक सम्भावनायें उपलब्ध हैं।

कीटपालकों द्वारा उत्पादित रेशम कोयों के मूल्य में वृद्धि हेतु राजकीय क्षेत्र में 7 जनपद यथा लखीमपुर खीरी, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर, कुशीनगर, पीलीभीत एवं बहराइच तथा निजी क्षेत्र में जनपद गोरखपुर में एक रीलिंग इकाईयों की स्थापना की गई है।केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेशम मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा लागू की गयी जिस पर इच्छुक लाभार्थी पंजीकरण कराते हुए विभाग की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। एन.जी.ओ.. एफ.पी.ओ. समितियों एवं स्वंय सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ा जा रहा है रेशम उत्पादन के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों के चयन, प्रशिक्षण तिथियां एवं प्रमाण पत्र आदि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से करते हुए 484 लाभार्थियों को राज्यीय प्रशिक्षण अन्तर्गत मिजार्पुर में स्थापित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय रेशम प्रशिक्षण संस्थान, बरकछा में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु रेशम विभाग विभाषत एवं एस.आर.एल.एम. के अन्तर्गत 5 वर्षो में 5000 समूहों की 50000 महिलाओं को रेशम सखी के रूप में रेशम उत्पादन से जोड़ने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय विभाग, उ.प्र. के मध्य एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए है।

## क्रॉप कटिंग के लिए प्रशिक्षित किये गये राजस्व कार्मिक

**बहराइच।** मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह के निर्देशन से खरीफ 2025-26 1433 फसली के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ क्राप कटिंग प्रशिक्षण सत्र 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी प्रत्युश रंजन द्विवेदी तथा अपर सांख्यिकीय अधिकारी महेन्द्र वर्मा, सहायक भू-लेख अधिकारी राजेश कुमार यादव द्वारा तहसीलों के राजस्व निरीक्षकों एवं रजिस्ट्रार कानूनगो को त्रुटि रहित क्राप कटिंग कराने एवं पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के सम्बन्ध में व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि वर्तमान मौसम में क्राप कटिंग का शत-प्रतिशत कार्य भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये सी.सी.ई. एग्री ऐप के माध्यम से किया जा रहा है।जिसके लिए राजस्व विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सी.सी.ई. एग्री ऐप डाउनलोड करके पूर्व में ही स्मार्ट फोन का वितरण किया गया है। क्राप कटिंग के पश्चात राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डाटा लोड करते ही सम्बन्धित डाटा ऐप के माध्यम से सीधे राजस्व परिषद को पहुँच जाता है।

# फाल्ट सुधारते समय बिजली की सप्लाई चालू होने से विद्युत संविदा कर्मी की मौत

## सलोन कोतवाल की अभद्र कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने सलोन-जायस मार्ग जाम कर किया प्रदर्शन

**सलोन,रायबरेली।** क्षेत्र के जिजौलिया फीडर में बुधवार को ग्यारह हजार लाइन की शट डाउन लेकर एक खेत में विद्युत लाइन का फाल्ट सुधारते समय अचानक बिजली की सप्लाई चालू होने से विद्युत संविदा कर्मी की जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। मौके पर पहुँचे सलोन कोतवाल की अभद्र कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने सलोन जायस मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों से लापरवाही पर युवक की मौत होने का आरोप लगाया है। दोपहर करीब ढाई बजे अधिशाषी अभियंता के साथ समझौता वार्ता मुआवजा राशि तय होने के बाद लोगों ने मार्ग जाम बहाल किया है।



सलोन कोतवाली अंतर्गत सांडा सैदन गांव निवासी विद्युत संविदा कर्मी गुड्डू( 30 )पुत्र राम लखन बुधवार की सुबह सलोन नगर पंचायत सभासद अयाज अहमद उर्फ काजू की शिकायत पर ट्यूबेल का फाल्ट ठीक करने शहबाजपुर गांव गया हुआ था। जानकारी के मुताबिक राम बहोरे के ट्यूबेल के समीप फाल्ट ठीक करने से पहले कर्मी ने विद्युत उपकेंद्र सलोन से शटडाउन मांगा था। शट डाउन मिलने के बाद संविदाकर्मी लाइन मैंन पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक करने लगा। इसी दौरान अचानक 11 हजार की लाइन में करंट दौड़ने लगा जिससे युवक खम्बे पर ही करंट से तड़पने लगा। जब तक कुछ समझ पाते तबतक उसके आधे अंग में आग लग गई और खम्बे पर ही तड़प कर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर घटना स्थल पहुँचे सलोन कोतवाल भीड़ को देखते ही उग्र हो गए। इसके बाद मृतक के परिजनों से अभद्रता शुरू कर दी। पुलिस की कार्यशैली देख आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक परिजनों के साथ सलोन-जायस मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। दूसरी तरफ सलोन के कोतवाल परिवार पर ही दबाव बना रहे है। जाम के दौरान हाथों में डंडा बांस ईंट लिए महिलायें सड़क के दोनों ओर मोर्चा संभाले रहीं। ग्रामीण मृतक के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग पर अड़े रहे। घटना के चार घण्टे बाद विद्युत विभाग के अधिकारी पहुँचे है।

मनोज कुमार यादव एक्सईएन सलोन का कहना है कि सबसे पहले जो लोग इस घटना के दोषी है उनपर कार्यवाही की जाएगी। परिवार को दुर्घटना राशि के तहत नियमतः साढ़े सात लाख रुपये और अंतिम संस्कार की सहायता राशि देने पर बात बनी है परिवार के लोग सहमत हुए हैं।

**पुलिस को महंगी पड़ गई हिटलर शाही दिखानी :** घटना स्थल पर पुलिस को हिटलर शाही दिखानी महंगी पड़ गई। मृतक के पारिवारिक जन से कोतवाल सलोन द्वारा अभद्रता किए जाने से भडके लोगों ने सलोन जायस मार्ग पर ईंट पत्थर रखकर जाम लगा दिया और बीच सडक पर ही बैठ गए। दरअसल कोतवाल शिव शंकर सिंह जैसे सीओ सलोन के साथ घटना स्थल पर पहुँचे तो ग्रामीणों को टेलर देना शुरू कर दिया। ग्रामीणों और पारिवारिक सदस्य मांग कर रहे थे कि विद्युत विभाग के कर्मियों की लापरवाही से लड़के की खम्भे पर दर्दनाक मौत हुई है। घटना की तीन घण्टे बाद भी विभाग के जिम्मेदार नही पहुँचे।बस इसी बात से कोतवाल खुन्नस खा गए और एक युवक से कहने लगे ज्यादा नेतागिरी करोगे तो ठीक नहीं होगा।

## संक्षेप

### पंत स्टेडियम में होगी खेल प्रतियोगिता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार, पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम, जिला खेल कार्यालय, सुलतानपुर में 07 से 10 जुलाई तक विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता हैण्डबाल, एथलेटिक्स, फुटबाल, बैडमिंटन, कुश्ती और वालीबाल के जूनियर बालक/बालिका वर्ग में होगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर के अनुसार, इच्छुक खिलाड़ी अपनी टीम या एकल प्रविष्टि के साथ 5 जुलाई तक पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें आधार कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जमा करना होगा। प्रतियोगिता के आयोजन में खेल विभाग ने विजेता खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है। प्रतियोगिता में 7 जुलाई को हैण्डबाल जूनियर बालिका, 8 और 9 जुलाई को एथलेटिक्स और बैडमिंटन जूनियर बालक/बालिका प्रतियोगिता, 9 और 10 जुलाई को फुटबाल जूनियर बालक और कुश्ती जूनियर बालक प्रतियोगिता तथा 10 जुलाई को वालीबाल जूनियर बालक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### राम नवल को मिली पीएचडी उपाधि

**सुलतानपुर।** कादीपुर तहसील के ताहिरपुर निवासी राम नवल को डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। राम नवल ने गनपत सहाय पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शक्ति सिंह के निर्देशन में परिवार नियोजन के प्रति मुस्लिम महिलाओं का वर्तमान परिप्रेक्ष्य (सुलतानपुर जनपद के करौंदीकला, दोस्तपुर एवं कादीपुर विकास खंड पर आधारित एक समाजशास्त्रीय अध्ययन) विषय पर शोध कार्य किया है। करौंदीकला ब्लाक के ताहिरपुर गांव निवासी प्रभुनाथ के पुत्र राम नवल की इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रोफेसर अंग्रेज सिंह राणा, अनुदानित महाविद्यालय अनुमोदित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र त्रिपाठी, राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बृजेश सिंह, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि समेत अनेक प्रमुख लोगों ने प्रसन्नता जताई है।

### उत्साह के साथ नये सत्र में शिक्षण प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में बड़े ही उत्साह के साथ नए सत्र में शिक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय एक बार फिर विद्यार्थियों की खुशनुमा मुस्कान और उल्लास से गुलजार हो गया है। नौनिहाल सहित विद्यार्थियों के उमंग और उत्साह से पूरा परिसर प्रफुल्लित हो उठा है। एसजेएस लालगंज की प्राचार्य अंजू सिंह ने पारंपरिक आत्मीयता के साथ बच्चों को नित्य स्कूल आने के प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्रोच्चार के बीच मां वीणावादिनी से ज्ञान, संस्कार और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। छात्रों ने अपने अवकाश अनुभव शिक्षकों से साझा किए और नये संकल्पों के साथ पढ़ाई में जुटने का उत्साह और संकल्प दिखाया। प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसजेएस परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर समय तत्पर रहता है और आधुनिक शिक्षा के लिए हर तरह के संसाधन बच्चों को उपलब्ध करा रहा है।

## मुख्य द्वार को बंद रखने से कीचड़ भरे रास्ते से जाते हैं बच्चे

**महराजगंज, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी सामने आई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार को बंद रखा जाता है और बच्चों को कीचड़ भरे रास्ते से आना-जाना पड़ता है। दर्जनों ग्रामीणों ने स्कूल के बाहर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी के आश्वाशन के बाद धरना खत्म हुआ।

बताते चले कि विकास क्षेत्र के कोटवा मदनिया स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बाहर ग्रामीण धरने पर बैठ गए।कोटवा मदनिया गांव के निवासी अनुपम जायसवाल ने बताया कि विद्यालय का मुख्य द्वार वर्षों से बंद है। शिक्षक छात्रों से खेती का काम भी करवाते हैं। इतना ही नहीं, स्कूल की टंकी से दूषित पानी बच्चों को पीना पड़ता है।वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर वे कई बार स्कूल गए, लेकिन शिक्षकों का रवैया उचित नहीं रहा। धरने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव तक पहुंची। मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने मुख्य द्वार खोलने और कीचड़ वाले रास्ते का गेट बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल की साफ-सफाई के आदेश भी दिए। अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

## बगुलहवा में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान




सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बगुलहवा में बुधवार को स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय से निकली इस रैली में विद्यालय के बच्चों ने शिक्षा के महत्व को दशार्ते हुए प्रेरक नारे लगाए रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिंह और तौफीक अहमद ने नेतृत्व किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री जोहरा खातून, बदरे जहाँ, आशा कार्यकत्री लक्ष्मी और विंद्रमती भी मौजूद रहीं। एएनएम नीलम, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष निसार अहमद और ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन ने भी रैली में भागीदारी की। बच्चों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाते हुए कई प्रेरक नारे लगाए। उन्होंने कहा - 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे'। लैंगिक समानता का संदेश देते हुए 'लड़का-लड़की एक समान, यही संकल्प, यही अभियान' का नारा लगाया। बच्चों ने अभिभावकों से आग्रह करते हुए 'मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ' और 'स्कूल पढ़ने जाएंगे, पापा का मान बढ़ाएंगे' जैसे नारे लगाए। रैली के दौरान टीम ने ग्राम पंचायत का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की।

## डुमरियागंज एसडीएम और नायब तहसीलदार ने अधिवक्ताओं से की मुलाकात



सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील सभागार में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नवनियुक्त एसडीएम प्रशासन राजेश कुमार, एसडीएम न्यायिक विवेकानंद मिश्रा और नायब तहसीलदार विष्णु कुमार सिंह ने स्थानीय अधिवक्ताओं से मुलाकात की। बैठक में अधिकारियों ने वादकारियों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का वादा किया। बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार मुक्त न्याय व्यवस्था की मांग की। उन्होंने समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। आदर्श बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाठक ने पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनके कार्यकाल में बार और बेंच के संबंध मधुर रहेंगे। बैठक में तहसीलदार रविकुमार यादव सहित कई प्रमुख अधिवक्ता मौजूद थे। इनमें रमापति सिंह, इंद्रमणि पाण्डेय, राम बहादुर यादव, राधेश्याम सिंह, आशीष श्रीवास्तव, इकबाल यूसुफ मालिक, शक्ति प्रकाश, रजनीश पाण्डेय और राहुल सिंह शामिल थे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान : ग्राम पंचायतों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में एक जुलाई, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि 2 दिवस में जनपद के 310 ग्राम पंचायतों में 1591 सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया गया, साथ ही साफ-सफाई के दौरान ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया है कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाए गए कर्मचारियों के कार्यों का मेरे द्वारा रैण्डम आधार पर भी निरीक्षण किया जाएगा तथा क्रॉस वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पं०) को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जा रहा है। जिसमें किसी भी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर टीम भावना के साथ ग्राम पंचायत में झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एंटी लार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य किया जा रहा है।

**एक साल से सीडीओ आफिस में सम्बद्ध के नाम पर सफाईकर्मी गायब**

संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में एक जुलाई से चलने वाले अभियान पर जिला पंचायत राज अधिकारी भले ही सफाई के दावें कर रहे हैं परन्तु उनका दावा हकीकत सक कोसों दूर है। डीह में तैनात सफाई कर्मी लोकसभा चुनाव के बाद सफाई करने गांव नहीं पहुंचा। डीह में चार प्राइमरी स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र व नालियां बजबजा रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सफाईकर्मी अपनी सम्बद्धता सीडीओ आफिस बताकर गायब है।

## आचार्य द्विवेदी स्मृति पार्क व प्रतिमा स्थल का भूमिपूजन संपन्न



**रायबरेली।** अमेठी के सांसद केएल शर्मा, पद्मश्री सुधा सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने सई नदी के किनारे राजघाट पर आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति पार्क एवं प्रतिमा स्थल का भूमि पूजन किया। पंडित चंद्रभाल शास्त्री ने विधि विधान से पूजन अर्चन संपन्न कराया। 2 महीने में निर्माण पूरा होने के बाद समिति को सौंप दिया जाएगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति पार्क में 10 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित करेगी।

आचार्य द्विवेदी के जन्म स्थान दौलतपुर को जाने वाले मार्ग पर नगर पालिका की सीमा में राजघाट पर प्रस्तावित पार्क और प्रतिमा स्थल का भूमि पूजन अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आचार्य द्विवेदी समिति अपने संयोजक गौरव अवस्थी के नेतृत्व में पिछले 27 वर्षों से युग पुरुष आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृतियों को सुरक्षित करने का अनुकरणीय काम कर रही है। समिति ने आचार्य जी की स्मृतियों से जुड़ने का अवसर भूमि पूजन के बहाने दिया है। हम लोगों का फर्ज है कि जनपद के महापुरुषों की स्मृतियों को आगे बढ़ाना। पद्मश्री सुधा सिंह ने कहा कि महापुरुषों की यादों को संजोया जाना जरूरी है। इसमें हर संभव सहयोग किया जाएगा। नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने बताया कि पार्क की लागत लगभग 15 लाख 30 हजार रुपये है। उन्होंने पार्क की डिजाइन रिलीज करते हुए कहा कि गुरुवार से पार्क का निर्माण शुरू कर हो जाएगा। यह स्मृति पार्क आचार्य द्विवेदी के साहित्यिक अवदान को जनमानस में जीवंत बनाए रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। पूजा में समाजसेवी सुशील कुमार गुप्ता, राही के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी, महामंत्री योगेंद्र दीक्षित, भाजपा के नगर अध्यक्ष आशुतोष पांडेय, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी शामिल रहे।

## बर्डपुर में आरएसएस की इकाई का वन विहार कार्यक्रम आयोजित



सिद्धार्थनगर- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बर्डपुर इकाई ने बुधवार को मझौली सागर स्थित शिव मंदिर में वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। सह विभाग कार्यवाह हरिश्चन्द्र अग्रहरि ने बताया कि वन विहार कार्यक्रम से कार्यकताओं में पूरे वर्ष काम करने की ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने वनवासी क्षेत्रों में जाकर अपनी सेना का निर्माण किया। वनवासियों के साथ मिलकर मुगलों से युद्ध कर विजय प्राप्त की कार्यक्रम में दिनभर कबड्डी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। संघ गुरु पूर्णिमा पर चर्चा के साथ वार्षिक कार्य योजना बनाई गई। सभी संघ उत्सवों को मनाने का निर्णय लिया गया। सह विभाग प्रचारक अजित ने कहा कि व्यक्ति नहीं, संगठन श्रेष्ठ होता है और संगठन से राष्ट्र श्रेष्ठ बनता है। कार्यक्रम में खंड संघ चालक जयप्रकाश सिन्हा, दिलीप, अमन विस्तारक, आनंद, विजय जायसवाल, अमित उपाध्याय, विवेक गोस्वामी और पुनीत समेत कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## लंबित मुकदमों की सुनवाई करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे तहसीलदार बांसी

सिद्धार्थनगर। राजस्व परिषद एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 के दिए गए निदेर्शों के अक्षरसह अनुपालन में दायित्व के प्रति क्रियाशील तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव ने वादकारियों के लंबित मुकदमों की सुनवाई करते हुए उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा है। न्याय चला निर्धन के घर की तर्ज पर वादकारियों को अब सुलभता से न्याय मिल रहा है मुकदमों की सुनवाई करते हुए तहसीलदार द्वारा लम्बित मुकदमों के किए जा रहे निस्तारण एवं सुलभता से त्वरित न्याय पाकर वादकारियों के चहरे पर अब मायूसी की जगह मुस्कान देखा जा रहा है, वहीं नियमित तौर पर तहसीलदार द्वारा कोर्ट पर बैठकर वादकारियों के लंबित मुकदमों की सुनवाई करते हुए उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा है, जहां इसके पूर्व तहसीलदार कोर्ट का चक्कर लगाते हुए अधिकाशं वादकारियों को सिर्फ तरीके मिलती थी, वहीं अब तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी द्वारा कोर्ट पर बैठकर वादकारियों के लंबित मुकदमों की सुनवाई कर उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का हर सम्भव सार्थक प्रयास किया जा रहा है, तहसीलदार मजिस्ट्रेट द्वारा वादी व प्रतिवादी दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने व साक्ष्य सबूतों के आधार पर मुकदमों का निस्तारण किया जा रहा है , जटिल/लम्बित मुकदमों में पक्षकारो को पर्याप्त अवसर देने के पश्चात एंव वादी व प्रतिवादी दोनों पक्षकारो के अधिवक्ताओ की बहस सुनने के बाद ही मुकदमों का निस्तारण किया जाता है, इस प्रकार तहसीलदार द्वारा नियमित कोर्ट पर बैठकर वादकारियों के लंबित मुकदमों की सुनवाई करने में दायित्वों के प्रति अग्रणी भूमिका निभा रहे तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव को वादकारियों एवं विद्वान अधिवक्ताओ ने उन्हें व्यवहार एवं कार्य क्षमता का धनी करार देते हुए सराहा है जब कि आधा दर्जन से अधिक अति गरीबपात्र समझे जाने वाले वादकारियों ने तहसीलदार बांसी के पदोन्नति की कामनाओं सहित ईश्वर से प्रार्थना भी किया गया है।



## पेयरिंग नीति के विरोध में शिक्षक संघ का तीन चरणों में आंदोलन का ऐलान

- शिक्षक संघ के पदाधिकारी विभिन्न ब्लॉकों और तहसीलों में आंदोलन को आगे बढ़ायेंगे

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की पेयरिंग नीति के तहत परिषदीय स्कूलों में 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को समीपवर्ती विद्यालयों में समायोजित करने की योजना के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने तीन चरणों में प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है।

संघ के प्रांतीय नेतृत्व ने इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 30 जून को एक बैठक आयोजित की थी, जिसमें अभिभावकों, प्रबंध समिति अध्यक्षों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद किया गया था। इसके बाद, शिक्षक संघ ने गूगल मीट पर वर्चुअल बैठक आयोजित कर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय ने की। आंदोलन के पहले चरण में, संघ ने तहसील स्तर पर विधायक को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। इसके बाद, शिक्षक संघ के पदाधिकारी विभिन्न ब्लॉकों और तहसीलों में आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। कादीपुर, अखंडनगर, लंभुआ, जयसिंहपुर और अन्य क्षेत्रों के पदाधिकारी इस आंदोलन की अगुवाई करेंगे। संघ के जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि इस आंदोलन में जनपदीय और ब्लॉक इकाइयों के पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल होंगे। इस आंदोलन का उद्देश्य पेयरिंग नीति के खिलाफ शिक्षकों का विरोध व्यक्त करना और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा, जिला मंत्री डॉ. हृषिकेश भानु सिंह, जिला संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गलत ढंग से दाखिल-खारिज के आदेश पारित करने पर तहसीलदार निलंबित, मुकदमे के आदेश

शाहजहांपुर। जिले में निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किये बगैर दाखिल-खारिज के 12 मामलों में गलत तरीके से आदेश पारित करने के आरोप में एक तहसीलदार को निलंबित करके उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये गये हैं।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि पुवायां के तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित पोर्टल पर चढ़ाये बगैर अचल सम्पत्ति के दाखिल-खारिज के 12 मामलों में पूर्व तिथियों में आदेश पारित कर दिये थे। उन्होंने बताया कि सोनकर के स्थानांतरण के बाद उन आदेशों से लाभान्वित होने वाले लोगों ने पुवायां के वर्तमान तहसीलदार पर पारित आदेशों को पोर्टल पर अंकित करने का दबाव बनाया। सिंह ने बताया कि गत 26 जून को यह मामला उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने इसकी जांच करायी। उन्होंने बताया कि जांच में सोनकर द्वारा भ्रष्टाचार कर दाखिल-खारिज के आदेश पारित करने का मामला सामने आया। जिलाधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर मंगलवार को सोनकर को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि साथ ही उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश भी दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि वहीं, विभागीय कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद लखनऊके आयुक्त एवं सचिव को पत्र लिखा गया है।

## वीडीओ ने ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज विकासखंड परिसर में ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली के विरोध में अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। ग्राम विकास अधिकारियों का कहना है कि, यह प्रणाली अव्यवहारिक है, और इसे लागू करने से पहले उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा जिले के सभी विकास खण्डों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि, सभी ग्राम विकास अधिकारी ऑनलाइन अटेंडेंस (उपस्थिति) प्रणाली के अंतर्गत प्रतिदिन कार्यालय समय में उपस्थिति दर्ज कराए। सीडीओ द्वारा दिए गए आदेश ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध करते हुए यहां महराजगंज में ग्राम विकास अधिकारियों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और नाराजगी व्यक्ति करी। उनका कहना है कि, जब तक सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेगी तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। सभी ग्राम विकास अधिकारियों का कहना है कि, ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली में कई तकनीकी समस्याएं हैं, और नेटवर्क की कमी के कारण इसे लागू करना मुश्किल है। उनका यह भी कहना है कि, यदि यह प्रणाली लागू करनी ही है तो इसे सभी विभागों में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी शिखर शुक्ला, वैभव मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, अरुण कुमार, सर्वोत्तम सिंह, आदित्य कुमार, संत शरण, अतुल कुमार, मनोज कुमार यादव, अजीत कुमार वर्मा, वीरेंद्र पाल, राहुल कुमार सिंह उर्फ राणा आदि ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

## 10 जुलाई तक जारी होगा चयन वेतनमान : बीएसए

- प्रांतीय अध्यक्षा और मंडलीय अध्यक्ष ने संयुक्त रूप में शिक्षक और कर्मचारियों की लंबित मागों को उठाया

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय अध्यक्षा मालती सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बीएसए उपेन्द्र गुप्ता से मिला। उनके एक साल के सफल कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लम्भुआ के अध्यक्ष रणबीर सिंह ने शिक्षकों की लंबित चयन वेतन मान की पत्रावलियों के निस्तारण की मांग उठाई जिस पर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने आश्वस्त किया की 10 जुलाई तक कार्यालय में लंबित समस्त पत्रावली का ऑफलाइन निस्तारण कर दिया जायेगा। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षकों को घर घर जाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर नामांकन के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।




विद्यालयों के पेयरिंग के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर छात्र नामांकन बढ़ाए जल्द अमान्य विद्यालयों को बंद करवाने हेतु टीम का गठन किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पिंटू ने भी परिषदीय कर्मचारियों की मांग रखी। वहीं, 15 हजार शिक्षक भर्ती के नौ साल पूरा होने पर शिक्षक नेता राहुल तिवारी समेत अन्य बीएसए से मिले और उनके एक साल और शिक्षक भर्ती के नौ साल पूरा होने पर बधाई दी।

उक्त अवसर पर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता को कूरेभार मंत्री वैभव भटनागर ने बीएसए को तुलसी का पौधा दिया। जयसिंहपुर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह संतोष सिंह प्रतापगढ़ी, कुड़वार अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह जयसिंहपुर मंत्री शिव नारायण ने वर्मा, मनोज मौर्या विजय प्रताप सिंह अशोक सिंह आदि ने बीएसए का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट किया।

प्रतिनिधि मंडल नवनियुक्त लेखाधिकारी विपिन द्विवेदी से मिलकर माल्यार्पण कर स्वागत किया प्रतिनिधिमंडल ने समय से वेतन भुगतान और अवशिष्ट भुगतान, जीपीएफ एवं एनपीएस शिफ्टिंग की मांग पर ए ओ ने आश्वस्त किया शिक्षक समस्याओं का निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता हैं। हमें कुछ समय दीजिए सभी समस्याओं का निस्तारण करने का भरपूर प्रयास करूंगा।

## बिजली के तारों से चिंगारी गिरने से गैस पाइप में लगी आग

बरेली । बरेली में नैनीताल राजमार्ग पर बिजली की लाइन से चिंगारी गिरने के कारण सड़क किनारे रखे प्लास्टिक गैस पाइप में आग लग गई। यह घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे की है जब बिजली के तारों से निकली चिंगारी सड़क किनारे रखे प्लास्टिक पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइप और केबल के ढेर पर गिर गई। वहां रखी सामग्री ने तुरंत आग पकड़ ली और विकराल लपटें उठने लगीं। बरेली के अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) अकमल खान ने बताया कि एहतियात के तौर पर नैनीताल राजमार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही तुरंत रोक दी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब आधे घंटे तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही, जिससे वहां जाम लग गया। खान ने बताया कि दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और एक घंटे से अधिक समय तक आग बुझाने का कार्य जारी रहा। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, आग संभवतः बिजली के तारों से चिंगारी निकलने के कारण लगी। अग्निशमन विभाग द्वारा मामले की गहन जांच की जाएगी। मौके पर पहुंचे पाइप बिछाने वाली कंपनी के अधिकारी अभिषेक ने बताया कि पाइप नयी गैस लाइन डालने के लिए रखे गए थे जिनकी कीमत लाखों रुपये है।

संक्षेप

## युवक की धारदार हथियार से हत्या

**मथुरा।** कोसीकलां के गांव ऐंच में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक के परिजन हत्या का आरोप पत्नी के प्रेमी पर लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव ऐंच में रहने वाला गोविंद मंगलवार की शाम 6 बजे शराब पीकर गांव से निकला था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजन उसे खोजने निकले। गांव से करीब 500 मीटर दूर एक भट्टे के पास गोविंद का शव खून से लथपथ मिला। ग्रामीणों ने रात करीब 11:30 बजे पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गर्दन पर धारदार हथियार से काटे जाने के निशान मिले, लाश के आसपास खून ही खून बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई गंगवासी उर्फ सचिन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके 27 वर्षीय भाई की गांव के गुंजार ने धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। गुंजार के भाई की पत्नी कविता से अवैध संबंध थे।

## शराब से भरी गाड़ी पलटी

**मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर कैंटर की टक्कर से शराब से भरी एक गाड़ी पलट गई और दूसरी क्षतिग्रस्त हो गई। पंचर होने पर टायर बदलने के लिए गाड़ी सड़क के किनारे खड़ीं थीं। सुरीर क्षेत्र में माइल स्टोन 87 के समीप एक गाड़ी में पक्चर होने पर चालक ने टायर बदलने के लिए गाड़ी खड़ा कर ली। साथ चल रहे दूसरे चालक ने भी मदद के अपनी गाड़ी को रोक ली थी। तभी पीछे से आए कैंटर ने टक्कर मार दी। जिससे एक गाड़ी पलट गई जिससे उनमें रखी शराब भी क्षतिग्रस्त हो गयी। सुरीर थानाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**मथुरा।** वृंदावन परिक्रमा मार्ग बिन्दु सेवा संस्थान स्कूल में बच्चों के आगमन उत्सव के रूप में मनाया गया। बच्चों को शिक्षा से जोड़ने व उनमें शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रथम दिवस अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। परिक्रमा मार्ग स्थित बिन्दु सेवा संस्थान में गर्मी की छुट्टियों के बाद आज प्रथम दिन जब बालक स्कूल आए तो विद्यालय परिवार ने उनके साथ मां सरस्वती का पूजन किया व बच्चों का स्वागत करते हुए उनके तिलक लगाया। निदेशक पूर्णेन्दु गोस्वामी ने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की नीति पर लगातार कार्य कर रही है। वहीं भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति उप्र के अध्यक्ष आशीष गौतम चिंटू भैया के सहयोग से आज उनकी लाड़ली बिटिया एकांक्षी की याद में उसके जन्मदिन पर स्कूल में निर्धन व असहाय परिवारों के अध्ययनरत बच्चों को कॉपी पाठ्य व खाद्य सामग्री का वितरण कर उसे याद किया और सभी बच्चों को सुरुचि भोजन भी कराया।

## खेत में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव, सनसनी

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के पानीगांव तिराहे के समीप स्थित नवीन पार्किंग के सामने खाली पड़े खेत में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि पानीगांव तिराहा स्थित नवीन पार्किंग के सामने खाली पड़े खेत में एक व्यक्ति मृत पड़ा है।

# मुड़िया पूर्णिमा मेले में दो करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना

## मेले को लेकर डीएम, एसएसपी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को पढ़ाया पाठ



**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेले (4 से 11 जुलाई 2025) की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत डैंपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग सम्पन्न हुई। ब्रीफिंग में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा का मेला 4 जुलाई से 11 जुलाई तक गोवर्धन में होगा, करीब डेढ़ से 2 करोड़ श्रद्धालु गिर्राज जी के दर्शन कर परिक्रमा लगाएंगे, जो लगभग 21 से 22 किमी की परिक्रमा है। पूरे मेले को 62 सेक्टर में बांटा गया है तथा 9 सुपर जोन बनाए गए है। मेले में 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए है। 1250 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। 450 सोलर लाइट लगाई गई है। संपूर्ण परिक्रमा मार्ग में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। जगह जगह पर खोया पाया केंद्र बनाए गए है।

डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु 65 से अधिक पार्किंग की व्यवस्था की गई है, 1000 से ज्यादा रोडवेज की बसें श्रद्धालुओं के लिए चलेगी, जिससे कि श्रद्धालुओं को ज्यादा इंतजार ना करना पड़े। कुछ दिन पूर्व प्रयागराज कुंभ का आयोजन हुआ था, वहां की व्यवस्था की सराहना हर जगह हुई थी, उसी को आधार मानते हुए व्यवस्था हमारे द्वारा की गई है, इसलिए डेढ़ महीने से पुलिस प्रशासन द्वारा मेहनत की जा रही है, मुझे उम्मीद है कि मेला अच्छा जाएगा और जो श्रद्धालु गोवर्धन आएंगे एक अच्छा मैसेज उन्हें मिलेगा और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के परिक्रमा और अपने आराध्य की दर्शन कर सकेंगे। ट्रैफिक प्लान पहले से ही बना हुआ है, जिससे कि जाम की स्थिति ना बने। ब्रीफिंग में एसएसपी श्लोक कुमार ने मेला की व्यवस्थाओं को लेकर बताया की सभी जानते हैं की ऐतिहासिक मुड़िया पूर्णिमा मेला गोवर्धन में आयोजित होता है। मुड़िया मेले में एक से दो करोड़ के करीब श्रद्धालु आते हैं और यहां परिक्रमा करते हैं, आज जिलाधिकारी महोदय सहित मेला की व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई है। मेरे और डीएम साहब के द्वारा सभी लोगों को ब्रीफ किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी मेला शुरू होने में 2 दिन बाकी है, हम लोग लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, हम लोग एक बेहतर व्यवस्था श्रद्धालुओं को देने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। ब्रीफिंग में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन, एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार, एडीएम न्यायिक सुरेंद्र कुमार, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार, एसपी ग्रामीण सुरेश चन्द्र सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुडिया पूनो मेला के लिए रोडवेज की 1 हजार बसों का बेड़ा तैयार

**मथुरा।** मुड़िया पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए एक हजार रोडवेज बसों का बेड़ा तैयार है। श्रद्धालुओं को हर पांच मिनट में मेले के लिए बस मिलेगी। वहीं, मेले में श्रद्धालुओं को ले जाने वाले चालक-परिचालक नशे में मिले तो उनकी संविदा समाप्त कर दी जाएगी। चालक-परिचालकों की ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग की जाएगी। देर रात से क्षेत्रीय रोडवेज प्रबंधक कार्यालय द्वारा ड्यूटी चार्ट जारी करने के साथ ही कर्मचारियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुड़िया पूर्णिमा मेला चार से 11 जुलाई तक चलेगा। जिसमें 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेले में आगरा के अलावा मथुरा, गाजियाबाद, अलीगढ़, मेरठ, इटावा समेत अन्य डिपो की एक हजार बसों को लगाया गया है। रोडवेज ने मेले का रूट और किराया तय किया है। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर भी ड्यूटी लगाई गई है, जो आगरा से मथुरा की ओर जाने वाली ट्रेनों की सूचना क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय को देगा। सेक्टर एक से भूतेश्वर बस अड्डा, मथुरा कार्यशाला एवं धौली प्याऊ रेलवे पार्किंग मैदान होगा। बसों पर स्टीकर लगा उनकी रवानगी सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर दो में मथुरा स्टेशन पर ट्रेन से उतरने वाले यात्री जिन्हें गोवर्धन जाना है, उनके लिए बसों की व्यवस्था रहेगी। यह बसें भूतेश्वर बस स्टेशन मथुरा साइड वाले गेट से प्रवेश करके मालगोदाम साइड से गोवर्धन चैराहा-अडीग होकर गोवर्धन जाएंगी। सेक्टर तीन में गोवर्धन चैराहे से लेकर अडीग तक रहेगा। यहां से आगरा, बरेली, इटावा व मुरादाबाद रोडवेज बसें संचालित होंगी। सेक्टर चार में महत्वपूर्ण क्षेत्र अडीग से गोवर्धन में जमुनावत तिराहा तक का है। सेक्टर पांच में गोवर्धन से वापस आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महमूदपुर से बैठाने के लिए चिन्हित किया है। सेक्टर छह में तैनात रोडवेज अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह महमूदपुर क्रासिंग से सौंख चेकपोस्ट होते हुए तिराहे तक कोई भी सड़क पर खड़ी न हो। सेक्टर सात में तैनात रोडवेज अधिकारी जय गुरुदेव आश्रम के आसपास सड़क किनारे बसों को नहीं खड़ा होने देंगे। मंडी समिति में खड़े वाहनों को श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार मथुरा रेलवे स्टेशन, भूतेश्वर बस स्टेशन भेजेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज बीपी अग्रवाल ने बताया कि मेले के लिए कर्मचारियों की तैनाती के साथ ही लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। चालक-परिचालक नशे में मिले तो उनकी संविदा समाप्त कर दी जाएगी।

## गैंगस्टर की 4.23 लाख की संपत्ति की कुर्क



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एसएसपी के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त मायाराम की 04 लाख 23 हजार तीन सौ रुपए की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त मायाराम द्वारा लगातार अपराध कारित कर अवैध चल अचल सम्पत्ती अर्जित की गयी थी। थाना प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि एसएसपी के निर्देशन में अपराधियों पर यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## किशोरी से दुष्कर्म और अपहरण के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**आगरा।** थाना बाह क्षेत्र से अपहृत की गई एक किशोरी को पुलिस ने न केवल सकुशल बरामद कर लिया अपितु अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया। यह किशोरी विगत 27 मई से गायब थी। किशोरी के पिता ने थाना बाह में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। किशोरी के पिता ने विगत 28 मई को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी मेहँदी लगवाने के लिए एक ब्यूटी पार्लर पर गई थी और इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाशने के बाद भी पता नहीं चला था। आज बाह पुलिस को सूचना मिली कि किशोरी को ले जाने वाला अभियुक्त कस्बा जरार के पास मौजूद है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र जयनारायण सिंह, निवासी ग्राम खेरा (जालौन) को गिरफ्तार कर लिया। अपहृत की गई किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम, उप निरीक्षक आयुष कुमार और कांस्टेबल अतुल कुमार शामिल थे।

## दहेज के लिए बेटी को आग में झोंका पति समेत 5 ससुरालियों पर केस दर्ज

**आगरा।** किरावली में दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। आसमा नाम की महिला ने अपने पति और ससुरालियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आसमा की शादी तीन साल पहले मिढ़ाकुर की मुस्लिम बस्ती के नईम उर्फ निम्मो से हुई थी। शादी में रीति-रिवाज के अनुसार दहेज दिया गया था। दंपति की एक बेटी भी है। शुरूआत में सब ठीक था, लेकिन कुछ समय बाद परिस्थितियां बदल गईं। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति, जेठ मुकीम, सास, जिठानी चांदनी और देवर कादिर अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा जाता और भूखा-प्यासा रखा जाता था। इस प्रताड़ना से तंग आकर वह पिछले दो साल से अपने पिता के घर रह रही है। 26 मई को जब आसमा अपनी बहन के घर किरावली में थी, तब ससुराल वाले वहां पहुंचे। वे उसकी बेटी कायनात को जबरदस्ती ले जाने लगे। विरोध करने पर उन्होंने बच्ची को आग में धकेल दिया, जिससे वह बुरी तरह जल गई। ससुरालियों ने आसमा के साथ भी मारपीट की और पुलिस में शिकायत न करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति नईम, कदीर, जेठ मुकीम, जिठानी चांदनी और देवर कादिर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चार दिन से लापता कुणाल को उसी के दोस्त ने मार डाला

**आगरा।** चार दिन पहले दूधिए के लड़के ने अपने दोस्तों के साथ घर से बुलाने के बाद सुल्तानगंज की पुलिया के युवक कुनाल (20) की हत्या कर दी। शव को हाथरस के सहपऊ में सूखे कुएं में फेंक दिया। युवक का शव कुएं से सड़ी गली हालत में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया गया था। इस कारण उसकी मौत हुई थी। शरीर को कीड़ों ने खा लिया था। इस कारण अन्य चोटों के निशान स्पष्ट नहीं हो सके हैं। बताया गया है कि हत्यारोपियों ने उसके परिजन को फिरौती के लिए भी कॉल किया था। परिजन के सुराग देने पर पुलिस ने दोस्त और उसके प्रधान पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हत्यारोपी की निशानदेही पर सड़ा गला शव कुएं में मिला। देर शाम परिजन ने सुल्तानगंज की पुलिया पर शव रखकर जाम लगाकर हंगामा किया। उनका कहना था कि पुलिस ने चार दिन तक तलाश करने में ढिलाई बरती। 45 मिनट तक जाम लगा रहा। सुल्तानगंज की पुलिया पर रहने वाले देवेंद्र प्रजापति बल्केश्वर में मिठाई और चाट आदि का काम करते हैं। बेटा कुनाल (20) भी उनके काम में हाथ बंटाता था। युवक की बहन दीक्षा ने बताया कि कुनाल 27 जून की सुबह 11 बजे घर से स्कूटर लेकर निकला था। कुछ देर में आने की कहकर गया था। काफी देर तक नहीं लौटा तो मां विरमा देवी ने कॉल किया। उसने बताया कि वह हाथरस रोड पर है, पता नहीं यह लोग कहां ले जा रहे हैं, कहीं मार नहीं दें। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। 28 जून की सुबह हरीपर्वत थाने में तहरीर दी। शक घर आने वाले दूधिया के परिजन पर जताया। इस पर पुलिस ने खंदौली इलाके के प्रधान पप्पू यादव और उसके पुत्र शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मृतक के चाचा देवकीनंदन ने बताया कि आरोपियों ने कुनाल की हत्या कर उसका शव सहपऊ क्षेत्र में फेंकने की बात कही। इस आधार पर पुलिस 30 जून की रात करीब दो बजे यहां पहुंचकर कुनाल को तलाश करने लगी। मंगलवार को बाजरा के खेतों के मध्य बने कुएं के पास सड़ा-गला शव मिला।

● कुएं से मिला शव, आखिरी कॉल ने खोला राज,

## विद्यार्थी परिषद का अभ्यास वर्ग संपन्न



**मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग 28 जून से 1 जुलाई तक मैनपुरी में आयोजित किया गया। वर्ग का शुभारंभ अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ तेजवंत तथा प्रांत मंत्री अंकित पटेल द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती माँ एवं विवेकानंद के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। वर्ग का समापन मंगलवार को हुआ। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में प्रांत उपाध्यक्ष डॉ तेजवंत ने कार्यकताओं के समक्ष अभाविप की भूमिका रखी। उन्होंने बताया कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण व भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए 1949 में अभाविप की स्थापना हुई थी। द्वितीय सत्र में अभाविप के राज्य विवि प्रमुख अश्विनी ठाकुर ने विद्यार्थी परिषद की विकास एवं इतिहास पर प्रकाश डाला।

वर्ग के दूसरे दिन आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र शर्मा ने संघ शताब्दी वर्ष के विषय पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण का संदेश समाज में देने को प्रेरित किया। विविध सत्रों में कार्यकताओं को विद्यार्थी परिषद की सैद्धांति भूमिका, कार्य पद्धति, सदस्यता एवं इकाई गठन और कार्यकर्ता व्यवहार के बारे में प्रशिक्षित किया गया। तीसरे दिन वर्ग में कार्यकताओं को आंदोलन करना, निधि समर्पण, सोशल मीडिया, नारा लेखन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। वर्ग के अंतिम दिन मंगलवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ भूपेंद्र सिंह ने परिषद की आचार पद्धति एवं परंपरा पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में प्रांत अध्यक्ष डॉ० सौरभ सेंगर द्वारा नवीन दायित्वों की घोषणा की गई जिसमें मथुरा से दिव्यांशु पचैरी को पुनः विभाग संगठन मंत्री, डॉ एस के राय को मथुरा विभाग प्रमुख, अमन शर्मा को विभाग सह-संयोजक, निशा निषाद को पुनः विभाग छात्रा प्रमुख, डॉ राकेश सैनी को जिला प्रमुख, शिवा गौतम को जिला संयोजक और योगेंद्र चैधरी व प्रिया राजपूत को जिला सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया। वर्ग में लगभग 250 कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। मथुरा से 18 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्ग में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देव दत्त जोशी व एस बालकृष्ण, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता, प्रांत सह मीडिया संयोजक नयन शर्मा, ऋषभ बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## छात्र ने राजा भैया को उनका स्क्रैच बनाकर भेंट किया



**टूंडला।** नगर के होनहार छात्र स्क्रैच आर्टिस्ट ने समय समय पर विभिन्न राजनेताओं के अपने हाथों से स्क्रैच तैयार कर खूब ख्याति प्राप्त की है। इस कड़ी में लखनऊ के विभूति खंड गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हाल सभागार में आयोजित जनसत्ता दल की आठवीं राष्ट्रीय बैठक के दौरान पुनः जनसत्ता दल के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के बनाए जाने पर उन्हें छात्र मोक्ष टैगोर ने अपने आर्ट वर्क के माध्यम से हस्तशिल्प कर कागज पर राजा भैया का हू बहू स्वरूप उकेर कर उन्हें सादर भेंट किया।जिसकी सराहना व छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना राजा भैया सहित उपस्थित सम्मानीय जनों ने की। राजा भैया ने स्वंय कहा कि प्राप्त अब तक के स्कैचो में यह अति उत्तम स्कैच है।

## टूंडला पुलिस ने काउंसलिंग कर बसाये 3 परिवार



**टूंडला।** पति-पत्नी का रिश्ता एक बेहद नाजुक डोर से जुड़ा होता है। इस डोर को थामे रखना और उसे मजबूत बनाना पति और पत्नी दोनों की ही जिम्मेदारी होती है। अगर दोनों में से कोई भी एक कमजोर पड़ जाए तो यह रिश्ते की डोर टूट जाती है और अगर पति-पत्नी उसे समझ जाए तो उनका रिश्ता अटूट हो जाता है और वो अपना जीवन बेहद हंसी-खुशी से बिताते हैं। शासन प्रशासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए रूठे पति-पत्नी को मनाना और टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का काम टूंडला पुलिस बेहद खूबसूरती के साथ कर रही है। चाहे किसी की शादी को 15 साल हो गए हैं, चाहे 7 साल हो या फिर 2 साल ही क्यों ना हो गए हैं। लेकिन टूंडला पुलिस रूठे पति-पत्नी को मनाने और उनको फिर से एक करने में अपनी बहुत ही अच्छी भूमिका निभा रही है। इसी प्रकार के तीन मामले थाना टूंडला में देखने को मिले कि काल्पनिक नाम नीतू की शादी 15 साल पहले मोहन निवासी टूंडला के साथ हुई थी। सोनी देवी की शादी 7 वर्ष पूर्व होमगार्ड कर्मवीर के साथ हुई थी और अंजलि की शादी 2 वर्ष पूर्व कमल के साथ हुई थी। तीनों के ही परिवारों में किसी न किसी छोटी-मोटी बात को लेकर विवाद पैदा हो गया था। जिस कारण उनके बच्चों के जीवन पर भी बुरा असर पड़ रहा था। जब यह शिकायत म0उ0नि0 अलवीना पठान के पास पहुंची तो उन्होंने तीनो को बहुत ही अच्छे अंदाज में काउंसलिंग कर समझाया और टूटते परिवारों को जोड़ा। इसके बाद सभी लोगों ने पुलिस का बहुत धन्यवाद किया। थाने से खुशी खुशी रवाना हुए।

## दो अभियुक्त 6 माह के लिए जिलाबदर

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों के तहत दो शातिर अभियुक्तों इमरान पुत्र शमशुद्दीश कुरैशी निवासी छिदामुल नगर ताड़ो वाली बगिया थाना रामगढ़ फिरोजाबाद अब्दुल रसीद पुत्र अब्दुल मजीत निवासी ताड़ो वाली बगिया थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को 06 माह के लिए जिलाबदर किया गया है। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा दोनों जिलाबदर अभियुक्तों को जिले की सीमा से बाहर जनपद आगरा की सीमा में छोड़ा गया है। जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन करने पर जिलाबदर के दौरान जिले में पाए जाने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## 27वीं प्री यू पी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ी कर रहे है शानदार प्रदर्शन

**मथुरा।** जिला राइफल एसो. मथुरा के तत्वाधान में बीएसए कॉलेज मथुरा में आयोजित 27वीं प्री यू पी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन मुकाबले में एयर राइफल एन आर जूनियर पुरुष वर्ग में इटावा के विशेष यादव 384/ 400, एयर राइफल एन आर यूथ पुरुष वर्ग में बुलंदशहर के निशांत कुमार 390/400 स्कोर के साथ , एयर राइफल एन आर सब यूथ पुरुष वर्ग में बागपत के करण 373/400 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाए हुए है, एयर राइफल एन आर जूनियर बालिका वर्ग में सहारनपुर की वृद्धिका त्यागी 387/400 स्कोर, एयर राइफल एन आर यूथ बालिका वर्ग में बुलंदशहर की नित्या 382/400 अंक, एयर राइफल एन आर सब यूथ बालिका वर्ग में सहारनपुर की प्रतिभा चैहान 376/ 400 अंकों के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाए हुए है, एयर पिस्टल एन आर पुरुष वर्ग में आगरा के कुशाग्र रत्नम 375/400 अंक, एयर पिस्टल एन आर जूनियर पुरुष वर्ग में शामली के विशेष कुमार 364(400 अंक, एयर पिस्टल एन आर यूथ बालक वर्ग में फिरोजाबाद के लार्सन वर्मा 367/400 अंक,एयर पिस्टल एनआर सब यूथ बालक वर्ग में मेरठ के दीपांशु 386/ 400अंक के साथ अपने वर्ग में बढ़त बनाए हुए है, प्रतियोगिता संयोजक जिला राइफल क्लब कोच मनीष चौधरी ने बताया प्रतियोगिता 4 जुलाई तक चलेगी, यू पी स्टेट राइफल एसो. महासचिव जीएस सिंह ने कहा सभी वर्गों में युवा खिलाड़ी बहुत ही शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं यहां से क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे, प्रतियोगिता के तकनीकि अधिकारी रूप में कैप्टन फरीदुद्दीन, डा हिमानी सिंह, वेदप्रकाश शर्मा, मोहम्मद जैद खान, कपिल यादव, विकास तोमर, मनीष बालियान, देवेंद्र सिंह, हिमांशु, राहुल पंवार, रोहनदेव सिंह आदि रहे।

## वाहन चोर गैंग के दो गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

**आगरा।** थाना शमसाबाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इटावा के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर सात चोरी की बाइकें, कटी हुई बाइकों के पार्ट्स और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। यह गैंग शादी समारोहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पल भर में बाइकें गायब कर देता था। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मुबीन और रवि हैं, जो इटावा के जसवंतनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस को इनकी गिरफ्तारी से दिल्ली और आसपास के जिलों में हुई कई बाइक चोरी की घटनाओं के खुलासे की उम्मीद है। एसीपी शमसाबाद गिरीश कुमार ने जानकारी दी कि इन चोरों का मुख्य तरीका यह था कि ये शादी-पार्टियों और धार्मिक आयोजनों में भीड़ का फायदा उठाकर पार्क की गई बाइकें चोरी कर लेते थे। मुबीन बाइक चुराने में माहिर था जबकि रवि, जो दोपहिया वाहन मरम्मत की दुकान चलाता था, उन बाइकों के पार्ट्स निकालकर अलग-अलग बाइकों में फिट कर देता था, जिससे पहचान मुश्किल हो जाती थी। ये लोग पार्ट्स दूसरों को बेचा भी करते थे। गिरफ्तार मुबीन के खिलाफ पहले से ही 5-6 मुकदमे दर्ज हैं। पकड़ी गई सात बाइकों में से तीन की एफआईआर की पुष्टि हो चुकी है जबकि बाकी की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि चुराई गई बाइक के पार्ट्स किन दुकानों या कबाड़ियों को बेचे गए और कहां-कहां खपाए गए।

## वृंदावन को कॉरिडोर की नहीं, सफाई की जरूरत : गोस्वामी महिलाएं

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की नगरी श्रीधाम वृंदावन स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर और न्यास गठन को लेकर गोस्वामी और व्यापारी समाज के महिलाएं लगातार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतिदिन अलग-अलग रूप में महिलाएं के द्वारा न्यास गठन और कॉरिडोर निर्माण को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का मोर्चा खोला हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को गोस्वामी और व्यापारी समाज की महिलाओं के द्वारा बांके बिहारी मंदिर के प्रांगण में सोहनी सेवा कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए अनुराधा गोस्वामी ने कहा कि आज विरोध के क्रम में गोस्वामी और व्यापारी समाज की महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में सोहनी सेवा कर विरोध किया है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनाना चाहती है, लेकिन सरकार पर वृंदावन की कुंज गलियों की सफाई नहीं हो पा रही है। आज हम सभी ने मंदिर प्रांगण को स्वयं अपने हाथों से साफ किया है और सरकार को बताया है कि वृंदावन को कॉरिडोर की नहीं सफाई की आवश्यकता है। वहीं हमने सोहनी सेवा कर अपने ठाकुर बांके बिहारी लाल को मनाया है, यदि हमसे कोई गलती हुई हो, तो हमें क्षमा करें और कॉरिडोर रूपी राक्षस को वृंदावन से दूर भगा दे। विरोध प्रदर्शन में सुमन गोस्वामी, सुनीता गोस्वामी, मधु गोस्वामी, नीलम गोस्वामी, निशा शर्मा, दीपशिखा गोस्वामी, श्रद्धा खंडेलवाल, रितु सारस्वत, राखी गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, ममता गोस्वामी, नेहा पुरोहित, नीरू गोस्वामी, नीलम गोस्वामी, मनोरमा गोस्वामी, रेनू गोस्वामी, अंजना गोस्वामी, पूनम गोस्वामी, निम्मी गोस्वामी, निधि गोस्वामी, यामिनी गोस्वामी, गीत, प्रीति , रमा गोस्वामी, मेघा गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी, रीना गोस्वामी, भावना, सीमा गोस्वामी, सरोज गोस्वामी मौजूद रहीं।

## इंडियन मेडिकल एसो. बिहारीजी कॉरिडोर के समर्थन में आयी

● एसो. ने चीएम और सीएम का जताया आभार, भीड़ भाड़ से मिलेगी श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों को राहत



**मथुरा।** अब मथुरा की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भी वृंदावन में बनने वाले बिहारीजी कोरिडोर के समर्थन में आ गई है। इस पहल के लिए एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार भी जताया है।

मथुरा मेडिकल एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह को दिए ज्ञापन में कहा है कि ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलनी चाहिए ना कि समस्याओं का सामना उन्हें यहाँ करना पड़े। वर्तमान परिस्थितियों के चलते वृंदावन में देश विदेश से दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर भीड़ भाड़ के चलते श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोग भी बहुत परेशान है। इस स्थिति में कॉरिडोर की पहल सराहनीय है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने काशी के बाद वृंदावन में कोरिडोर बनाने का फैसला किया।

होटल ब्रजवासी लैंड्स इन में डॉक्टर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में विशाल संख्या में मौजूद चिकित्सको के समूह ने करतल ध्वनि के बीच कॉरिडोर बनाने के समर्थन में ज्ञापन दिया। इस अवसर पर एसो के अध्यक्ष डा बिजेंद्र तिवारी, सचिव डा गौरव भारद्वाज, डा वीसी गोयल, डा गौरव अग्रवाल, डा शोभित, डा अमित गोयल, डा ललित वार्ष्णेय , डा एसके वर्मन, डा एन सी प्रजापति, डा मुकेश जैन, डा बीबी गर्ग, डा गणेश शर्मा, डा वर्षा तिवारी, डा पंकज शर्मा, डा डीपी गोयल, डा अनु गोयल, डा संजय गुप्ता, डा मनोज गुप्ता,डा भावना गुप्ता, डा विन्देश कुमार, डा गुलशन, डा विपिन गोयल, डा जॉय गोयल, डा निर्विकल्प, डा प्रवीण गोयल, डा वी एस गोयल, डा पंकज अग्रवाल, डा एस बी अग्रवाल, डा आशीष गोपाल, डा रूपा अग्रवाल आदि मौजूद रहे ।

इस मौके पर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ कटोड़ों कृष्ण भक्तों की परेशानियों को ध्यान रखते हुए बिहारीजी कॉरिडोर का निर्माण होने जा रहा है। इससे किसी भी प्रकार का अहित स्थानीय और प्रभावित लोगों का नहीं होगा। तय मुआवजा और आवास सुविधा के तहत फ्लेट का विकल्प भी दिया गया है। मंदिर ट्रस्ट से सेवायतों के अधिकार भी प्रभावित नहीं होंगे। सेवा पूजा और इससे जुड़ी परम्पराएं यथावत रहेंगी। बिहारीजी के भक्तों को सहूलियत ज्यादा मिलने लगेंगी। लोग ब्रज दर्शन की सुविधाओं से खुश होकर तारीफ करेंगे।

## ग्राम प्रधान ने विरोधियों को फंसाने के लिए रची झूठी लूट की साजिश

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला पीपल के प्रधान खेतपाल द्वारा डायल-112 पुलिस को सूचना दी गयी कि जब वह जसराना से शिकोहाबाद जा रहा था रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर 04 लाख 40 हजार रुपये लूट ले लिये है। सूचना पर थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा तत्काल सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया तो पाया गया खेतपाल के साथ लूट की कोई घटना नहीं हुई है, पुलिस ने प्रधान से सख्ती से पूछताछ की तो प्रधान ने सारा सच उगल दिया, प्रधान खेतपाल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने विरोधियों को फंसाने के लिये लूट की झूठी कहानी रची थी, पुलिस ने खेतपाल के घर से पूरे 04 लाख 40 हजार रुपये बरामद कर प्रधान के विरुद्ध पुलिस को गुमराह कर विरोधियों को फंसाने के लिए दी गई झूठी लूट की झूठी सूचना देने के संबंध में पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## संक्षेप

### गैलेक्सी फोल्डेबल फोन्स के लिए प्री-रिजर्व बुकिंग शुरू

नई दिल्ली। सैमसंग 9 जुलाई को न्यूयॉर्क में अपनी अगली पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स लॉन्च करने जा रहा है। यह नई सीरीज एआई-पावर्ड इंटरफेस के साथ आएगी और इसमें एडवांस हार्डवेयर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे स्मार्टफोन का अनुभव पहले से कहीं ज्यादा बेहतर और स्मार्ट हो जाएगा।आधिकारिक लॉन्च से पहले भारत में ग्राहक सिर्फ 2000 रूपए की टोकन राशि देकर इन नए फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को डिवाइस की खरीद पर 5999 रूपए तक के विशेष लाभ मिलेंगे और साथ ही उन्हें अर्ली डिलीवरी का भी फायदा मिलेगा।

### आईएमसी 2025 ने गति बढ़ायी

बेंगलूरु। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 की दिशा में गति बढ़ाते हुए आईएमसी ने बेंगलूरू में आज एक रोडशो का आयोजन किया। दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित आईएमसी 2025 ने बेंगलूरू में फलते फूलते स्टार्टअप परितंत्र और डीप टेक के उन्नयन में अग्रणी स्थिति को देखते हुए इस शहर को महत्वपूर्ण लांचपैड के तौर पर लिया है। इस वर्ष आईएमसी 2025 ने अपने अग्रणी एस्पायर प्रोग्राम के जरिए स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों पर विशेष जोर दिया है। यह प्रोग्राम मार्गदर्शन, लाइव पिचिंग और नेटवर्किंग के लिए 500 से अधिक स्टार्टअप्स को अग्रणी निवेशकों, इनक्यूबेटर्स और वैश्विक साझीदारों के साथ जोड़ेगा। 1.2 अरब मोबाइल उपभोक्ताओं, एक अरब ब्रॉडबैंड यूजर्स और भारतनेट के जरिए जुड़े 2.2 लाख से अधिक गांवों के साथ डिजिटल परिवर्तन असाधारण रहा है।

### ए23 के ब्रांड अंबेसडर बने विकी कौशल

नई दिल्ली। हेड डिजिटल वर्क्स (ए23) ने एपिक पोकर चैंपियनशिप का लॉन्च किया है, जिसके ब्रांड एम्बेसडर विकी कौशल हैं। उनके इस गठबंधन से प्रीमियम, हाई-रिवार्ड गेमिंग प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह गठबंधन एपिक पोकर चैंपियनशिप के साथ शुरू हुआ है। इसमें विकी ए23 के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आने वाले महीनों में कंपनी की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाते रहेंगे। एपिक पोकर चैंपियनशिप एक 19 दिवसीय मल्टिपल-फॉर्मेट पोकर फेस्टिवल है, जिसमें 28 करोड़ रुपये की भव्य पुरस्कार राशि वितरित की जानी है।

### वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे पर त्वचा को दें कैलिफोर्निया आमंड्स का पोषण

नई दिल्ली। वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 की थीम इस बार है, त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं, जो इस बात पर जोर देती है कि स्किन केयर सिर्फ क्रीम और लोशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत हमारे खान-पान से होती है। कैलिफोर्निया आमंड्स, जो विटामिन ई और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं, त्वचा को अंदर से पोषण देकर इसे स्वस्थ और दमकता बनाए रखने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स 15 जरूरी पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत हैं, जिनमें से कई त्वचा की रंगत और बनावट सुधारने में असरदार माने जाते हैं।

### एसआरएम तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स में साझेदारी

तिरुचिरापल्ली। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स ने एक सहयोगी पारिस्थिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह तंत्र इंजीनियरिंग नवप्रवर्तन को बढ़ावा देगा, कौशल विकास करेगा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन करेगा और स्थानीय अनुसंधान को बढ़ावा देगा। इस गठबंधन का लक्ष्य डसॉल्ट सिस्टम्स के 3जी एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता का उपयोग विद्यार्थियों, शिक्षकों और शुरुआती चरण के उद्यमियों को उद्योग प्रासंगिक डिजिटल कौशल और एप्लीकेशंस से युक्त करना है।

### अमेजन इंडिया ने किया प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान

नई दिल्ली। अमेजन इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स आदि लेकर आ रहा है।

# सेंसेक्स में 288 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव और अमेरिकी शुल्क टाले जाने की समयसीमा समाप्ति की तारीख करीब आने के साथ सतर्क रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख ने भी धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट शामिल हैं। मिले-जुले वैश्विक संकेतों, खासतौर पर शुल्क छूट की समयसीमा की समाप्ति से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। बाजार का ध्यान धीरे-धीरे कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों पर है, जिससे काफी उम्मीदें हैं। मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और बढ़े हुए सरकारी खर्च जैसे उपायों से बाजार में मजबूती बनी हुई है। हालांकि, हाल की तेजी के बाद... निकट भविष्य में सतर्क रुख बना रह सकता है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.20 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.18 प्रतिशत टूटा। बीएसई के 2,205 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 1809 शेयर लाभ में रहे। वहीं 157 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। इसके साथ ही, मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सकल माल एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 173,813 करोड़ रुपये था।

# रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 प्रति डॉलर पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार से भी रुपये पर दबाव पड़ा क्योंकि बाजार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बातचीत जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.59 पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 85.57 के उच्चस्तर तथा 85.75 के निचले स्तर को छुआ। अंत में यह 85.68 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 17 पैसे बढ़कर 85.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत चढ़कर 96.95 पर पहुंच गया। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत बढ़कर 67.73 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। हमें लगता है कि नौ जुलाई की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही शुल्क को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपये में गिरावट आएगी। शुल्क के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने वाले



बयानों से बाजार में हलचल मची हुई है। भारत और अमेरिका के बीच वाशिंगटन में मंगलवार को छठे दिन भी गहन वार्ता जारी रही। वार्ता निर्णायक चरण में पहुंच गई है और भारत ने अपने श्रम-गहन उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग की है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय दल अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए वाशिंगटन में है। दोनों पक्ष नौ जुलाई की समयसीमा से पहले वार्ता को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध आधार पर 890.93 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## आईएमएफ चौथी समीक्षा के बाद श्रीलंका को 35 करोड़ डॉलर देगा

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका के 2.9 अरब डॉलर के राहत कार्यक्रम की चौथी समीक्षा पूरी कर ली है, जिससे देश को चार साल की सुविधा से 35 करोड़ डॉलर की किश्त मिल सकेगी।

अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच आईएमएफ ने मार्च, 2023 में श्रीलंका के राजकोषीय और ऋण स्थिरता को बहाल करके व्यापक आर्थिक स्थिरता को बहाल करने के प्रयासों की सहायता के लिए लगभग तीन अरब डॉलर की सुविधा को मंजूरी दी। इस सुविधा ने श्रीलंका को अपने भंडार का निर्माण करके और बाहरी ऋणदाताओं के साथ ऋण पुनर्गठन पर सफलतापूर्वक बातचीत करके अपनी दिवाला अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में मदद की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने 48 महीने की विस्तारित निधि सुविधा व्यवस्था के तहत चौथी समीक्षा पूरी कर ली है।

## स्कोडा इंडिया ने दर्ज की बड़ी छमाही बिक्री

बंगलुरु। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियां बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगांठ मना रही है और तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत में ग्राहकों ने स्कोडा के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है।

# सोने में 500 रुपये की तेजी, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अमेरिकी शुल्क को लेकर नयी चिंताओं के बीच भारी वैश्विक खरीद होने से सोने में यह तेजी देखी गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले सत्र में मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1200 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। दो लगातार सत्रों में सोने में 1700 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले



कारोबार में यह 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जुलाई-सितंबर तिमाही में सोने की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हाल ही में जून के उच्च स्तर से गिरावट के साथ ईरान-इजराइल युद्धविराम के बाद भू-राजनीतिक जोखिम में कमी आई है। केंद्रीय बैंकों ने जून में 50 टन से अधिक सोना खरीदा, जिसका नेतृत्व चीन और तुर्की ने किया, जबकि खासकर यूरोप में व्यापार तनाव के बीच, गोल्ड ईटीएफ में नए सिरे से निवेश देखा गया। हालांकि, बुधवार को चांदी की कीमतें 104,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर और व्यय कटौती विधेयक के राजकोषीय निहितार्थों को लेकर चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग से सोने में तेजी आई है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,342.44 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। नए व्यापार तनाव के बीच सोना 3,350 डॉलर के स्तर के आसपास स्थिर बना हुआ है।

## भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देश होंगे शामिल

नयी दिल्ली। अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू)-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, फिनलैंड, कनाडा, अमेरिका, इजराइल और दक्षिण कोरिया के 150 से अधिक प्रमुख साझेदार, प्रदर्शक और 1000 से अधिक कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (आईईएसडब्ल्यू) भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह का आयोजन कर रहा है। इसमें 20 से अधिक देशों के मंत्रालयों, सरकारी प्रतिनिधियों और कंपनियों की भागीदारी की घोषणा की गयी है। आईईएसडब्ल्यू में उभरती और भविष्य की ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संभावनाएं टटोली जाएंगी। इसमें वीआरएफबी (वैनेडियम रेडोक्स फ्लो बैटरीज) सॉलिड-स्टेट बैटरी, लिथियम सल्फर, सोडियम आयन आदि शामिल हैं। इस कार्यक्रम की एक खासियत यह है कि इसमें अत्याधुनिक समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# ईएसआईसी की नियोक्ता, कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू

नयी दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी। यह योजना एक जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम



सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से वैध माना जाएगा। पंजीकरण से पहले की अवधि के लिए कोई योगदान या लाभ लागू नहीं होगा। पंजीकरण के पहले की अवधि के लिए नियोक्ता से कोई निरीक्षण या पिछले रिकॉर्ड की मांग नहीं की जाएगी। यह योजना पिछली तारीख से दंडात्मक प्रावधान होने का भय दूर करके और पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाकर स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करती है। इस योजना के आने से पहले, निर्दिष्ट समयसीमा के भीतर पंजीकरण न कराने पर कानूनी कार्वाई हो सकती थी और पिछली तिथि से बकाया राशि की मांग भी की जा सकती थी। एसपीआरईई-2025 योजना इन सभी बाधाओं को दूर करती है। इसका उद्देश्य पंजीकरण से बचे हुए प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के दायरे में लाना और व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाकर और पिछली देनदारियों से छूट देकर यह योजना नियोक्ताओं को अपना कार्यबल नियमित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि अधिक से अधिक श्रमिकों, खासकर संविदा क्षेत्रों में काम करने वालों, की ईएसआई अधिनियम के तहत आवश्यक स्वास्थ्य और सामाजिक लाभ तक पहुंच हो।

## फ्लाई विद कॉन्फिडेंस के साथ सशक्त होंगी महिलाएं

नई दिल्ली। वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने ड्यूगार्डन फ्लाई सैनिटरी नैपकिन लॉन्च करने का एलान किया है। वीमेन हाइजीन कैटेगरी में यह एक क्रांतिकारी कदम है। कैंपेन टैगलाइन फ्लाई विद कॉन्फिडेंस के साथ ब्रांड का लक्ष्य पीरियड केयर को नए सिरे से परिभाषित करना है। इससे महिलाएं कम्फर्ट, फ्रीडम और सेल्फ एश्योरेंस के साथ महीने के हर दिन को गले लगाकर आगे बढ़ सकेंगी। ड्यूगार्डन फ्लाई को आज की डायनामिक महिलाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, फिर बात चाहे फ्रंट से जिम्मेदारी संभालने की हो, नए एडवेंचर तलाशने की हो या बस अपने लिए थोड़े से सुकून के पल तलाशने की हो। इसके कॉटन सॉफ्ट टॉप लेयर बेहतरीन प्रोटेक्शन और ऑल-डे कम्फर्ट मिलता है।

# क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े उपलब्ध करायें

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने बुधवार को राव का यह संबोधन अपनी वेबसाइट पर जारी किया। राव ने कहा कि हमें क्रेडिट सूचना के बारे में अधिक और लगातार जानकारी की उम्मीद करनी चाहिए। वास्तविक समय या लगभग वास्तविक




समय पर क्रेडिट सूचना मिलने से जोखिम आकलन की परिशुद्धता बढ़ेगी, ऋण खाते को बंद करने या पुनर्भुगतान जैसी उधारकर्ता गतिविधियों को दर्शाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ता का अनुभव भी बेहतर होगा। इस अवसर पर राव ने यह माना कि प्रौद्योगिकी, प्रक्रिया पुनर्चना और परिवर्तन प्रबंधन में निवेश होने से इसमें लागत आएगी लेकिन यह राशि उससे होने वाले फायदों से कहीं कम होगी। उन्होंने कहा कि एक अन्य प्रमुख चुनौती पहचान मानकीकरण की है। सीआईसी सटीक और मान्य पहचान देने के लिए क्रेडिट संस्थानों पर निर्भर है। इसके बिना दोहराव और गलत रिपोर्टिंग का जोखिम बना रहता है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने जटिल कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल के इस्तेमाल से मॉडल संबंधी जोखिम को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि इनका पूरी तरह परीक्षण, सत्यापन या पूर्वाग्रहों और प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के लिए निगरानी नहीं होने से समस्या होती है।

## पेज एक का शेष

### कोरोना टीकों

से पुष्टि होती है कि भारत में कोविड-19 टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं तथा इनके गंभीर दुष्प्रभाव के मामले बेहद कम हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि अचानक हृदयाघात के पीछे आनुवांशिक कारण, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं जैसे कई कारण हो सकते हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी खासकर 18 से 45 वर्ष के वयस्कों में अचानक और अस्पष्ट कारणों से मौत की वजहों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

इस उद्देश्य के लिए दो पूरक अध्ययन किए गए, जिनमें अलग-अलग शोध पद्धतियों का उपयोग किया गया। एक अध्ययन पूर्ववर्ती डेटा (पिछले रिकॉर्ड) पर आधारित था, जबकि दूसरा वास्तविक समय की जांच पर केंद्रित था।

मंत्रालय ने कहा कि इस अध्ययन को मई से अगस्त 2023 के बीच देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 47 तृतीयक स्तर के अस्पतालों में किया गया।

अध्ययन में उन व्यक्तियों को शामिल किया गया जो देखने में पूरी तरह स्वस्थ थे, लेकिन अक्टूबर 2021 से मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गयी। निष्कर्षों से यह स्पष्ट रूप से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। दूसरे अध्ययन का शीर्षक है युवाओं में अचानक मौत के कारणों की पहचान। इस अध्ययन को वर्तमान में एम्स, नयी दिल्ली द्वारा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग और वित्तपोषण से किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि इस अध्ययन का उद्देश्य युवाओं की अचानक मौत के सामान्य कारणों की पहचान करना है। इस अध्ययन से प्राप्त शुरुआती आंकड़ों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि हृदयाघात इस आयु वर्ग में अचानक मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। यह अध्ययन बताता है कि भारत में युवाओं में अचानक हुई मौत के कारणों की प्रवृत्ति में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं देखा गया है। अधिकांश मामलों में जेनेटिक म्यूटेशन (आनुवंशिक उत्परिवर्तन) को संभावित कारण के रूप में पहचाना गया है। अध्ययन पूरा होने के बाद अंतिम निष्कर्ष साझा किए जाएंगे। इन दोनों अध्ययनों ने मिलकर भारत में 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में होने वाली अचानक मृत्यु के कारणों की बेहतर और व्यापक समझ प्रदान की है। बयान में कहा गया है कि यह भी पाया गया है कि कोविड-19 टीकाकरण से जोखिम नहीं बढ़ता है, जबकि अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याएं, आनुवांशिक प्रवृत्ति और जोखिम भरी जीवनशैली की अचानक मौत के मामलों में भूमिका होती है। बयान में कहा गया है, वैज्ञानिक विशेषज्ञों ने दोहराया है कि कोविड टीकाकरण को अचानक मौतों से जोड़ने वाले बयान झूठे और भ्रामक हैं और इन्हें वैज्ञानिकों की आम सहमति प्राप्त नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि निर्णायक साक्ष्यों के बिना किए गए अटकलों पर आधारित दावे न केवल भ्रामक होते हैं, बल्कि टीकों पर जनता के भरोसे को कमजोर भी कर सकते हैं, जबकि इन टीकों ने कोविड-19 महामारी के दौरान लाखों जानें बचाने में अहम भूमिका निभाई है। उसने कहा कि ऐसे बेबुनियादी दावों से देश में टीका लगवाने को लेकर झिझक को बढ़ावा मिल सकता है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा है कि अकेले हासन जिले में ही पिछले महीने दिल के दौरे से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने एक्स पर कहा, राज्य सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है। इन मौतों के वास्तविक कारण का पता लगाने और समाधान खोजने के लिए जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च के निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है और उन्हें 10 दिन के भीतर अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### जनता की हर

कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### यूपी में सीआरआई

सुदृढ़ीकरण के कामों को भी पूरा करने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 1,111 करोड़ की लागत से 10 सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति दी थी जिस पर मौजूदा वित्तीय वर्ष में काम होना प्रस्तावित है। इनमें से हर पुल के निर्माण में 50 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि खर्च की जाएगी। इनके पूरा होने से कनेक्टिविटी में विस्तार के साथ ही उचित यातायात प्रबंधन में भी मदद मिलेगी।

### पांच देशों

ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को भी इसमें शामिल कर इसका विस्तार किया गया।

मोदी ने प्रस्थान के समय अपने बयान में कहा, हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समतापूर्ण, न्यायसंगत, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं। मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और ग्लोबल साउथ के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए पांच देशों की यात्रा कर रहे हैं। वह इस यात्रा के दौरान ब्राजील के अलावा घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया भी जाएंगे। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है, जिन्हें विकासशील, अल्प विकसित या अविकसित माना जाता है तथा जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यात्रा के पहले चरण में मोदी घाना जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर वह बुधवार और बृहस्पतिवार को वहां रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा होगी। मोदी ने कहा कि घाना ग्लोबल साउथ में एक महत्वपूर्ण साझेदार है तथा अफ्रीकी संघ एवं पश्चिमी अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने तथा निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण एवं विकास साझेदारी के क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खोलने के उद्देश्य से होने वाली वार्ताओं के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा हम दोनों लोकतांत्रिक देश हैं। ऐसे में घाना की संसद में संबोधन देना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। वह घाना की यात्रा के बाद त्रिनिदाद एवं टोबैगो जाएंगे जिसके साथ भारत के गहरे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध हैं। इस यात्रा के दौरान मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ वार्ता करेंगे। कंगालू इस वर्ष के प्रवासी भारतीय दिवस में मुख्य अतिथि थीं। मोदी ने कहा भारतीय पहली बार 180 वर्ष पूर्व त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे थे। यह यात्रा हमें एकजुट करने वाले पूर्वजों और रिश्तेदारों के विशेष बंधनों को पुनर्जीवित करने का अवसर प्रदान करेगी। इसके बाद मोदी ब्यूनस आयर्स जाएंगे जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना लातिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है और जी-20 में एक करीबी सहयोगी है।

मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ वार्ता करने के लिए उत्सुक हैं। मोदी और माइली की पिछले वर्ष भी मुलाकात हुई थी। मोदी ने कहा, हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी एवं निवेश के क्षेत्रों सहित पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

वह छह और सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स को लेकर प्रतिबद्ध है।

शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी विश्व के कई नेताओं से मिलेंगे। उन्होंने कहा, मैं ब्रासीलिया की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा करूंगा, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा ब्राजील के साथ हमारी घनिष्ठ साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र एवं राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ मिलकर वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

मोदी यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया जाएंगे जिसे उन्होंने उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष के साझा इतिहास वाला भारत का एक विश्वसनीय साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मिलेंगे और दोनों देशों के लोगों, क्षेत्रों एवं व्यापक ग्लोबल साउथ के कल्याण के लिए सहयोग का एक नया खाका तैयार करेंगे। उन्होंने कहा, नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करना सम्मान की बात होगी। हम स्वतंत्रता और विकास के लिए अपनी स्थायी एकजुटता और साझा प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हैं। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि इन पांच देशों की उनकी यात्रा से ग्लोबल साउथ में भारत के संबंध और मैत्री सुदृढ़ होगी, अटलांटिक के दोनों ओर साझेदारी मजबूत होगी तथा ब्रिक्स एवं अफ्रीकी संघ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी गहरी होगी।

### पहलगाम हमले

बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष का जिक्र नहीं किया। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान में उनके समकक्ष ताकेशी इवाया शामिल हुए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा की, जिसमें 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। विदेश मंत्रियों ने कहा हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी घायलों के शीघ्र एवं पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

उन्होंने कहा, हम इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, इसे अंजाम देने वालों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान करते हैं और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित प्राधिकारों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें। क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों ने पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर में चीन बढ़ती सैन्य की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई।

### कोकून की

है, बल्कि अन्य राज्यों में भी काफी अधिक पसंद की जा रही है, क्योंकि तमाम जगहों पर एक्सपो का आयोजन किया जाता है, जिसमें उत्तराखंड के सिल्क साड़ियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है। जिसके चलते टर्नओवर बढ़ता जा रहा है। किसानों को कोकून के बीज समय पर उपलब्ध हो, इसके लिए सरकार काम कर रही है।




# भारत ने इंग्लैंड को 24 रन से हरा

## अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से इस श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली

एजेंसी

ब्रिस्टल। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस तरह से मंगलवार की रात को मिली जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था। अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

स्पिनरों की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में सात विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। जीत के बाद हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। आज हमारी पूरी टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ है। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (03), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (01) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं।




इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर तीन विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव भी रखी। रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके लगाने वाली अमनजोत ने ऋचा घोष (22 गेंदों पर नाबाद 32) के साथ 57 रन की साझेदारी की, जिससे भारत यहां महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने में सफल रही। भारतीय टीम ने अंतिम 10 ओवरों में 117 रन बनाए।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध

बर्मिंघम। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को एक महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने पिछले नौ मैच में से सिर्फ एक जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में पांच विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी तीन मैच गंवाए। उन्होंने कहा आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है।

## आईसीसी : बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार




दुबई। भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं। वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

## संक्षेप

### मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी व पूजा को दो पदक पक्के

अस्ताना (कजाखस्तान)। मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिये। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5 . 0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4 .1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरूष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### बुमराह लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे : शुभमन

बर्मिंघम। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे। गिल ने कहा हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### खो-खो सुधांशु मित्तल फिर केकेएफआई के अध्यक्ष चुने

नयी दिल्ली। भाजपा नेता सुधांशु मित्तल बुधवार को फिर भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष चुने गए जबकि उपकार सिंह विर्क इसके नए सचिव बने। केकेएफआई की बैठक में हुए चुनाव की देखरेख सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश और निर्वाचन अधिकारी कामिनी लाउ ने की। महाराष्ट्र खो खो संघ के गोविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पंजाब खो खो संघ के विर्क पिछली संचालन संस्था में संयुक्त सचिव थे जबकि शर्मा कार्यकारी सदस्य थे। खो खो की संचालन संस्था में आठ उपाध्यक्ष और चार संयुक्त सचिव शामिल हैं। परिणामों की घोषणा के बाद मित्तल ने कहा, फिर से भारतीय खो खो महासंघ के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपा जाना सम्मान की बात है। पूर्व भाजपा सांसद मित्तल ने यह भी कहा कि खो खो जैसे पारंपरिक खेलों को एशियाई खेलों और ओलंपिक जैसे टूर्नामेंट का हिस्सा होना चाहिए।

## गुइरासी के दो गोल से डॉर्टमंड क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी




अटलांटा (अमेरिका)। सेरहो गुइरासी ने पहले हाफ में दो गोल किए, जिससे बोरूसिया डॉर्टमंड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच में मॉन्टेरी को 2-1 से हरा दिया। गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में गोल किए जो डॉर्टमंड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे। इन दोनों गोल में करीम अदीमी ने उनकी मदद की। वह अपने इस क्लब की तरफ से अभी तक कुल 37 गोल कर चुके हैं। पराजित टीम की तरफ से एकमात्र गोल जर्मन बर्टेरामे ने किया। क्वार्टर फाइनल में डॉर्टमंड का सामना शनिवार को न्यू जर्सी में रियाल मैड्रिड से होगा।

**गोंजालो गार्सिया के गोल से रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में**

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियाल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। गार्सिया को 68वें मिनट में बाहर भेज दिया गया, जबकि एमबाप्पे ने क्लब विश्व कप में पदार्पण किया। बीमारी के कारण वह कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहे और ग्रुप चरण के तीनों मैच में नहीं खेल पाए थे।

**भारतीय के मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से पद छोड़ा**

नयी दिल्ली। आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने पीटीआई को बताया एआईएफएफ और मनोलो ने दोनों पक्षों पर कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है।

इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द ही मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा। स्पेन के मारक्वेज को जून 2024 में दो साल के कार्यकाल के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पिछले साल उन्होंने दोहरी भूमिका निभाई थी क्योंकि वह 2024-25 सत्र में इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच भी थे। भारत 10 जून को एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के एक मैच में निचली रैंकिंग वाले हांगकांग से 0-1 से हार गया।

## दूसरा टेस्ट : भारत का चौथा विकेट गिरा, 182 रन

एजेंसी






बर्मिंघम। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 4 विकेट खोकर 208 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और नीतीश कुमार रेड्डी नाबाद हैं। गिल ने टेस्ट करियर में 8वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। ऋषभ पंत 25 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें शोएब बशीर ने जैक क्रॉली के हाथों कैच कराया। यशस्वी जायसवाल (87 रन) को बेन स्टोक्स, करुण नायर (31 रन) को ब्रायडन कार्स और केएल राहुल (2 रन) को क्रिस वोक्स ने पवेलियन भेजा। शुभमन गिल ने टेस्ट करियर ने 8वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 57वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर के ओवर की चौथी बॉल पर चौका लगाकर हाफ सेंचुरी पूरी की। ऋषभ पंत उनका साथ दे रहे हैं। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के बार-बार कहने के बाद फील्ड अंपायर्स ने गेज टेस्ट के बाद बॉल चेंज कर दी है। यह टेस्ट बॉल का आकार जांचने के लिए किया जाता है। गेज टेस्ट में बॉल को एक छल्ले से गुजारा जाता है, यदि बॉल बिना फंसे निकल जाती है, तो उसी गेंद से खेल जारी रखा जाता है। यदि बॉल छल्ले में फंस जाती है, तो अंपायर्स फील्डिंग कैप्टन के कहने पर बॉल बदल देते हैं। पहले दिन के दूसरे सेशन में भारतीय टीम ने 84 रन बनाए, हालांकि टीम को एक झटका भी लगा। 28 ओवर के इस सेशन में यशस्वी जायसवाल 87 रन बनाकर आउट हुए। टी-ब्रेक पर कप्तान शुभमन गिल 42 रन पर नाबाद लौटे।

ऋषभ पंत उनका साथ दे रहे हैं। 46वें ओवर की पहली बॉल पर भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 87 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। स्टोक्स ने जायसवाल को टेस्ट में दूसरी बार आउट किया है। 41वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। शोएब बशीर के ओवर की 5वीं बॉल पर गिल ने चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया। 41वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने कप्तान शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। उन्होंने शोएब बशीर की चौथी बॉल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 35वें ओवर की चौथी बॉल पर इंग्लैंड ने पहला रिव्यू गंवा दिया है। ब्रायडन कार्स की बॉल गिल के पैड पर लगी। इंग्लिश के प्लेयर्स ने जोरदार अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। ऐसे में कप्तान बेन स्टोक्स ने ऊफर की मांग की, लेकिन रिप्ले देखने से पता चला कि बॉल ने बैट का किनारा लिया था। ऐसे में इंग्लैंड को रिव्यू गंवाना पड़ा। लंच के बाद पहले ही ओवर में भारत ने 100 रन पूरे कर लिए। यशस्वी जायसवाल ने ब्रायडन कार्स के ओवर में 2 रन लिए और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। मैच का पहला सेशन दोनों टीमों के नाम रहा। 25 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश गेंदबाजों ने भारतीय टीम के 2 बैटर्स को पवेलियन भेज दिया।

इसमें भारत ने 98 रन बनाए। ओपनर केएल राहुल 2 और करुण नायर 31 रन बनाकर आउट हुए। लंच पर यशस्वी जायसवाल 62 रन पर नाबाद लौटे। 24वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ब्रायडन कार्स ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। 22वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने जोश टंग के ओवर की तीसरी, चौथी और पांचवीं बॉल पर चौके लगाए।

## बास्केटबाल चैम्पियनशिप के फाइनल में जयपुरिया व डीपीएस एल्डिको





लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बीच जारी इंटर स्कूल बॉयज एवं गर्ल्स बास्केटबाल चैंपियनशिप के सेमी फाइनल मुकाबलों का आयोजन बुधवार को एसकेडी अकैडमी, वृन्दावन योजना स्थित बास्केटबाल कोर्ट पर किया गया।

बॉयज टीम के मुकाबले सेठ एआर जयपुरिया स्कूल अंसल और स्काईलार्क वर्ल्ड स्कूल के बीच और दूसरा मुकाबला डीपीएस एल्डिको तथा जी डी गोयनका स्कूल के बीच खेला गया जिसमें एआर जयपुरिया और डीपीएस एल्डिको की टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। गर्ल्स टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले डीपीएस एल्डिको तथा जी डी गोयनका स्कूल की टीमों और सेठ एआर जयपुरिया स्कूल व एसकेडी अकैडमी, वृन्दावन योजना के बीच खेले गये। गर्ल्स टीमों के मुकाबलों में डीपीएस एल्डिको तथा सेठ एआर जयपुरिया स्कूल की टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बता दें कि इस मुकाबलों का आयोजन विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत किया जा रहा है। लीग के सातवें चरण में आयोजित इस बास्केटबाल चैम्पियनशिप में 26 बॉयज और 23 गर्ल्स टीमों ने हिस्सा लिया है, और अब तक 48 मैच खेले गये। गौरतलब है की युवाओं को फिट, एक्टिव रखने उन्हें खेल संसाधन तथा प्लेटफॉर्म दिलाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग की शुरूआत 4 दिसंबर 2022 को अंडर - 19 गर्ल्स बास्केटबाल टूर्नामेंट के आयोजन के साथ की गयी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की करीब 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। दूसरे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 3,500 खिलाडियों ने हिस्सा लिया, तीसरे चरण में फुटबॉल टूनामेंट, चौथे चरण में वॉलीबॉल चैंपियनशिप, पांचवे चरण में इंटर मंडल क्रिकेट चैम्पियनशिप और छठे चरण में पुनः इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

- युवाओं को स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रहे डॉ. राजेश्वर सिंह : एसकेडी अकैडमी में खेले गये बास्केटबाल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल
- डॉ. राजेश्वर सिंह ने बनाया लखनऊ का सबसे बड़ा यूथ स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म : सातवें चरण में हो रहा इंटर स्कूल बास्केटबाल चैम्पियनशिप का आयोजन
- सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग खेलों के माध्यम से युवाओं को सशक्त करने का राजेश्वर मॉडल

इस चैम्पियनशिप में 158 मुकाबले खेले गए, 166 टीमों के 2400 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इंटर स्कूल चैम्पियनशिप का ग्रैंड फिनाले 14 फरवरी को जय जगत ग्राउंड पर खेला था। छठवें चरण में आयोजित क्रिकेट चैम्पियनशिप 123 दिन चली जो लखनऊ की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बनी जिसमें 2400 से अधिक खिलाडियों ने लिया हिस्सा था।

## विंबलडन : जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत

एजेंसी



लंदन। नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की चमत्कारिक गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में 72वीं रैंकिंग वाले आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

पिछले वर्ष विम्बलडन और इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया में 126वें नंबर के खिलाड़ी और यहां क्वालीफायर बेसिलशविली अपने पिछले 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। विंबलडन में मंगलवार को उलटफेर का दौर जारी रहा तथा महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष और 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे। दूसरे दिन बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों में 18वें नंबर के उगो हम्बर्ट, 27वें नंबर के डेनिस शापोवालेव, 28वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक और 30वें नंबर के एलेक्स मिशेलसन शामिल थे।

### ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को अलविदा कहा

लंदन। दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने मंगलवार को यहां अमेरिका की ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ अपने पसंदीदा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की 35 साल की क्वितोवा को 10वीं वरीय नवारो के खिलाफ सीधे सेट में 3-6,1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 और 2014 में यहां खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। भावुक क्वितोवा ने मैच के बाद कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है। उन्होंने कहा मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता।

# लालू ने बिहार के लोगों को धोखा दिया

## बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान छोटी भूल नहीं: राजनाथ सिंह



पटना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया जाना कोई छोटी गलती नहीं है और यह दलितों के प्रति अनादर की मानसिकता को दर्शाता है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने यह टिप्पणी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में की। यह बैठक बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आयोजित की जा रही है। सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद ने अपने पैरों के पास बाबासाहेब आंबेडकर की तस्वीर रखवाई थी। यह कोई छोटी गलती नहीं थी, बल्कि (यह) दलितों के प्रति अनादर की मानसिकता को दर्शाती है... बिहार को उन लोगों ने धोखा दिया है, जो समाजवाद की आड़ में अपने सामंती रवैये को छिपाते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री प्रसाद उस वीडियो क्लिप को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं, जिसमें आंबेडकर की तस्वीर उनके पैरों के पास देखी गई थी। यह उस दिन की घटना है जब लोग राजद प्रमुख को 78वें जन्मदिन पर बधाई देने उनके आवास पर आए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले महीने सीवान जिले में एक रैली में राजद सुप्रीमो पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्हें बिहार और देश के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। हालांकि राजद ने स्पष्टीकरण दिया था कि तस्वीर एक समर्थक के हाथ में थी और भ्रम की स्थिति के लिए कैमरे के कोण को जिम्मेदार ठहराया था। इससे पहले, भाजपा बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बैठक शुरू होने से पहले कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान करने के कारण लालू प्रसाद के खिलाफ पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि एक घंटे से अधिक लंबा भाषण दिया। उन्होंने प्रसाद पर कर्पूरी ठाकुर का शिष्य होने का दावा करने लेकिन निजी तौर पर उनके (ठाकुर के) खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करके अपनी दोहरी मानसिकता प्रदर्शित करने का आरोप लगाया। रक्षा मंत्री ने दावा किया, मैं इसे मुद्दा नहीं बना रहा हूं, (बल्कि) इसका उल्लेख वरिष्ठ पत्रकार संकर्षण ठाकुर ने अपनी पुस्तक ब्रदर्स बिहारी में विस्तार से किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब लालू प्रसाद सत्ता में थे, तो उन्होंने कर्पूरी ठाकुर की याद में कुछ भी करने की जहमत नहीं उठाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के इस महान सपूत को भारत रत्न से सम्मानित किया। भाजपा नेता ने कहा कि हम अतीत के बारे में बात करते रहते हैं ताकि युवा पीढ़ी राजद-कांग्रेस गठबंधन की बकवास बातों में न फंस जाए। उन्हें (युवाओं को) यह बताने की जरूरत है कि कैसे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) ने अंधेरे को दूर करने के बजाय घरों में आग लगा दी। उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले कुछ दशकों में जब भी राज्य में जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार रही, तब बिहार ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। सिंह ने कहा कि इस अवधि में न केवल आर्थिक विकास हुआ, बल्कि बिहार ने अपना खोया हुआ गौरव भी हासिल करना शुरू कर दिया। अंतरराष्ट्रीय पत्रिका द इकोनॉमिस्ट ने कभी बिहार को भारत का अभिशाप कहा था, लेकिन बाद में इसकी (राज्य की) बदलाव की कहानी पर ध्यान देना पड़ा।

# जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों के समावेशी विकास को केंद्र प्रतिबद्ध



जम्मू। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती क्षेत्रों के समावेशी विकास के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय निवासियों के साहस की सराहना की। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि सिन्हा यहां अरनिया सेक्टर के सीमावर्ती गांव चांगिया में अपने दौरे के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। सिन्हा ने दाती मां देव स्थान पर भी पूजा-अर्चना की।

उन्होंने बृहस्पतिवार से शुरू हो रही अमरनाथ तीर्थयात्रा के सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न होने के लिये प्रार्थना की। बुधवार सुबह जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से उपराज्यपाल ने 5,892 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। सिन्हा ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती गांवों के निवासियों द्वारा दिखाए गए साहस की सराहना की, जब भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम हमले के जवाब में सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमले किए थे। चार दिनों तक चले संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने सीमावर्ती गांवों पर भारी मोर्टार और तोपखाने से गोलाबारी की, ड्रोन और मिसाइल हमले किए, उसके बाद दोनों देशों ने सैन्य कार्वाई रोकने पर सहमति जताई। सिन्हा ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्र रक्षा की पहली पंक्ति हैं। जीवंत ग्राम कार्यक्रम बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से हमारे सीमावर्ती गांवों में बदलाव ला रहा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस क्षेत्र के गांवों को इस कार्यक्रम के तहत शामिल किया जाए। उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि पवित्र दाती मां देव स्थान को धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिलाने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

## संक्षेप

### धार्मिक न्यास बोर्ड के गठन में ब्राह्मणों की उपेक्षा : कांग्रेस

पटना। कांग्रेस की बिहार इकाई के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार झा ने बुधवार को राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर धार्मिक न्यास बोर्ड के गठन में ब्राह्मण समुदाय की घोर उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि यदि ब्राह्मणों के तिरस्कार और अपमान का यह रवैया नहीं बदला तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समूचे प्रदेश में पुरजोर विरोध का सामना करना पड़ेगा। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले महीने राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया था और इसका अध्यक्ष भाजपा नेता रणवीर नंदन को बनाया। राज्य सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के दामाद सायन कुणाल समेत 10 लोगों को बोर्ड में सदस्य नामित किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य झा का दावा है कि ब्राह्मण समुदाय से किसी को भी इस बोर्ड में जगह नहीं दी गई। झा ने एक बयान में कहा, बिहार में राजग की सरकार ने जो धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया है, उसमें ब्राह्मण समाज से एक व्यक्ति को भी सदस्य बनाने की जरूरत नहीं समझी। ये एक बड़ी साजिश है।...ब्राह्मणों के अपमान का प्रयास किया गया है। धर्म और धार्मिक स्थलों की रक्षा तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण में ब्राह्मण समुदाय ने अग्रणी भूमिका निभाई है।

# खाद की कमी के संकट से जूझ रहे हैं किसान : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि चीन द्वारा स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर की आपूर्ति रोके जाने के कारण यूरिया और डीएपी जैसे जरूरी खाद की कमी से किसान जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार की कोई तैयारी नहीं है।

राहुल गांधी ने खबरों का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, भारत कृषि प्रधान देश है और किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ (हैं)। लेकिन आज यही रीढ़ विदेशी निर्भरता के कारण झुकती जा रही है। भारत 80 प्रतिशत स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर चीन से मंगाता है और अब चीन ने आपूर्ति रोक दी है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि यूरिया और डीएपी जैसे जरूरी खादों की कमी से देश भर का किसान अब तक जूझ ही रहा है कि अब स्पेशियलिटी खाद का चीनी संकट मंडराने लगा। राहुल गांधी ने दावा किया कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी खाद की बोरियों पर अपनी तस्वीरें छपवा रहे हैं और दूसरी तरफ किसान मेड इन चाइना पर आश्रित होते जा रहे हैं। यह आपूर्ति कभी भी रुक सकती है।

# ईरानी राष्ट्रपति ने संरा की परमाणु एजेंसी के साथ सहयोग निलंबित करने का आदेश दिया



दुबई। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देश के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग निलंबित करने का कथित तौर पर आदेश दिया। ईरान के सरकारी मीडिया ने राष्ट्रपति के इस फैसले की जानकारी दी है।

ईरान की संसद ने आईएईए के साथ सहयोग निलंबित करने के संबंध में एक कानून पारित किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस कानून को संवैधानिक निगरानी निकाय की मंजूरी भी मिल गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इस कदम के संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए के लिए क्या मायने हैं। विएना स्थित यह एजेंसी वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करती आ रही है। एजेंसी ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। कानून पारित होने के बाद ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को इस विधेयक के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हालांकि, इस परिषद ने सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन चूंकि राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान इस परिषद के अध्यक्ष हैं, इसलिए उनका यह कथित आदेश इस ओर संकेत करता है कि विधेयक को लागू किया जायेगा। हालांकि, ईरान की धर्मतांत्रिक सरकार के तहत परिषद को विधेयक को अपनी सुविधानुसार लागू करने की स्वतंत्रता है।

# हिमाचल के साथ भाजपा का सौतेला व्यवहार और केंद्र तत्काल मदद जारी करे : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के बाद बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है तथा केंद्र सरकार ने पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं कराई।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को हिमाचल प्रदेश में आपदा से संबंधित बकाया राशि तत्काल प्रभाव से जारी करनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ। इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल के नुक़सान की ख़बर बेहद पीड़ादायक है। सरकार और प्रशासन युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे जनमानस को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं। केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल प्रदेश की जो आपदा संबंधी राशि बकाया है, उसे तत्काल प्रभाव से जारी किया जाए। खरगे ने दावा किया, इस वर्ष बारिश शुरू होने से पहले ही हिमाचल सरकार ने केंद्र से कुल 9,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की थी। 2023 की त्रासदी में कांग्रेस की राज्य सरकार ने 4,500 करोड़ रुपये की विशेष सहायता जारी की थी, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने राज्य को केवल 433 करोड़ रुपये ही दिए थे। उनके अनुसार, अब हाल ही में आनन-फ़ानन में 2023 के लिए मोदी सरकार ने जो 2,000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है, उसका श्रेय लेने में भाजपा जुटी है, पर राहत की राशि अभी लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का हिमाचल प्रदेश के प्रति सौतेला व्यवहार है। आशा है कि इस बार के नुक़सान में भाजपा श्रेय के बजाय मदद करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण कई लोगों की जान जाने और कइयों के लापता होने की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है।

# स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाला जहाज पलटा, चार की मौत



काहिरा (मिस्र)। स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाले एक जहाज के पलट जाने से चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेल निकालने वाला जहाज मंगलवार शाम को लाल सागर के उत्तर पश्चिमी भाग और एक अहम समुद्री मार्ग स्वेज की खाड़ी के अफ्रीकी हिस्से से सटे रास घरेब शहर के पास पलट गया। लाल सागर प्रांत के गवर्नर अमर हनाफी ने कहा कि जहाज पलटने के वक्त उसमें 30 कर्मचारी सवार थे। उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने चार शव बरामद किए और 22 अन्य को बचाया, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मिस्र की नौसेना के जहाज खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गए हैं। चालक दल के लापता चार सदस्यों की तलाश में रात भर तलाश अभियान चलाया गया। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि घटना गैबेल एल-जीत नामक क्षेत्र में हुई, जो स्वेज नहर के दक्षिण में लगभग 300 किलोमीटर (186 मील) की दूरी पर स्थित मिस्र का एक प्रमुख तेल उत्पादन स्थल है। इस घटना के कारण नहर से गुजरने वाले जहाजों को कोई परेशानी नहीं हुई। स्वेज नहर स्वेज की खाड़ी को भूमध्य सागर से जोड़ती है।

# पुतिन और मैंक्रो ने की फोन पर पश्चिम एशिया, यूक्रेन पर चर्चा



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मक्रों ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की।

उनकी यह बातचीत ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले के बाद हुई है। पुतिन और मैक्रों के बीच लगभग तीन साल बाद फोन पर बात हुई है। क्रेमलिन प्रेस कार्यालय ने बताया कि बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के रूप में पश्चिम एशिया में स्थिरता बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी पर जोर दिया। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने ईरान के असैन्य परमाणु अनुसंधान के अधिकार को रेखांकित किया। यूक्रेन में स्थिति पर चर्चा करते हुए पुतिन ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से कहा कि पश्चिम ने मॉस्को के हितों की अनदेखी करके तथा उस देश में रूस के विरुद्ध मोर्चा बनाकर यूक्रेन में संघर्ष को बढ़ावा दिया है।

## इंटरटेनमेंट...

# नसीरुद्दीन शाह ने दिलजीत के सपोर्ट वाली पोस्ट की डिलीट



**मुंबई**। पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ फिल्म सरदार जी 3 में काम करने पर दिलजीत दोसांझ को देशद्रोही कहा जा रहा था। इस दौरान नसीरुद्दीन शाह ने दिलजीत का सपोर्ट कर रहा था कि वो उनके साथ खड़े हैं।

हालांकि अब उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है। नसीरुद्दीन शाह ने अपने फेसबुक पर साइंटिस्ट और फिलोसोफर जॉर्ज क्रिस्टोफ लिचेनबर्ग की लिखी बात शेयर की। उन्होंने लिखा, 'किसी की दाढ़ी जलाए बिना भीड़ के बीच सत्य की मशाल ले जाना लगभग असंभव है। कई फैंस जहां नसीरुद्दीन शाह की बेबाकी की सराहना कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग उनकी दिलजीत को सपोर्ट करने पर आलोचना कर रहे हैं। नसीरुद्दीन शाह अगर आपकी 'सत्य की मशाल' तभी जलती है जब वह आपके झुकाव की चापलूसी करती है और सुविधाजनक रूप से किसी भी ऐसी चीज को जला देती है जिससे आप असहमत होते हैं। अगली बार, पोस्ट डिलीट करने और कविता सुनाने से पहले, इस बात पर विचार करें। हर राय को मंच की जरूरत नहीं होती, खासकर तब जब वह चुनिंदा यादों के कारण मंद रोशनी में हो। सोशल मीडिया आपके ज्ञान के रंगमंच के बिना भी ठीक से चल सकता है। नसीरुद्दीन शाह अगर 'सत्य की मशाल' को थामने का मतलब चुनिंदा आक्रोश फैलाना, पीड़ित की भूमिका निभाना और पकड़े जाने पर पोस्ट डिलीट करना है, तो शायद मशाल को छोड़ने का समय आ गया है और टाइमलाइन को भी। हां, अब भारत में राष्ट्रविरोधी भावनाएं रखना असंभव है। आप जैसे राष्ट्रविरोधियों को अब लोग पॉइंट आउट कर रहे हैं।

**अब बोले– किसी की दाढ़ी जलाए बिना भीड़ में सत्य की मशाल ले जाना लगभग असंभव**

बताते चलें कि हानिया आमिर के साथ काम करने पर विवादों से घिरे दिलजीत दोसांझ को नसीरुद्दीन शाह का सपोर्ट मिला था। उन्होंने अपने फेसबुक पर लिखा था, 'मैं दिलजीत के साथ मजबूती से खड़ा हूं। जुमला पार्टी की गंदी चालें चलाने वाला विभाग लंबे समय से उन्हें निशाना बनाने का मौका तलाश रहा था और उन्हें अब लगा कि ये मौका मिल गया है। फिल्म की कास्टिंग का फैसला दिलजीत का नहीं था। वह डायरेक्टर का था। लेकिन डायरेक्टर को कोई नहीं जानता, जबकि दिलजीत पूरी दुनिया में जाना जाता है और उसने कास्टिंग इसलिए स्वीकार की क्योंकि उसके मन में जहर नहीं था। ये गुंडे असल में भारत और पाकिस्तान के लोगों के बीच सीधे संबंध खत्म करना चाहते हैं। मेरे कुछ करीबी रिश्तेदार और प्यारे दोस्त वहां हैं।

### पाक कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट से बैन हटा!

मुंबई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही सभी पाकिस्तानी कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट भारत से रिस्ट्रिक्ट कर दिए गए थे। हालांकि अब उनके सोशल मीडिया अकाउंट से बैन हट चुका है। हालांकि हानिया आमिर और माहिरा खान जैसे कई सेलेब्स ऐसे भी हैं जिनके अकाउंट अब भी रिस्ट्रिक्ट हैं। बॉलीवुड फिल्म सनम तेरी कसम में नजर आ चुकीं पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन का इंस्टाग्राम अब भारत में एक्टिव दिख रहा है। उनके अलावा सबा कमर, युमना जैदी, दानिश तैमूर, अहद रजा मिर जैसे कलाकारों के अकाउंट भी एक्टिव हो चुके हैं। दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म सरदार जी 3 में नजर आईं एक्ट्रेस हानिया आमिर का इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में रिस्ट्रिक्ट है।

# सुनील शेट्टी ने परेश रावल की वापसी पर दी प्रतिक्रिया



**मुंबई**। एक्टर सुनील शेट्टी ने परेश रावल की फिल्म 'हेरा फेरी 3' में वापसी को लेकर कहा कि मैंने भी सुना है फाइन ट्यूनिंग हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अब 'हेरा फेरी 3' की रिलीज के समय पर ही इस पर बात करेंगे। 'हेरा फेरी' सीरीज में सुनील शेट्टी ने घनश्याम (श्याम) का किरदार निभाया है। यूट्यूब चैनल साई

**'हेरा फेरी 3' को लेकर बोले– मैंने भी सुना है फाइन ट्यूनिंग हो गई है**

सफर से बातचीत में फिल्म को लेकर सुनील ने कहा, ३शायद वो एक फिल्म जहां आप सब मिलकर एक साथ देख सकते हो। अगर एक बार आप टीवी चालू कर देते हो तो उसके बाद आपको टेंशन लेने की जरूरत नहीं है, शर्माने की जरूरत नहीं है। आपको पता है कि लोग सिर्फ (फिल्म देखकर) हंसने वाले हैं। बता दें कि 'हेरा फेरी 3' का लोग काफी दिनों से इंतजार कर रहे हैं।

# 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में रोमांटिक सीन पर जताया था ऐतराज



मुंबई। आमिर खान ने हाल ही में फातिमा की दंगल के बाद ठग्स ऑफ हिंदुस्तान में कास्टिंग होने पर बात की है। आमिर ने बताया है कि आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण जैसी कई एक्ट्रेस ने फिल्म करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद फातिमा को फिल्म में साइन किया गया था। आमिर उनके साथ रोमांटिक रोल करना चाहते थे, लेकिन फिल्म के मेकर्स ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। उनका मानना था कि दंगल में आमिर ने फातिमा के पिता का

**फातिमा पर बोले आमिर मैं उसका असल बॉयफ्रेंड नहीं**

रोल किया है, अगर अब दोनों रोमांटिक रोल करेंगे, तो ऑडियंस रिजेक्ट कर देगी। आमिर ने फातिमा की कास्टिंग पर कहा, 'जब हम लोग कास्टिंग कर रहे थे, तो किसी एक्ट्रेस ने फिल्म के लिए हां नहीं बोला। दीपिका ने न बोल दिया, आलिया ने न बोल दिया, श्रद्धा ने न बोल दिया। वो फिल्म पूरी इंडस्ट्री को ऑफर की गई थी, लेकिन वो रोल लॉक ही नहीं हो रहा था। विक्टर और आदी (आदित्य चोपड़ा, फिल्म के प्रोड्यूसर) ने कहा कि फातिमा का टेस्ट बहुत अच्छा है, लेकिन आपके साथ हम उसका रोमांस नहीं रखेंगे। क्योंकि उसमें (दंगल में) आपकी बेटी बनी है, इसमें आपकी गर्लफ्रेंड कैसे बन सकती है। ऑडियंस रिजेक्ट कर देगी इस बात को। आगे आमिर ने कहा, 'मैं ये सब चीजें नहीं मानता हूं। मैं असल में थोड़ी उसका बाप हूं और न असल में उसका बॉयफ्रेंड हूं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com